वर्ष- 12 अंक - 362 लखनऊ, मंगलवार 26 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता : ब्रजेश पाठक 03

सरकार बच्चों की शिक्षा को दे रही सर्वोच्च प्राथमिकता : असीम 09


**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,01,660/ |
| 22 कैरेट | = 93,200/ |
| 18 कैरेट | = 76,260/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,21,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### एसटीएफ ने पकड़ा 50 लाख का गांजा, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गुप्त सूचना के आधार पर मुर्शिदाबाद जिले के उमरपुर इलाके में छापेमारी कर अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया। कार्रवाई के दौरान एसटीएफ ने तीन तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया और उनके पास से करीब 204 किलोग्राम प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख बताई जा रही है। यह छापेमारी एनएच-12 के बेरहामपुर फ्लैंक रोड पर मारुति सुजुकी सर्विस सेंटर के सामने, उमरपुर बस स्टैंड के निकट की गई। मौके से तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बीरभूम के नलहाटी निवासी नूर इस्लाम शेख, मुर्शिदाबाद के जालंगी निवासी मोहम्मद शेख और दार्जिलिंग के माटिगाड़ा निवासी प्रकाश दास के रूप में हुई है।

### दक्षिण के अभिनेता मंगलुरु का निधन, इंडस्ट्री में शोक की लहर

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता दिनेश मंगलुरु का निधन हो गया है। 55 वर्षीय अभिनेता ने उडुपी जिले के कुंदापुरा स्थित अपने घर पर अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरी फिल्म इंडस्ट्री और फैंस शोक में डूब गए हैं। कन्नड़ सिनेमा के निर्देशक केएम चैतन्य ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बीती रात अभिनेता दिनेश मंगलुरु का उनके कुंदापुरा आवास पर निधन हुआ। इससे दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री शोक में है। दिनेश मंगलुरु को बड़े पर्दे पर 'केजीएफ' में बॉम्बे डॉन के दमदार किरदार से खास पहचान मिली थी। यश अभिनीत इस फिल्म में उनका रोल छोटा जरूर था, लेकिन प्रभावशाली अभिनय ने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। वह कन्नड़ सिनेमा के चर्चित चेहरों में शामिल हो गए।

### असम-त्रिपुरा सीमा पर तीन करोड़ की सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**श्रीभूमि (असम)।** असम के बजारीछोरा थाना अंतर्गत त्रिपुरा की अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित चुराईबाड़ी निगरानी चौकी की पुलिस को नशा विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अभियान में कफ सिरप की 30,430 शीशियां बरामद की गईं। पुलिस ने बताया है कि बरामद कफ सिरप की कीमत कालाबाजार में कम से कम तीन करोड़ रुपये है। पश्चिम बंगाल निवासी हमीनुर इस्लाम और शेख अलामीन को मादक कफ सिरप की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि कोलकाता से त्रिपुरा माल लेकर एक ट्रक सोमवार सुबह असम के चुराईबाड़ी निगरानी चौकी पहुंचा। निगरानी चौकी के प्रभारी प्रणब मिली ने एक टीम के साथ ट्रक की तलाशी ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका के साथ की बैठक

# भारत-फिजी की आकांक्षाएं एक नाव पर सवार

▸ भारत व फिजी के बीच हैदराबाद हाउस में हुए आठ समझौते

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिजी के अपने समकक्ष सिटिवेनी राबुका के साथ सोमवार को यहां बैठक के बाद कहा कि दोनों देशों के बीच भले ही महासागरों की दूरी हो, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। भारत और फिजी के बीच यहां के हैदराबाद हाउस में हुई बैठक के दौरान आठ समझौते हुए और 17 घोषणाएं की गईं। दोनों देशों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, साइबर सुरक्षा, मानकीकरण और रक्षा सहयोग से जुड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसमें फिजी में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना, दवाओं की आपूर्ति, कौशल विकास तथा त्वरित प्रभाव परियोजनाओं को लागू करने में सहयोग महत्वपूर्ण हैं।

दोनों देशों ने मानव संसाधन क्षमता निर्माण, तकनीकी सहयोग और गतिशीलता बढ़ाने के लिए भी करार किए। घोषणाओं में भारतीय नौसेना



का फिजी दौरा, रक्षा अटैची की नियुक्ति, एंबुलेंस और चिकित्सा सेवाओं का उपहार, साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना और कृषि क्षेत्र में ड्रोन व मोबाइल सॉयल टेस्टिंग लैब्स की आपूर्ति शामिल है। धार्मिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहयोग के तहत हिंदी-संस्कृत अध्यापक, पंडितों का प्रशिक्षण, जयपुर फुट कैंप और क्रिकेट कोच की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा, 'हील इन इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान होगी तथा भारतीय 'घी' को फिजी के बाजार में प्रवेश मिलेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री राबुका ने आज हैदराबाद हाउस में व्यापक और उपयोगी बातचीत की। इस दौरान रक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, गतिशीलता, लोगों के बीच आपसी संबंधों और एक सुदृढ़ एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में भारत और फिजी के संबंधों को मज़बूत करने पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य सेवा, क्षमता निर्माण, गतिशीलता, मानकीकरण, आईसीईटी और व्यावसायिक सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आईपीओआई फोरम में सदस्य देश के रूप में फिजी का स्वागत भी किया। फिजी के प्रधानमंत्री राबुका 24 से 26 अगस्त तक भारत के आधिकारिक दौरे पर हैं। आज उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ आपसी सहयोग पर व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाया और आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल साउथ की आवाज़ को मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता तथा विकास को प्राथमिकता देने पर बल दिया। फिजी ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन दोहराया। प्रधानमंत्री राबुका ने भारत की मेहमाननवाजी के लिए आभार व्यक्त किया।

### आत्मनिर्भरता बन रही विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला

उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, आज का भारत आत्मनिर्भरता को विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला बना रहा है। मोदी ने गुजरात को दो मोहन की धरती बताते हुए कहा कि एक हैं सुदर्शन चक्रधारी मोहन, यानि द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण और दूसरे हैं चरखाधारी मोहन, यानि पूज्य महात्मा गांधी। उन्होंने कहा कि आज का भारत दोनों महानों के दिखाए मार्ग पर चलकर निरंतर सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा, चरखाधारी मोहन, हमारे पूज्य बापू ने स्वदेशी का रास्ता दिखाया था, लेकिन जिन लोगों ने दशकों तक उनके नाम पर राजनीति की, उन्होंने बापू की आत्मा को ही कुचल दिया। न स्वदेशी अपनाया, न स्वच्छता पर ध्यान दिया। मोदी ने जनता से अपील की कि वे अपने जीवन में 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को अपनाने का संकल्प लें और आने वाले त्यौहारों को आत्मनिर्भरता के उत्सव के रूप में मनाएं। उन्होंने कहा कि आज देश आत्मनिर्भरता को अपनी शक्ति बना रहा है और यही भविष्य के विकसित भारत की नींव है।

### मोदी ने गुजरात को दी 5,400 करोड़ की सौगात

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जिन्होंने दशकों तक गांधी के नाम पर सत्ता का सुख भोगा, उन्होंने न स्वदेशी को अपनाया और न ही स्वच्छता को महत्व दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, बल्कि आयात पर निर्भरता बढ़ाकर भ्रष्टाचार के अवसर पैदा किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा, मेरे देश के छोटे उद्यमी हों, किसान हों, या पशुपालक हों, सभी के लिए, मैं आपसे बार-बार वादा करता हूं, आपका हित मोदी के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने ट्रम्प के टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा- मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों और पशुपालकों पर कभी कोई आंच नहीं आने देगी। चाहे कितना भी दबाव आए, हम झेलने की अपनी ताकत बढ़ाते रहेंगे। अमेरिका भारत पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद के खोडलधाम मैदान में 5,400 करोड़ रुपये की लागत वाली शहरी विकास, ऊर्जा, सड़क और रेलवे से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लगभग 60-65 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने शासन किया और इस दौरान भारत को दूसरों पर निर्भर बनाए रखा। उन्होंने कहा, यह निर्भरता आयात में भ्रष्टाचार का माध्यम बनी और इसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पूज्य बापू के आदर्शों—स्वदेशी और स्वच्छता—को जन-जन तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की साझा प्रतिबद्धता है।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी ने टीएमसी विधायक को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक जीवनकृष्ण साहा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से पहले ईडी ने साहा के मुर्शिदाबाद जिले के बरत्रा स्थित आवास पर पांच घंटे से अधिक समय तक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विधायक ने दीवार फांदकर फरार होने की कोशिश की और अपने मोबाइल फोन को झाड़ियों के बीच नाले में फेंककर साक्ष्य को नष्ट करने का प्रयास किया। लेकिन घर के बाहर तैनात केंद्रीय सुरक्षा बलों ने उन्हें पकड़ लिया। बाद में ईडी अधिकारियों ने नाले से मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि साहा दो मोबाइल फोन इस्तेमाल करते थे, जिनमें से एक को उन्होंने छिपाने की कोशिश की थी। ईडी के अनुसार, साहा को मुर्शिदाबाद से कोलकाता लाया जा रहा है, जहां उन्हें बैंकशाल अदालत में पेश किया जाएगा और उनकी हिरासत की मांग की जाएगी। गौरतलब है कि, जीवनकृष्ण साहा को वर्ष 2023 में भी केंद्रीय जांच ब्यूरो ने इसी भर्ती घोटाले में गिरफ्तार किया था। उस समय भी उन्होंने अपने दो मोबाइल फोन तालाब में फेंक दिए थे, जिन्हें पानी से निकालकर बरामद किया गया था।

## चानू ने कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

मीराबाई ने कुल 193 किग्रा (84 किग्रा स्नैच + 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर नए कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने अपनी शानदार प्रतिष्ठा को बरकरार रखते हुए अहमदाबाद में सोमवार को हुए कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने कुल 193 किग्रा (84 किग्रा स्नैच + 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल भार में नए



कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए और महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। लगभग एक साल चोट के कारण अंतरराष्ट्रीय मंच से दूर रहने के बाद वापसी करने वाली 31 वर्षीय मीराबाई हालांकि थोड़ी जंग लगी हुई दिखाई दीं और छह प्रयासों में से केवल तीन ही सफलतापूर्वक पूरे कर सकीं। उन्होंने 84 किग्रा स्नैच के शुरुआती प्रयास में असफल रहीं और दाहिने घुटने में असहज महसूस किया, लेकिन दूसरे प्रयास में उसी वजन को सफलतापूर्वक उठाया। उनका तीसरा प्रयास (89 किग्रा) विफल रहा। क्लीन एंड जर्क में मीराबाई ने 105 किग्रा से शुरुआत की और फिर इसे 109 किग्रा तक बढ़ाया, हालांकि आखिरी प्रयास में 113 किग्रा उठाने में नाकाम रहीं। प्रतियोगिता में असली चुनौती न होने की वजह से मीराबाई खुद से ही मुकाबला कर रही थीं। मलेशिया की आइरीन हेनरी ने 161 किग्रा (73 किग्रा+88 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि वेल्स की निकोल रॉबर्ट्स ने 150 किग्रा (70 किग्रा+80 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। यह टूर्नामेंट मीराबाई की 48 किग्रा वर्ग में वापसी का भी गवाह बना, जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो कॉमनवेल्थ खेलों के पदक जीते थे, लेकिन 2018 के बाद से इस वर्ग में हिस्सा नहीं लिया था।


### अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने अमेरिकी नागरिकों को ठगने के लिए भारत से चलाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के नाम जिगर अहमद, यश खुराना और इंदर जीत सिंह बाली हैं। सीबीआई ने इस ठगी को खत्म करने के लिए चक्र-IV चलाया, जिसे अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई के सहयोग से अंजाम दिया गया। छापेमारी में सीबीआई को 85 हार्ड डिस्क, 16 लैपटॉप, 44 मोबाइल फोन और कई आपत्तिजनक दस्तावेज शामिल हैं। इसके अलावा आरोपितों के घरों से 54 लाख रुपये की नकद राशि भी बरामद की गई है।

## यूपी के बुलंदशहर सड़क हादसे में नौ की मौत

▸ मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार की मदद का ऐलान

समृद्धि न्यूज




**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या नौ हो गई है। हादसे में 30 लोग घायल हुए हैं, जिनमें दस को अलीगढ़ के लिए रेफर किया गया है। इनमें से दो की हालत गंभीर होने पर आईसीयू में हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने इस घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवार को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये के आर्थिक सहयोग देने का ऐलान किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि एनएच 34 पर अलीगढ़ बार्डर के पास रनिया थाना क्षेत्र में देररात सवा दो बजे के आसपास एक सड़क दुर्घटना हुई है। कासगंज के सोरो थाना क्षेत्र के रफातपुर गांव से एक ट्रैक्टर ट्रॉली को डबल डेकर बनाकर 61 लोग राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में जहारपीर के दर्शन करने जा रहे थे। तभी पीछे से एक कैंटर ने टक्कर मार देने से ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर कई थानों की फोर्स, पीआरवी और एम्बुलेंस पहुंची और घायलों को रनिया, खुर्जा और कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां पर आठ लोगों की मौत हो गई। अन्य घायलों को जिला अस्पताल और 10 लोगों को अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया। अन्य लोगों का इलाज कैलाश अस्पताल में चल रहा था।

### शामली स्टेशन का होगा कायाकल्प, 25 करोड़ की लागत से हो रहा पुनर्विकास

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे अपने महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम के तहत देशभर के 1,300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली मंडल के अंतर्गत आने वाले शामली रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। 25 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा यह कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। स्टेशन को पुनर्विकास के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि यहां सर्कुलेटिंग एरिया में भीड़भाड़, सीमित यात्री सुविधाएं, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी कमियां तथा पुराना ढांचा यात्रियों को कठिनाई देता था।

## पंजाब में आतंकी साजिश नाकाम चार हथगोले, आईईडी बरामद

एजेंसी

▸ बटाला से एक आतंकी पकड़ा गया, एक फरार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने आईएसआई समर्थित आतंकी माड्यूल को नाकाम करते हुए आरोपी की गिरफ्तार करके चार हथगोले तथा एक आरडीएक्स आधारित आईईडी बरामद किया है।

पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र बटाला की पुलिस ने एक आतंकी को गिरफ्तार किया है जबकि उसका दूसरा साथी फरार है। आतंकी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी निशान सिंह उर्फ निशान जोड़िया के इशारे पर काम करता था। निशान सिंह पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकवादी हरविंद्र सिंह रिंदा के निर्देश पर काम कर रहा है। डीजीपी ने बताया कि बटाला के गांव बलपुरा से पुलिस ने चार हथगोले, दो किलोग्राम आरडीएक्स युक्त एक आईईडी बरामद किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने कई संचार उपकरण भी बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह खेप ब्रिटेन स्थित बीकेआई आतंकी निशान सिंह उर्फ निशान जोडिया के निर्देश पर रखी गई थी, जोकि पाक की आईएसआई द्वारा समर्थित पाक स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा के निर्देशों पर काम कर रहा था।

### आखिरी जत्थे के साथ संपन्न हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा

**गंगटोक।** सिक्किम में नाथू ला दर्रे के रास्ते 48 तीर्थयात्रियों के दसवें जत्थे की वापसी के साथ ही कैलाश मानसरोवर यात्रा संपन्न हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सिक्किम पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों ने 48 तीर्थयात्रियों की रविवार को वापसी पर, उनका स्वागत किया और कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 के सफल समापन पर एक समारोह का आयोजन किया गया। एसटीडीसी के अध्यक्ष लुकेन्द्र रसैली ने कहा कि अधिकारियों के समर्पित कार्य के कारण ही करीब 500 तीर्थयात्रियों यात्रा सुगम हो सकी। अधिकारियों ने अर्धसैनिक बलों और अन्य एजेंसियों के सहयोग से तीर्थयात्रियों के लिए विभिन्न प्रबंध किये।

### सीएम से शुभांशु शुक्ला ने परिवार के साथ की भेंट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी से सोमवार को उनके सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग पर अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने परिवार के साथ शिष्टाचार भेंट की। पत्नी, बच्चे के साथ मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे शुभांशु का मुख्यमंत्री योगी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान सीएम योगी का बाल प्रेम देखने को मिला और उन्होंने शुभांशु शुक्ला के बच्चे को दुलारते हुए उससे बात की। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से लौटे भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सोमवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे हैं। यहां पर उनका एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महापौर सुषमा खर्कवाल ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनकी स्वागत यात्रा में लखनऊवासियों ने शुभांशु का अभिनंदन किया।

### अवैध धर्मांतरण के आरोपी छांगुर की 13.02 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की कुर्क

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के उतरौला इलाके से धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित जलालुद्दीन उर्फ छांगुर की 13.02 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। ईडी कार्यालय ने उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के उतरौला में स्थित 13.02 करोड़ मूल्य की 13 अचल संपत्तियों को पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत अनंतिम रूप से कुर्क किया गया है। जांच कर रही टीमों के हाथ कई अहम सुराग लगे थे, जिसमें यह पता चला था कि हिंदू लड़कियों के धर्मांतरण कराने के लिए छांगुर को विदेशों से फंडिंग होती है।

## दिल्ली मंडल ने मुजफ्फरनगर से खोंगसांग मणिपुर के लिए पहली उर्वरक रेक को किया रवाना

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** माल ढुलाई परिचालन के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने 24 अगस्त 2025 को मुजफ्फरनगर से खोंगसांग तक अपनी पहली उर्वरक रेक का सफलतापूर्वक लदान और प्रेषण किया है।

यह अग्रणी पहल मंडल के माल ढुलाई व्यवसाय में विविधता लाने और उसे बढ़ाने के प्रयासों में एक नया अध्याय जोड़ती है। यह उपलब्धि दिल्ली मंडल की व्यवसाय विकास इकाई के सक्रिय और निरंतर प्रयासों से संभव हुई है, जिसने नए बाजारों की पहचान करने, ग्राहकों का विश्वास बनाने और



उद्योग की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए अनुकूलित लॉजिस्टिक्स समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस रेक से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर स्थित खोंगसांग तक उर्वरक की खेप पहुँचाई जाएगी, जिससे दूर-दराज और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कृषि विकास में भारतीय रेलवे की भूमिका और मज़बूत हुई हैं। यह परिवहन न केवल क्षेत्रीय संपर्क में योगदान देता है, बल्कि पूर्वोत्तर में आवश्यक वस्तुओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इस एकल रेक परिवहन से, मंडल ने 35,61,350 का माल ढुलाई राजस्व अर्जित किया है, जो रेलवे-आधारित लॉजिस्टिक्स की व्यावसायिक व्यवहार्यता और उद्योग के बढ़ते विश्वास दोनों को दर्शाता है।

**सुविधा** उत्तर प्रदेश सरकार का फैसला, क्यूआर कोड से होगी संपत्ति की जांच

## अब लोग बैंक एटीएम की तरह मशीन से निकाल सकेंगे स्टाम्प पेपर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार स्टाम्प और पंजीकरण व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। अब लोग बैंक एटीएम की तरह मशीन से स्टाम्प पेपर निकाल सकेंगे। स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग जल्द ही 10, 20, 50 और 100 रुपये के स्टाम्प पेपर के लिए एटीएम स्थापित करेगा। इनकी सालाना बिक्री 800 करोड़ रुपये की है।

स्टाम्प, न्यायालय शुल्क व पंजीयन राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल कहते हैं कि किरायेदारी समझौतों के पंजीकरण के लिए जल्द ही 500 से 1000 रुपये का निश्चित शुल्क तय किया जाएगा




ताकि मकान मालिक और किरायेदार दोनों अपने अधिकार सुरक्षित कर सकें।अभी चार प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी के कारण पंजीकरण महंगा पड़ता है, जिससे लोग अपंजीकृत समझौते कर लेते हैं, जिनका कानूनी मूल्य नहीं होता। सरकार संपत्ति लेन-देन में पारदर्शिता के लिए क्यूआर कोड आधारित सत्यापन प्रणाली शुरू करने जा रही है। कोई भी व्यक्ति क्यूआर कोड स्कैन कर संपत्ति के स्वामित्व, पिछले लेन-देन और विक्रेता की कानूनी स्थिति की जानकारी ले सकेगा। स्वामित्व डाटा छह महीने के भीतर आनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। भूमि रजिस्ट्री डेटा राजस्व विभाग के रिकार्ड से जोड़ा जाएगा ताकि पंजीकरण के तुरंत बाद खरीदार का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज हो सके। अभी इसमें 35 से 40 दिन लगते हैं। पंजीकरण कार्यालयों में राजस्व अधिकारी भी तैनात किए जाएंगे। सरकार पारिवारिक संपत्ति के निपटान को भी सरल बनाने पर काम कर रही है। पांच हजार रुपये के निश्चित शुल्क पर चार पीढ़ियों तक के लिए निपटान की अनुमति देने की योजना है।

### स्टांप शुल्क गणना का मानदंड घटाकर 18-20 तक करेंगे सीमित

2017-18 में जहां 16 लाख संपत्ति पंजीकरण हुए थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर करीब 50 लाख तक पहुंच गई है। स्टाम्प और पंजीकरण से होने वाली आय भी 2017 में 16,000 करोड़ रुपये से बढ़कर अब 35,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। वर्तमान में स्टाम्प शुल्क गणना के लिए 42 मानदंड हैं, जिन्हें घटाकर 18-20 तक सीमित किया जाएगा ताकि लोगों को आवासीय, वाणिज्यिक और कृषि भूमि के नियमों की स्पष्ट जानकारी मिल सके। सरकार का लक्ष्य खरीद के तीन महीने के भीतर संपत्ति सत्यापन पूरा करना है, जिससे कर और भूमि उपयोग के नियम समय पर लागू हो सकें। पंजीकरण कार्यालयों का आधुनिकीकरण पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर हो रहा है। भू अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इससे संपत्ति खरीद-बिक्री पारदर्शी और सुरक्षित बनेगी।

## खबरें एक नजर में

### नकाबपोश चोरों ने लाखों का माल समेटा, परिवार में हड़कंप

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत अजान चौकी के अजान गांव में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। चोर घर के पीछे की दीवार में नकाब लगाकर भीतर घुसे और बक्सों में रखा नकदी, जेवर व अन्य सामान लेकर फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़िता नीलम देवी ने बताया कि रविवार रात वह अपने बेटे करन पाल और जेठ संजीव के साथ बरामदे में सो रही थीं। इसी दौरान अज्ञात चोर घर के पीछे से दीवार में सेंध लगाकर भीतर दाखिल हुए और कमरे में रखे बड़े बक्से का ताला तोड़ डाला। चोर बक्से में रखे दो छोटे बक्सों को उठा ले गए। सुबह करीब पांच बजे जब परिवार की नींद टूटी तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। खोजबीन करने पर घर के पीछे खेतों में टूटे हुए बक्से मिले। चोर उनमें से रु.25,000 नकद, सोने-चांदी के जेवरात, कीमती कपड़े और बर्तन लेकर फरार हो चुके थे। घटना की सूचना पाकर अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं ग्रामीणों में इस चोरी की घटना को लेकर भय और नाराजगी का माहौल है।

### बाघिन ने खेतों में चर रहीं बकरियों पर बोला हमला, आठ बकरियों की मौत, ग्रामीणों में दहशत

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** महेशपुर मोहम्मदी वन रेंज अंतर्गत देवीपुर वीट के रोशन नगर और सेखवापुर गांव के बीच खेतों में चर रही बकरियों पर एक बाघिन ने अचानक हमला बोल दिया। इस हमले में आठ बकरियों की मौत हो गई, जबकि कई बकरियां अब भी लापता बताई जा रही हैं। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के समय दलित समुदाय की कुछ महिलाएं बकरियां चरा रही थीं। इसी दौरान झाड़ियों से निकलकर बाघिन ने हमला कर दिया। महिलाएं किसी तरह जान बचाकर वहां से भागीं, लेकिन उनकी बकरियों को बाघिन ने मार डाला। मरी हुई बकरियां कंजड़ और स्वीपर समुदाय के परिवारों की थीं, जिनका जीवनयापन इन्हीं पशुओं पर निर्भर है।ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी रोशन नगर और आसपास के इलाकों में बाघ को घूमते हुए देखा गया है। कई बार मवेशी इसका शिकार बन चुके हैं, लेकिन वन विभाग इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत देने के बावजूद न तो पिंजरे लगाए गए, न ही गश्त बढ़ाई गई। उन्होंने मांग की है कि तत्काल क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जाएं और जिनके पशु मरे हैं, उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए।

### तिकुनिया नगर इकाई का हुआ गठन

**तिकुनिया-खीरी।** उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट की तिकुनिया नगर इकाई का गठन जिला कमेटी द्वारा किया गया। नगर अध्यक्ष कृष्ण सिंह बाबू महामंत्री मोहित छाबड़ा कुलदीप शर्मा को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी से व्यापारियों के हित में काम करने को कहा। जिला महामंत्री उमेश शुक्ला ने कहा कि व्यापारी नेता व्यापार मंडल गुट को कोई राजनीतिक मंच न बनाएं। व्यापार मंडल के बैनर का प्रयोग किसी भी राजनीतिक मंच पर नहीं किया जाएगा। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी अपने निजी हितों से ऊपर उठकर व्यापारियों के लिए काम करें। संगठन को मजबूत करें। तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार जैन द्वारा तिकुनिया नगर इकाई के गठन करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। तिकुनिया नगर इकाई को तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार जैन जो कि स्वयं तिकुनिया के हैं उनको उनकी मदद हर समय मिलती रहेगी। इस अवसर पर आईटी के जिला अध्यक्ष योगी सचदेवा, जिला नगर अध्यक्ष रोहित गुप्ता, तहसील निघासन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### इशानी ने नोएडा शूटिंग प्रतियोगिता में जीता गोल्ड, गोला का बढ़ाया मान




**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** गोला की होनहार बिटिया इशानी शुक्ला ने नोएडा में आयोजित 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपने शहर और जिले का नाम रोशन किया है। लिटिल चैंप वर्ग में यह उपलब्धि हासिल कर इशानी ने यह साबित कर दिया कि उम्र चाहे छोटी हो, पर हौसले बुलंद हों तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। शहर के मोहल्ला कुमारन टोला निवासी इशानी वर्तमान में नोएडा में रहकर थर्ड स्टैंडर्ड की पढ़ाई कर रही हैं। उनके माता-पिता मां निहारिका शुक्ला और पिता शिवांशु शुक्ल ने बेटी की रुचियों को पहचानते हुए उसे पूरा सहयोग दिया। इशानी की रुचि कत्थक नृत्य और शूटिंग जैसे क्षेत्रों में शुरू से रही है, और इन दोनों ही क्षेत्रों में वह लगातार मेहनत कर रही हैं। बीते दिनों नोएडा स्थित ऐपएक्स अचीवर अकादमी द्वारा आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में इशानी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के बीच इशानी का निशाना सबसे सटीक और प्रभावशाली रहा, जिसके दम पर उन्होंने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इशानी की इस उपलब्धि पर परिवार और पूरे मोहल्ले में खुशी का माहौल है। उनके दादा के. के. शुक्ला, जो पूर्व में एक विद्यालय के प्रधानाचार्य रह चुके हैं, और दादी आदर्श शुक्ला ने अपनी पोती की इस सफलता पर गर्व जताया है। परिजनों का कहना है कि इशानी को हमेशा से पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ने का जुनून रहा है, और यह उपलब्धि उसी का परिणाम है। इशानी ने अपनी इस जीत को भविष्य की तैयारियों की शुरुआत बताया और कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं। इसके लिए वह लगातार कड़ी मेहनत कर रही हैं।

### सीएचसी खमरिया का अजब कारनामा, डीजे बजाकर बर्थडे पार्टी, डिलीवरी कराने पहुंचे मरीज के परिजन परेशान




**ईसानगर खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां स्वास्थ्य सेवाओं को दरकिनार कर कर्मचारियों द्वारा डीजे बजाकर जन्मदिन पार्टी मनाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल परिसर में डीजे बजाकर पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस बीच पकरिया निवासी मुन्ना लाल अपनी पत्नी रोहणी देवी की डिलीवरी कराने पहुंचे तो उन्होंने बताया कि अस्पताल में केवल एक आया नाल काटने के लिए मौजूद थी, जबकि अन्य कर्मचारी डीजे की धुन पर पार्टी में व्यस्त थे। उनका आरोप है कि डिलीवरी के बाद भी नवजात की सुध तक नहीं ली गई। नाम न बताने की शर्त पर एक कर्मचारी ने खुलासा किया कि यह सब मनमाने अधीक्षक की सह पर होता है। उनका कहना है कि अधीक्षक कभी ऑफिस में नहीं बैठते और फील्ड का बहाना कर कमरे में एसी लगाकर आराम फरमाते हैं। वहीं जब इस मामले को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया के अधीक्षक डॉ. अमित सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने आरोपों से इनकार किया। उनका कहना है कि अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ मौजूद था और डिलीवरी सामान्य रूप से पूरी हो चुकी थी। दाई साफ-सफाई में व्यस्त थी। अधीक्षक आवास परिसर में डीजे की बात पर उन्होंने स्वीकार किया कि बच्चों का जन्मदिन था और उसमें एक छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

### स्वामीनाथन आयोग लागू करो, खाद कालाबाजारी रोको, किसानों का हल्ला बोल



**उतरौला (बलरामपुर)** उतरौला तहसील क्षेत्र में किसानों की बढ़ती समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने सोमवार को ज़बरदस्त प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जिलाध्यक्ष खलील शाह के नेतृत्व में किया गया। किसानों ने नारेबाज़ी करते हुए अपनी समस्याओं को सार्वजनिक किया और अंततः एक ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित कर उपजिलाधिकारी उतरौला अभय सिंह को सौंपा। यह प्रदर्शन संयुक्त किसान मोर्चा के आवाह्न पर आयोजित किया गया था, जिसमें किसानों ने कृषि से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं को रेखांकित किया। ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र में यूरिया खाद की कालाबाजारी तेज़ी से बढ़ रही है। खुले बाजार में यूरिया किसानों को उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे उनकी फसलें खराब होने की कगार पर हैं। किसानों ने प्रशासन से इस पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। किसानों ने यह भी कहा कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए, ताकि उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। ज्ञापन में आगे स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध दर्ज किया गया। किसानों का कहना था कि इससे उनकी आर्थिक बोझ बढ़ेगा। इसी तरह, किसानों ने बजाज चीनी मिल से गन्ने का बकाया मूल्य शीघ्र दिलवाने की मांग रखी। साथ ही, उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान किसानों पर जो मुकदमे दर्ज किए गए हैं, उन्हें वापस लिया जाए। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। प्रदर्शन में बच्छराज वर्मा, बड़ेलाल, सुधीर कुमार, अशोक दुबे, सत्यप्रकाश उपाध्याय, राम रूप, रामनरेश यादव, सालिक राम यादव, गोविंद मौर्य, घनश्याम मौर्य, जीवन लाल समेत अनेक किसान शामिल रहे।

# पसगवां में शिक्षा पर ताला, 8 बजे तक बंद मिले कई विद्यालय

- शिक्षकों की लापरवाही से ठप होती शिक्षा व्यवस्था, अभिभावक निजी स्कूलों की ओर मोड़ रहे रुख

**पसगवां (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**




ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों की स्थिति लगातार सवालों के घेरे में आ रही है। अभिभावकों की माने तो कई जगहों पर शिक्षकों की लापरवाही साफ दिखाई देती है। तय समय सुबह 7 बजे से ही स्कूल खुलने चाहिए थे, लेकिन निरीक्षण में करीब 8 बजे तक कई विद्यालय बंद मिले।

प्राथमिक विद्यालय जन्डैलपुरवा 7:40 बजे तक बंद पाया गया। इसी तरह भिलावा गांव के विद्यालय में 7:45 बजे तक कोई शिक्षक उपस्थित नहीं था। वहीं, प्राथमिक विद्यालय बहादुरापुर में तो 8 बजे तक ताला लटका मिला। इससे साफ है कि शिक्षकों की उदासीनता शिक्षा की जड़ों को कमजोर कर रही है। शासन-प्रशासन सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और बच्चों को आकर्षित करने के लिए किताबें, साइकिल, छात्रवृत्ति और मध्यान्ह भोजन जैसी कई योजनाएं चला रहा है। लेकिन शिक्षकों की लापरवाही इन प्रयासों पर पानी फेर रही है। समय पर विद्यालय न खुलने और पढ़ाई बाधित होने से अभिभावक मजबूरन निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि देर से खुलना तो आम बात है, कई बार तो शिक्षक विद्यालय आते ही नहीं। जब जानकारी ली जाती है तो यही सुनने को मिलता है कि गुरुजी छुट्टी पर हैं। इस रवैये से बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी संजीव भारती से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी ने ग्रामीणों की नाराजगी और बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमराकर रह जाएगी।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइकसवार की मौत

**मितौली, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



नीमगांव थाना क्षेत्र के बेहजम कस्बा स्थित लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार रोडवेज बस की सामने से टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। नीमगांव पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान रोहित वर्मा (28 वर्ष), पुत्र प्रमोद वर्मा, निवासी मिर्जापुर के रूप में हुई है। रोहित वर्मा हरदोई स्थित बंधन बैंक शाखा में फाइनेंस पद पर कार्यरत थे। सोमवार तड़के लगभग 6 बजे वह अपनी बाइक से हरदोई के लिए निकले थे। बेहजम कस्बे में वैष्णो मेडिकल स्टोर के सामने सामने से आ रही रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों के अनुसार, रोहित अपने पिता का इकलौता सहारा था। लगभग दो वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी और एक वर्षीय पुत्र का वह लालन-पालन कर रहे थे। बेटे की असमय मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर बेहजम चौकी प्रभारी सिद्धार्थ पवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वाहन की शिनाख्त कर चालक की तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि मृतक भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा का भतीजा था।

## मेरा युवा भारत द्वारा युवा मंडलों से क्रीड़ा सामग्री किट के लिए आवेदन आमंत्रित



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत लखीमपुर खीरी द्वारा जिले के सक्रिय युवा मंडलों से क्रीड़ा सामग्री किट प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है। श्री शुक्ला ने बताया कि केवल वे युवा क्लब इस योजना के पात्र होंगे जो MY Bharat पोर्टल पर पंजीकृत हों, जिनके पास नियमित रूप से खेल आयोजनों का रिकॉर्ड हो और जिन्होंने वर्ष 2024-25 में रूड्ड भारत की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई हो। साथ ही, वे क्लब जो पिछले वर्ष किसी भी प्रकार की क्रीड़ा सामग्री प्राप्त नहीं कर पाए थे, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक युवा मंडलों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरकर, अपने पिछले वर्ष के कार्यों का एक पृष्ठीय विवरण संलग्न करते हुए, 20 सितम्बर 2025 तक जिला युवा अधिकारी कार्यालय, त्रिपाठी कॉलोनी, गोला रोड रेलवे क्रॉसिंग, लखीमपुर खीरी में जमा कराना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए 05872-319549 पर संपर्क करें या ईमेल mybharat-lakhimpurkheri@gmail.com पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सीमांकन में मिला अतिक्रमण, प्रशासन ने हटवाया, पात्र महिला को मिलेगा पट्टा व आवासः एसडीएम

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



गोला गोकर्णनाथ तहसील प्रशासन द्वारा कराए गए सीमांकन के दौरान भूमि पर पाया गया अतिक्रमण प्रशासन ने हटवा दिया। वहीं जांच में सामने आया कि संबंधित महिला आवासीय पट्टे और मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए पात्र है, जिस पर प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही शुरू कर दी है। उप जिलाधिकारी गोला युगांतर त्रिपाठी ने जानकारी दी कि वाद संख्या T20241043031309 पर उप जिलाधिकारी न्यायालय गोला द्वारा दिनांक 18 फरवरी 2025 को धारा 24 के तहत सीमांकन आदेश पारित किया गया था। इस आदेश के अनुपालन में प्रार्थी शमा शर्मा के आवेदन पर 23 अगस्त को राजस्व टीम मौके पर पहुंची और सीमांकन की प्रक्रिया कराई गई। सीमांकन के दौरान भूमि पर मीना देवी पत्नी उद्यन द्वारा छप्पर डालकर अस्थायी अतिक्रमण पाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के बार-बार समझाने के बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो मौके पर ही प्रशासन ने अतिक्रमण हटवा दिया। एसडीएम ने बताया कि सीमांकन कार्रवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मीना देवी आवासीय पट्टे की पात्र लाभार्थी हैं। इस पर तहसील प्रशासन ने तत्काल एलएमसी का प्रस्ताव तैयार कराकर उन्हें आवासीय पट्टा दिए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही ब्लॉक बाकेगंज के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) से मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिलाने के लिए वार्ता भी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मीना देवी अपनी बहन के घर रह रही हैं। पूरे घटनाक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## किसान की जमीन नीलाम करने पर भड़के किसान संगठन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**निघासन खीरी।** अखिल भारतीय किसान महासभा, किसान यूनियन (टिकैत) और राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने सोमवार को उपजिलाधिकारी निघासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बैरिया गांव के एक गरीब किसान की जमीन को नीलाम करने की कार्यवाही का कड़ा विरोध किया गया। किसान संगठनों ने आरोप लगाया कि बैंक और तहसील प्रशासन ने किसान की खेती योग्य जमीन में लाल झंडी गाड़ दी है। यह जमीन उसकी जीविका का एकमात्र सहारा है, जिसे नीलाम करने की तैयारी की जा रही है। संगठन नेताओं ने कहा कि सरकार देश के बड़े उद्योगपतियों के हजारों करोड़ के कर्ज माफ कर रही है, नीरव मोदी और विजय माल्या जैसे उद्योगपति अरबों का कर्ज लेकर विदेश भाग गए, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर छोटे किसान बैंक की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं और उनकी जमीन तक छीनी जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव कॉमरेड रणजीत सिंह, किसान यूनियन (टिकैत) के वरिष्ठ नेता राम सिंह ढिल्लों, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सहित विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि गरीब किसान की जमीन नीलाम की गई तो सभी किसान संगठन सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी बैंक और प्रशासन की होगी।

# इंडो-नेपाल सीमा के गुलरिया घाट पर तैनात एसएसबी की प्रताड़ना से परेशान घाट ठेकेदार

- सोमवार को घाट का संचालन किया बंद

**बेलरायां-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



इंडो-नेपाल सीमा के गुलरिया घाट पर तैनात एसएसबी की प्रताड़ना से परेशान घाट ठेकेदार ने सोमवार को घाट का संचालन बंद कर दिया। इसके चलते भारत और नेपाल के सैकड़ों लोग घाट पर फंसे रहे। एसएसबी अधिकारियों के अनुसार तस्करी पर सख्ती के चलते स्थानीय तस्कर रच रहे षडयंत्र।

भारत - नेपाल सीमा की ग्राम पंचायत कड़िया में मोहाना नदी पर संचालित गुलरिया घाट राजस्व विभाग और नेपाल सरकार की ओर के ठेकेदारो के द्वारा संचालित होता है। सोमवार को यहां उस समय हालात बिगड़ गए जब घाट का संचालन कर रहे जुगनू ने घाट का संचालन बंद कर दिया। ठेकेदार का आरोप है कि घाट पर तैनात एसएसबी के जवान घरेलू सामान लेकर नेपाल आने जाने वालों से अक्सर अभद्रता करते चले आ रहे हैं। इससे लोगों का आना कम हो गया है। इसके चलते ठेका लिए गए घाट की लागत निकालना मुश्किल हो रहा है इसके चलते उनकी ओर से घाट बंद कर एसडीएम निघासन को अवगत करा दिया गया है। वही घाट पर मौजूद तिकुनियां व्यापारी हरिकिशन शर्मा का कहना है कि चार हजार रुपए तक सामान पक्के बिल के साथ बिना कस्टम नेपाल ले जाने की छूट है। इसको लेकर एसएसबी के उच्च अधिकारियों से वार्ता भी हो चुकी है इसके बावजूद रविवार को उनकी दुकान से सामान लेकर भजनी जा रही महिलाओं से चेकिंग के बाद सामान ले लिया गया जिसे अभी तक कस्टम के सुपुर्द नही किया गया है। घाट पर चल रहे विवाद के बीच भजनी से तिकुनिया दवा लेने आई बबिता बताती कि वह घाट खुलने के इंतजार में पिछले पांच घंटे से बैठी हैं। इसके साथ ही तीन दिन लगातर यात्रा कर पूना से आए भजनी( नेपाल) के जीत बहादुर सोनार,तेज बहादुर लालबोझी(नेपाल)सुबह 06 बजे से घाट खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इस पूरे प्रकरण को लेकर एसएसबी के दीपनगर कैम्प में जाकर जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन कोई भी आधिकारिक जानकारी नही हो सकी। खबर लिखे जाने तक घाट का संचालन बन्द था दोनों तरफ सैकड़ों यात्री फंसे।

## महिला से छेड़छाड़ के आरोप में तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने तीन युवकों के खिलाफ छेड़छाड़, अश्लील हरकत और धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने उसे जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश की और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, हफीजपुर निवासी राजा पुत्र बृजलाल पर महिला ने आरोप लगाया है कि वह उस पर गलत नजर रखता है। 14 अप्रैल को महिला अपनी दो बहनों के साथ मेले में जा रही थी, तभी राजा अपने दो साथियों के साथ बाइक से आया और रास्ते में उन्हें रोक लिया। महिला का आरोप है कि राजा ने उसका हाथ पकड़कर जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश की। जब उसने और उसकी बहनों ने इसका विरोध किया, तो आरोपित गाली-गलौज करते हुए फरार हो गए। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कजरी तीज पर शिवालयों में उमड़ेगी आस्था, भजन-कीर्तन और महाप्रसाद का आयोजन



**सादुल्लानगर / बलरामपुर।** कजरी तीज के पावन अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्राचीन शिवालयों में भक्तिभाव से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिरों में विशेष साफ-सफाई और सजावट की गई है। श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। सुबह भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा, जबकि शाम को भजनङ्ककीर्तन और महाप्रसाद वितरण का आयोजन होगा। सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि मंदिर परिसर की सफाई कराकर चुने का छिड़काव कराया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी प्रकार नथईपुर कानूनगो स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर में भी कजरी तीज के अवसर पर पारंपरिक मेला आयोजित होगा। यहाँ भी ग्रामीण अंचलों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। कजरी तीज पर दोनों प्रमुख शिवालयों में धार्मिक माहौल चरम पर रहेगा। बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक कजरी गीत गाकर व्रत-उपवास के साथ शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना करेंगी।

# शिकायत पर चचरे भाई ने लौहे की राड से पीट कर मार डाला

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना कोतवाली देहात छेत्र में दिनांक 25.08.2025 को वादी सुनील यादव पुत्र हरीराम निवासी सोनारडीह, थाना कोतवाली देहात, जनपद बलरामपुर द्वारा थाना को. देहात पर सूचना दी गई कि वादी का बड़ा भाई रोहित यादव, बहादुरापुर बरवलिया स्थित शराब के ठेके पर मुनीम का कार्य करता था। दिनांक 24.08.2025 की देर रात्रि तक जब वह घर नहीं पहुँचा तो खोजबीन करने पर उसकी मोटरसाइकिल बैराही गाँव के पास पुलिया के निकट मिली तथा रोहित घायल अवस्था में खेत में पड़ा हुआ मिला। उपचार हेतु अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वादी द्वारा दी गई सूचना में उल्लेख किया गया कि गाँव का ही शिवाकान्त यादव, जो चोरी-छिपे शराब बेचता था और जिसकी शिकायत मृतक रोहित ने आबकारी विभाग से की थी, उसी रंजिश के कारण उसने रोहित की हत्या कर दी है। उक्त सूचना पर थाना स्थानीय पर मुअसं-313/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम शिवाकान्त यादव पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गयी। जांच से यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक रोहित यादव पुत्र हरीराम एवं अभियुक्त शिवाकान्त यादव पुत्र पारसनाथ निवासी सोनारडीह, थाना कोतवाली देहात, जनपद बलरामपुर आपस में पटिदार हैं। मृतक रोहित बघनी बहादुरपुर स्थित शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था, जबकि अभियुक्त शिवाकान्त किराने की दुकान चलाने के साथ-साथ चोरी-छिपे शराब की बिक्री भी करता था। दिनांक 22.08.2025 को आबकारी विभाग द्वारा शिवाकान्त की दुकान पर छापेमारी की गई थी, जिसके कारण वह मृतक रोहित से रंजिश रखने लगा। मृतक रोहित प्रतिदिन रात्रि लगभग 10 बजे दुकान बंद कर अपने घर आता था, जिसका रास्ता जंगल से होकर गुजरता था। घटना की रात अभियुक्त ने मृतक का पीछा किया और मौका पाकर पीछे से लोहे की रॉड से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटनास्थल का निरीक्षण, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान से प्रथम दृष्ट्या नामजद अभियुक्त शिवाकान्त यादव के विरुद्ध साक्ष्य पाए गए हैं। एसपी विकास कुमारद्वारा थाना को. देहात क्षेत्रांतर्गत हुई हत्या की घटना के अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.08.2025 को प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना को देहात पर पंजीकृत मुअसं- 313/2025 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त शिवाकान्त यादव पुत्र पारस यादव निवासी सोनारडीह थाना को. देहात जनपद बलरामपुर को फुलवरिया बाइपास के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

## राजकीय बालिका इंटर कालेज दारी चौरा में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

- अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्प्यूटर प्रोद्योगिकी सोसायटी ने आयोजित किया कार्यक्रम

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समग्र शिक्षा माध्यमिक द्वारा संचालित केंद्र निर्धारित रिवाइज्ड व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर प्रौद्योगिकी सोसायटी(एईसेक्ट) द्वारा विकास खंड श्रीदत्तगंज के राजकीय इंटर कॉलेज दारीचौरा में आयोजित अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ आशुतोष कुमार पांडेय ने ट्रेड? आईटीआई, टीईएस व कक्षा 9 से 11 तक के छात्र छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने व्याख्यान में कहा विद्या, ज्ञान, कौशल आदि को ग्रहण करने की प्रक्रिया को समेकित रूप से शिक्षा कहते हैं। शिक्षा के लाभ को शब्दों की माला में पिरोना उचित नहीं रहेगा। क्योंकि यह इसे ग्रहण करने वालों को बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से विकसित होने में सहायता करती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने व्याख्यान की सराहना करते हुए कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चों के मनोबल में उत्साह बढ़ता है। इससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल होगा। आईसेक्ट के चयनित वोकेशनल ट्रेनर अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि संस्था आईसेक्ट के द्वारा इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में बच्चों के फ्यूचर में अपार संभावनाएं हैं। आईटी, आईटीएस क्षेत्र काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश और विदेशों में एक बहुत ही महत्वपूर्ण उद्योग है। लगभग दुनिया भर के सभी कार्यालयों में कंप्यूटर से ही कार्य किया जा रहा है। आज डिजिटल युग का समय है जिसमें इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के द्वारा ही प्रत्येक युवा का भविष्य रोजगार से जुडा होना चाहिए तभी हम किसी रोजगार से जुड़कर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। व्यावसायिक शिक्षा एक रोजगार का महत्वपूर्ण अंग है इससे लाखों युवा रोजगार पाते हैं और अपना जीवन यापन करते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री का सपना है की आने वाला समय हमारा डिजिटल और पेपरलेस कार्य होगा। उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार चौधरी, वोकेशनल ट्रेनर अरविंद कुमार मिश्रा, परवक्ता रवि पटेल, केके चौरसिया, सहायक अध्यापक शिव वंश वर्मा, संजय चौधरी, बदरे आलम आदि मौजूद रहे।

## त्योहारों से पूर्व पिपराघाट मार्ग की मरम्मत की मांग, भाजपा नेताओं ने सौंपा ज्ञापन



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर से पिपराघाट जाने वाले मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर सोमवार को भाजपा नेताओं ने नगर अध्यक्ष फणींद्र गुप्ता के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी अभय सिंह को ज्ञापन सौंपा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मार्ग के समतलीकरण और मरम्मत की तत्काल व्यवस्था कराने की मांग की। नगर अध्यक्ष फणींद्र गुप्ता ने बताया कि आगामी माह में गणेश पूजा व दुर्गा पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। परंपरा के अनुसार, प्रतिमाओं की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए पिपराघाट स्थित राप्ती नदी पर सम्पन्न होती है। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रालियाँ और अन्य वाहन शामिल होते हैं। इस दौरान हजारों श्रद्धालु यात्रा में सम्मिलित रहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उतरौला-पिपराघाट मार्ग और सड़क की पटरी पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। भाजपा नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग बलरामपुर को तत्काल निर्देशित कर मार्ग के गड्ढों को भरवाकर सड़क का समतलीकरण कराया जाए। साथ ही गणेश व दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान राप्ती नदी घाट पर क्रेन की व्यवस्था की जाए, ताकि प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन में किसी प्रकार की बाधा न आए और संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस अवसर पर सभासद दुर्गा प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, रोहित राज गुप्ता, राकेश कुमार, दीपक गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन के लिए चुनौती बना कजरी तीज मेला

▸ बोल बम के नारे से गुंजायमान हुआ पूरा नगर बेरी, केटिंग से घिरे भोले बाबा दुख हरण नाथ

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** जिले में कजरी तीज पर भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए जल भरने के लिए सरयू पर कांवरियों का पहुंचना शुरू हो चुका था। जो देर रात तक लाखों में तब्दील हो गया। दिन हो या रात,धूप हो या हो बरसात रास्ता कैसा भी हो आस्था के इस सैलाब में कांवरियों के हौसले अपने चरम पर दिखाई दे रहे है।बोल बम-बोल बम, बाबा नगरिया दूर है-जाना बहुत जरूर है, जो बाबा को भूलेगा-वह रस्ते में झूलेगा.... जैसे गगनभेदी नारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा है।

जलाभिषेक के लिए जल भरने के लिए सरयू तट पर कांवरियों का पहुंचना शुरू हो चुका था। कांवड़ यात्रा के अवसर पर जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए करनैलगंज के सरयू नदी से जल भरने के लिए दस लाख से ज्यादा कांवड़ियों का रेला सरयू तट पर उमड़ेगा। हालांकि प्रशासन ने चाक चौबंद इंतजाम करने का दावा किया है। खरगूपुर के पृथ्वीनाथ नाथ, शहर के दुखहरण नाथ औ र करनैलगंज के बरखंडी नाथ जिले के अन्य शिवालयों में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। चप्पे चप्पे पर सुरक्षा जवान तैनात किए गए हैं।

शहर में दुखहरण नाथ मंदिर पर कजरीतीज मेले को प्रशासन ने मंदिर से लेकर एलबीएस चौराहे तक बैरिकेडिंग कराई है। महिला और पुरुष के लिए अलग लाइनें होंगी। मंदिर महंत राघवेंद्र मोहन ने बताया कि मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया।भीड़ को देखते हुए मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को शाम आठ बजे से बाबा भोलेनाथ की महाआरती के बाद जलाभिषेक के लिए कपाट खोल दिए जाएंगे। जिससे किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत कांवड़ियों को ना आए।

मंदिर के दोनों द्वार पर डोंगा लगाया गया है। जिसमे महिलाओं व पुरुषों की अलग लाइन में आकर जलाभिषेक करने की व्यवस्था की गई। वहीं, जिला प्रशासन ने कांवड़ियों की सेवा मे भीड़ को नियंत्रण को लेकर सामाजिक संगठ नों से सहायता मांगी है। व्यवस्था सम्भाल रहे क र्मी ने बताया कि पंद्रह हजार बल्ली लगाकर एक किमी तक बैरिकेडिंग की गई है। एलबी एस चौराहे से मंदिर तक श्रद्धालुओं की चार लाइनों में श्रद्धालुओं को जलाभिषेक की व्यवस्था है। एक किलोमीटर कांवड़ियों के लिए सड़क की एक पटरी पर कालीन बिछाया गया है। उन्होंने बताया कि खरगूपुर के पृथ्वीनाथ नाथ मंदिर पर भी दस हजार बल्लियों से बैरिकेडिंग लगाई गई है। वही जिला प्रशासन कजरी तीज मेले को लेकर फुल एक्शन में नजर आ रहा है। पिछली बार कजरीतीज मेले मे चार घंटे बिज ली गुल रही थी। जिससे शहर की सड़कों पर अंधेरा छा गया था। झमाझम बारिश और अंधेरे के बीच लाखों कांवड़ियों का जत्था रुकने का नाम नहीं ले रहा था। अंधेरों में केसरिया रंग से लखनऊ हाईवे रंगा नजर आया था। जिसका फीडबैक मिलते ही डीएम प्रियंका निरंजन ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि जो भी व्यवस्था करनी हो कर लें।मेले के दौरान बिजली की कटौती नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान अगर बिजली काटी गई तो जिम्मेदारों पर कार्य वाही की जाएगी। डीएम प्रियंका निरंजन ने स भी विभागों के अफसरों को निर्देश देते हुए क हा कि मेले में किसी प्रकार की कमी ना होने पाए। उन्होंने नगर पालिका परिषद से साफ सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि कजरी तीज मेले मे तीसरी नेत्र से सरयू तट से लेकर मंदिर तक नजर रखी जाएगी। चप्पे चप्पे पर सुरक्षा जवान लगाए गए हैं।

### दर्जनों से अधिक जगहों पर लगाए गए बैरियर



शहर के दुखहरन नाथ मंदिर पर लाखों की संख्या में कांवड़िए आज सुबह से जल भरने के रवाना होंगे। इसमें जानकारों के अनुसार दस लाख से अधिक कांवड़िए जलाभिषेक करेंगे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने शहर में दो दर्जन जगहों पर बैरियर लगाया। शहर के एलबीएस चौराहा, गुरुनानक चौराहा, बस अड्डा, झूलेलाल, सूरज होटल रोड, मिश्रौलिया, अम्बेडकर चौराहा, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी चौराहा, अफीम कोठी मार्ग, गायत्री पुरम मार्ग, मनकापुर बस अड्डा चौराहा से गुड्डूमल मार्ग पर, आईटी आई, पटेल नगर, डाकखाना चौराहा समेत शहर के छोटी गलियों पर बैरिकेड कर वाहनों का आवागमन सोमवार शाम को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। इसमें केवल आपातकाल लोग और मेला ड्यूटी को जाने की अनुमति रहेगी।

# न खसरा न खतौनी विपक्षी जो कहे वही सही के दम पर दबंग कर रहे पीड़ित की भूमि पर कब्जा

समृद्धि न्यूज



**कटरा बाजार/गोंडा।** प्राप्त विवरण के अनुसार मामला थाना कटरा बाजार का है जहां के निवासी संजीव कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार ने एक प्रार्थना पत्र कमिश्नर देवी पाटन मंडल व उप जिला अधिकारी करनैलगंज को देकर कहा कि पीड़ित की बेशकीमती भूमि गाटा संख्या 1203 बता 0.020 हेक्टेयर स्थित ग्राम वीरपुर कटरा परगना पहाड़पुर तहसील करनैलगंज जिसे भू माफिया व दबंग व्यक्ति लल्ली लाल, अशोक कुमार, आशीष कुमार, अंशु पुत्रगण ओम हरि व राजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय कैलाश तथा ओम रस्तोगी निवासी रस्तोगी टोला कटरा बाजार जो अभ्यस्त अपराधी हैं जिन पर कई मुकदमे भी अन्य थानों में दर्ज है वे गुंडईके दम पर पीड़ित की बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने पर आमादा है।

इतना ही नहीं जब पीड़ित डायल 112 पर फोन करता तो पुलिस मौके पर आती और बैरन वापस चली जाती जिसे लेकर पीड़ित ने कई बार कटरा थाने के चक्कर लगाए लेकिन कोई न्याय नहीं मिल सका एक बार पुनः पीड़ित डी जी पी स्तर पर व पुलिस अधीक्षक से शिकायत की और यह कहा कि विपक्षियों के पास गाटा संख्या 1203 के संबंध में कोई भी दस्तावेज नहीं है फिर भी विपक्षीगण पीड़ित की भूमि पर निर्माण करने में आमादा है जिसे लेकर पीड़ित कई बार थाने का चक्कर लगाया लेकिन थाने की पुलिस ने निर्माण रोकने से इनकार कर रही है तो क्या योगीराज में भू माफिया बेखौफ है कि भूमि को कब्जा कर रहे हैं।

### एसपी ने पृथ्वीनाथ मंदिर का किया निरीक्षण, किया जलाभिषेक



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़ ।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा थाना खरगूपुर क्षेत्रान्तर्गत पृथ्वीनाथ मंदिर में भगवान शिव की विधिविधान से पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। कजरीतीज-त्यौहार के अवसर पर होने वाले जलाभिषेक/मेले को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत द्वारा मौके पर पहुंचकर संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था व बैरिकेटिंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा ड्यूटी पर लगे अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए बताया कि मेले/मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता रखी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

## खबरें एक नजर में

### गोण्डा के शहंशाह जादूगर मिस्टर इंडिया को भारत गौरव सम्मान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शान्ती फाउंडेशन अशोकपुर टिकिया, वज़ीरगंज (गोण्डा) द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में गोण्डा के शहशांह इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया को उनके राष्ट्र उत्थान, समाज सेवा और कला के क्षेत्र में योगदान के लिए भारत गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंकी देवी (अध्यक्ष, शान्ती फाउंडेशन) ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि स्टेट अवार्डी शिक्षक सुनील कुमार आनन्द रहे। सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रधानाचार्य रमेश आनन्द (शान्ती मेमोरियल स्कूल) व गया प्रसाद आनन्द (सचिव, शान्ती फाउंडेशन) द्वारा प्रदान किया गया। जादूगर मिस्टर इंडिया का जन्म जनपद गोण्डा के विकास खण्ड परसपुर अंतर्गत ग्राम सीर पुरवा हरदिहा सपौर निवासी एक साधारण किसान परिवार में हुआ। बचपन से ही उन्हें जादुई कला में विशेष रुचि थी। इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे अपने सपनों को साकार करने के लिए गुरु की तलाश में निकल पड़े। अंततः उनकी भेंट ऐसे गुरु से हुई, जिनका नाम सोमैया देव था, जिन्होंने उन्हें जादुई कला में निखार लाने का प्रशिक्षण दिया। आज वे जादुई कला में अंतरराष्ट्रीय पहचान रखते हैं और सूचना विभाग उत्तर प्रदेश से पंजीकृत हैं। उनकी प्रस्तुतियों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना भी है। अतिथियों ने कहा कि मिस्टर इंडिया ने अपने अद्वितीय कला-प्रदर्शन और सेवा-भाव से न केवल जनपद, बल्कि प्रदेश और देश का भी नाम रोशन किया है।

### पुरैना बाजार सहकारी समिति में खाद की किल्लत से किसान परेशान

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकास खंड विशेश्वरगंज के पुरैना बाजार सहकारी समिति में सोमवार सुबह से खाद के लिए किसानों की भीड़ लगी रही। सुबह से कतार में खड़े ग्रामीणों को खाद नहीं मिल सकी, जिससे नाराजगी बढ़ गई। किसानों का कहना है कि समिति में खाद मौजूद होने के बावजूद वितरण नहीं किया जा रहा। बुवाई के समय पर खाद न मिलने से खेती प्रभावित होगी।ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब समिति में स्टॉक है तो बांटने में देरी क्यों हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और चेतावनी दी कि समय पर समाधान न हुआ तो आंदोलन करना पड़ेगा।इस संबंध में समिति के सचिव रामबरन मिश्रा ने बताया कि फिलहाल 200 बोरी खाद उपलब्ध है। शेष खाद मंगलवार तक आ जाएगी, जिसके बाद वितरण शुरू होगा।

### एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे का पंचायत कर्मियों ने किया विरोध



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के पंचायत सहायकों ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं रोजगार सेवकों ने सहायक विकास अधिकारी कॉपरेटिव को सोमवार दोपहर सामूहिक ज्ञापन सौंपकर एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे का विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा है। पंचायत सहायक संघ शिवपुर के ब्लाक उपाध्यक्ष आंशिक वर्मा एवं ग्राम रोजगार सेवक संघ इकाई शिवपुर के ब्लाक अध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि हम लोगों के पास वो संसाधन नहीं हैं जिससे एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जा सके। हम सबके मूल काम भी प्रभावित होंगे। सर्वे का कार्य करवाने के लिए मोबाइल फोन सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराए।

### जनसत्ता दल पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनसत्ता दल के नेता और विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह सोमवार को बहराइच पहुंचे। वह पार्टी की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। नलकूप कालोनी स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में बैठक हुई। अक्षय प्रताप ने कहा कि पार्टी अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी। वह पंचायत और विधानसभा चुनावों को लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। इसके लिए पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं।उन्होंने किसानों की समस्याओं पर चिंता जताई। कहा कि किसानों को समय पर यूरिया और खाद नहीं मिल पा रही है। विपक्ष के वोट चोरी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि यह हर सरकार में होती रही है। कांग्रेस की सरकार में भी हुई है। अक्षय प्रताप ने मांग की कि लोकसभा, विधानसभा और पंचायत की एक ही वोटर लिस्ट होनी चाहिए। इसमें गड़बड़ी करने वाले अफसरों पर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि सरकार के अच्छे कामों की सराहना भी करनी चाहिए। बैठक में देवीपाटन मंडल प्रभारी देवानंद सिंह, रामेश्वर भदौरिया समेत कई पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एसडीएम की उदासीनता अतिक्रमण न हटाने में हो सकती है कारण, कराह रहे कस्बावासी

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** जाम की झाम से निजात दिलाने के साथ हर एक राहगीर को सुविधाजनक राह मिले इसके क्रम में भले ही आई जी रेंज देवी पाटन मंडल अमित पाठक समेत मंडलायुक्त व जिलाधिकारी तथा शासन के उच्च अधिकारियों का स्पष्ट निर्देश है, कि शहर,बाजार कस्बों को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए आम रही गीरों के लिए रास्ते सुलभ किए जाएं। लेकिन मनकापुर में इन आदेशों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

इसके संबंध में विश्वत सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मनकापुर थाने की पुलिस व प्रभार संभालने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल कई बार व्यापार मंडल तथा संभ्रांत लोगों की बैठक करके अतिक्रमण हटाने के क्रम में चेतावनी देते हुए नोटिस दे दिया हो, लेकिन कार्यवाही को अमली जामा पहनाने में एसडीएम की मनमानी आड़े आ रही है।ऐसे में लोगों का मानना है कि अतिक्रमण हटाने को लेकर कई बार उप जिलाधिकारी मनकापुर से विचार विमर्श किया गया और मनकापुर कस्बे समेत आसपास भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के क्रम में संयुक्त रूप से कार्यवाही करने की बात की गई।लेकिन बार-बार उप जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन ही मिलता रहा अभी रुको और काफी दिन बीतने के बावजूद भी कार्यवाही को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका।जिससे शासन प्रशासन समेत मंडल व जिले के अफसरो के आदेशों की धज्जियां उड़ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अतिक्रमण हटाने में कहीं उप जिलाधिकारी मनकापुर की ढुलमुल नीति तो आड़े नहीं आ रही है ? लोगों का मानना है कि आखिर ऐसे लापरवाह जिम्मेदारों पर वरिष्ठअधिकारियों की निगाह क्यों नहीं पड़ रही है? और इन पर कार्यवाही कब होगी। ऐसे कई अनसुलझे प्रश्नों के साथ जब पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नारायण पालीवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल की बैठक भी की जा चुकी है और नगर पंचायत चेयर मैंन, अध्यक्ष समेत उप जिलाधिकारी मनकापुर से भी संपर्क किया गया है, तथा अतिक्रमण को लेकर विचार विमर्श भी हो चुका है,शीघ्र ही कस्बे को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इसके साथ ही जब अतिक्रमण की बात को लेकर उप जिलाधिकारी मनकापुर से संपर्क करने के लिए उनके सीयूजी नंबर पर फोन किया गया तो लगातार दो बार बेल जाने के बाद भी सीयूजी नंबर रिसीव नहीं हुआ जिससे उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।

# जि. बेसिक शिक्षा अधिकारी, तत्कालीन वित्त लेखाधिकारी सहित आठ पर केस

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** न्यायालय के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, तत्कालीन वित्त लेखाधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित पटल लिपिक सुधीर सिंह, अनुपम पांडेय, भैया चंद्र भान सिंह दत्त स्मारक विद्यालय के प्रबंधक दिग्विजय नाथ पांडेय, प्रधानाचार्य, फर्जी शिक्षिका अनामिका शुक्ला पर नगर कोतवाली में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया गया है।

आवास विकास कालोनी निवासी प्रदीप कुमार पांडेय ने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के यहां एक वाद दायर किया जिस में उस ने कहा कि वह सामाजिक कार्यकर्ता है। उस को जानकारी हुई कि बेसिक शिक्षा विभाग में एक गिरोह है जो सिंडिकेट की तरह काम कर रहा है । युवाओं के आवेदनों का डटा लीक कर के दुरुपयोग किया जा रहा है। विभिन्न विद्यालय में नियुक्ति कर के करोड़ों रुपए का गबन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। जिस में एक प्रकरण अनामिका शुक्ला पुत्री सुभाष चंद्र शुक्ला निवासी भुलाई डीह कमरहवा का है। जिस के शैक्षिक अभिलेख का दुर्पयोग गिरोह के दारा किया गया है। जिस में उस को फर्जी नियुक्ति भैया चंद्र भान दत्त स्मारक विद्यालय राम पुर टैगरहा में वर्ष 2017 में कर दिया गया। उस की नियुक्ति की उस को जानकारी भी नहीं थी। उस को तीन साल बाद जानकारी हुई तो उस ने 2020 में धोखाधड़ी का मुकदमा विभाग के खिलाफ में दर्ज कराया था। जिस में कई लोगों को जेल भी हुआ था। अनामिका शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2017 में कस्तूरबा विद्यालय में विज्ञान विषय की नियुक्ति के लिए उस ने आवेदन किया था। उस की नियुक्ति नहीं हुई थी। उस के शैक्षिक अभिलेख का दुरुपयोग करके नियुक्ति कर दी गई जिस को उस की जानकारी नहीं थी। नगर प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित सुधीर सिंह अनुपम पांडेय दिग्विजय पांडेय अनामिका शुक्ला सहित आठ पर मुकदमा लिखा गया है। जिसकी विवेचना गुरुनानक चौकी प्रभारी शुभम दुबे कर रहे है।

### चोरों का हब बना थाना खैरीघाट क्षेत्र, एक ही स्कूल में तीन बार हुई चोरी

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र में चोरी का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। एक ही विद्यालय को दो सप्ताह में तीन बार चोरों ने सिलसिले वार तरीके से निशाने पर लिया गया। लाखों का सामान चोरों ने विद्यालय से पार कर दिया। जिससे अब इलाके में पुलिसिया तामझाम पर सवाल उठने लगे हैं। थाना क्षेत्र के बसंतापुर गांव में चार माह में छः बड़ी चोरी ने पुलिस के इकबाल पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय बसंतापुर में सिलसिले वार तरीके से चोरियां हो रही है। रविवार सोमवार की रात चोरों ने विद्यालय का ताला काटकर अंदर दाखिल हुए और हजारों का सामान चुरा ले गए। प्रधानाध्यापिका अनवर परवीन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि विद्यालय में रखी कुर्सी, मेज, एवं लोहे की रेलिंग व छत में लगे दो पंखे एवं अन्य सामान चोर चुरा ले गए और। टाट - पट्टी को जलाकर नष्ट कर दिया है। 14 एवं 18 तथा 23 अगस्त को भी इसी विद्यालय में चोरों ने हजारों का सामान चुरा ले गए हैं।

# डिप्थीरिया व टिटनेस से बचाव के लिए किया टीकाकरण कैंपेन



समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों पर चलाए जा रहे स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण कैंपेन अभियान में सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के 10 और 16 साल के बच्चों को टीडी की वैक्सीन लगाई गई ताकि बच्चों को जानलेवा घातक बीमारी टेटनस और डिप्थीरिया से बचाया जा सके।

इस दौरान सीएचसी पयागपुर अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि माइक्रोप्लान के अनुसार 40 स्कूलों में ये अभियान चलाया गया है। शीघ्र ही शत प्रतिशत पूर्ण टीडी टीकाकरण कराया जाएगा। यह अभियान नियमित रूप से चलता रहेगा । इसमें प्राइवेट और सरकारी स्कूलों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। सोमवार को ब्लाक स्तरीय पर्यवेक्षक टीम पवन कुमार स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मनीष द्विवेदी बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल द्वारा इंदिरा मेमोरियल इंटर कॉलेज, मामराज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नूरपुर, कौशलेंद्र विक्रम सिंह इंटर कालेज पयागपुर का टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया गया और अन्य ग्रामीण क्षेत्र में भी स्कूलों को देखा गया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्री प्रकाश पटेल,वर्षा गौतम, रणजीत सिंह का पूरा सहयोग मिला उन्होंने लक्षित समूह के सभी बच्चों का टीडी टीकाकरण कराया और कार्य में स्वास्थ्य विभाग की टीमों को पूरा सहयोग दिया।

### कतर्नियाघाट में दिखा नारंगी रंग की आंखों वाला दुर्लभ भारतीय ईगल उल्लू

**बहराइच।** फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की पाँच सदस्यों की टीम वन्य जीव संरक्षण के सिलसिले में सोमवार को कतर्नियाघाट के मुर्तिहा रेंज में एक गाँव तक गई थी। वहाँ से वापस आते समय एक खेत में पंख फैलाये एक उल्लू दिखाई पड़ा। जिसे क्लब अध्यक्ष बीडी लखमानी ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया। उन्होंने बताया कि ये भारतीय ईगल उल्लू है जो एक दुर्लभ प्रजाति माना जाता है और कई स्थानों पर इसकी उपस्थिति असामान्य है। यह उल्लू अपनी बड़ी आँखों, विशिष्ट पंखों के पैटर्न और रात में शिकार करने की क्षमता के लिए जाना जाता है, यह दुनिया के सबसे बड़े उल्लुओं में से एक है। इसके पंखों का रंग भूरा और चितकबरा होता है, इसकी आँखें नारंगी रंग की होती हैं, यह एशिया और यूरोप के विभिन्न हिस्सों में पाया जाता है। उन्होंने कहा कि कतर्नियाघाट जंगल की अच्छी जैव विविधता और पारिस्कीतंत्र में एक से एक दुर्लभ पछियों और वन्य जीव मौजूद हैं।

# नटवरलालों ने दलित महिला के खाते से हड़पे एक लाख

महिला के बेटे की तालाब में डूबकर हुई थी मौत, चार लाख का मुआवजा हुआ था आंवटित
बैंक में खाता खुलवाने के नाम पर अंगूठा लगवा की धोखाधड़ी

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** एक दलित युवक की तालाब में डूबकर मौत हो गई थी। मृतक आश्रित मां को चार लाख का मुआवजा आंवटित हुआ था। गांव के ही दो सम्पन्न नटवरलालों ने महिला को बैंक खाता खुलवाने के बहाने एक लाख रूपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

अशिक्षित महिला को बाद में भनक लगी। हड़पा गया धन मांगने पर जाति सूचक गाली गलौज कर मारपीट को आमदा हो गए। पीड़िता की तहरीर पर थाने में केस दर्ज न होने पर एसपी के यहां तहरीर दी है। रूपईडीहा थाने के हरिवंशपुर देवरा गांव निवासनी दलित रमकला पत्नी ननकू के बेटे की तालाब में डूबकर मौत हो गई थी।

प्रधानमंत्री राहत कोष से पीड़िता को चार लाख की अनुदान धनराशि आंवटित हुई थी।

गांव के ही दो नटवरलालों ने रमकला को चार जुलाई को बैंक में खाता खुलवाने के बहाने ले जाकर तमाम कागजों पर अंगूठा लगवा कर एक लाख की धनराशि अपने साथी के खाते में ट्रांसफर करवा दी। बाद में उस धनराशि को साथी के खाते से अपने खाते में ट्रांसफर करा ली। पीड़िता को जब इसकी भनक लगी। तब उसने एक लाख रूपये मांगे। तो नटवरलालों ने उसे जातिसूचक गाली गलौज कर जानमाल की धमकी दी। थाने में दो को नामजद कर धोखाधड़ी की तहरीर दी। केस दर्ज न होने पर पीड़िता ने एसपी के यहां तहरीर दी है।

### कजरी तीज पर सरयू से जल लेकर निकले श्रद्धालु, पृथ्वीनाथ मे करेंगे जलाभिषेक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कजरी तीज के अवसर पर मंदिरों और बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। श्रद्धालु भग्गडवा स्थित सरयू नदी से जल लेकर निकल रहे हैं।गंगवल बाजार स्थित श्री कल्याण नाथ मंदिर को भक्तों ने सजाया है। यहां कांवरियों के लिए प्रसाद और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। कांवरिये गंगवल कल्याण नाथ मंदिर में प्रसाद ग्रहण करने के बाद विश्व प्रसिद्ध पृथ्वी नाथ मंदिर की ओर निकल रहे हैं।श्रद्धालु बोल बम के जयकारे लगाते हुए हुजूरपुर, गंगवल बाजार, विशेश्वरगंज और पुरैना बाजार होते हुए पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे हैं। यह मंदिर लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पयागपुर की तरफ से आने वाले भक्त नहर पुल मार्ग से इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। स्थानीय समितियों और ग्रामीणों ने कांवरियों के स्वागत की तैयारियां की हैं। गंगवल, विशेश्वरगंज, पुरैना बाजार और बड़ानिजाम के मार्गों पर पंडाल लगाए गए हैं। इन पंडालों में जलपान केंद्र, विश्राम स्थल और ठहरने की व्यवस्था की गई है।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खां कावंड़ियों व शिवभक्तों के लिए लगाते हैं पंडाल

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** विदित रहे पिछले 17 वर्षों से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खां के द्वारा कजरीतीज के दिन कांवड़ियों/शिवभक्तों के सेवा के लिए फल वितरण हेतु एक पंडाल लगाया जाता है जिसे प्रेम के पंडाल के नाम से जाना जाता है।

इस वर्ष भी कजरीतीज पर्व पर 25 अगस्त को सरयू करनैलगंज पृथ्वीनाथ मंदिर मार्ग पर कटरा बाजार में प्रेम का पंडाल लगाया गया और कांवड़ियों/श्रद्धालुओं को फल वितरण किया गया पूर्वांचल में कजरीतीज के पर्व को भारी आस्था व उत्साह के साथ करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु शिवमन्दिरों पर जलाभिषेक करते हैं कजरी तीज के दिन जहां हमारा हिन्दू भाई हजारों पंडाल पुण्य के लिए लगाता है। वहीं मेरा एक प्रेम का पंडाल आपसी भाईचारा को बढ़ाने व हिन्दू मुस्लिम एकता को मजबूती के लिए लगता है कजरी तीज कि मसूद खां ने सभी देशवासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर वकार खान विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी जिला पंचायत सदस्य निसार अहमद अंसारी पूर्व चेयरमैन कटरा बाजार जियाउर्रहमान खान सुफियान खान युवा नेता फरमान का सभासद कृष्ण चंद्र पांडे राजू वर्मा विकास प्रजापति जियालहक शाह पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी कटरा बाजार आसिफ लारी मोबीन बीडीसी सदस्य महफूज खान मुराद अली शाह अर्शी बाबा विवेक मिश्रा अर्जुन यादव रामराज गौतम इरफान खान, सलमान खान,खान साहब हलधरमऊ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### एसकेएस कॉलेज सबलापुर में आयोजित हुई मॉडल प्रदर्शनी

**बहराइच।** डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में सोमवार को माडल प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें नर्सिंग के एएनएम, जीएनएम व बीएसए नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसको संस्था डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला व नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर ने माडल प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं से विधिवत जानकारी ली। डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला व प्राचार्य हरीश नागर ने कहा इस प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र,छात्राएं नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की ओर अग्रसर होंगे।

उन्होंने प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए सराहना भी की। इस मौके पर मैनेजर आस्था शुक्ला, शिक्षिका सौम्या सिंह, सुनिधि शुक्ला, आंचल सिंह, ईशा वर्मा, संगीता पाल, कीर्ति मिश्रा, लवीशा प्रजापति, फूलचंद्र डावरिया, पुष्पेन्द्र तिवारी मौजूद रहें।

उत्सव

100 से अधिक स्थानों पर होगी बप्पा की स्थापना

# गणेश चतुर्थी की तैयारियां पूरी, पंडालों की सजावट शुरु

समृद्धि न्यूज





**बहराइच ।** बुधवार से शुरू होने वाले गणेश चतुर्थी उत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। नगर में 15 से अधिक स्थानों पर पंडालों की स्थापना की गई है। नगर के ब्राह्मणीपुरा और गुदड़ी समेत कई इलाकों में विघ्न विनाशक के स्वागत की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। रविवार की देर शाम ब्राह्मणीपुरा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान की प्रतिमा के साथ निकले।

इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई। गौरतलब है कि नगर में गणेश पूजा की शुरुआत ब्राह्मणीपुरा से ही हुई थी। वर्तमान में जिले में करीब सौ से अधिक स्थानों पर गणपति की स्थापना की जाती है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं। कोलकाता से आए सात कारीगर मई-जून से नानपारा के शिवपुर रोड बाई पास पर गणेश प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे हैं। शिल्पकार भोला नाथ मंडल के नेतृत्व में कलाकार 2.5 फुट से लेकर 10 फुट तक की ऊंची प्रतिमाएं बना रहे हैं।सभी मूर्तियां प्राकृतिक मिट्टी से तैयार की जा रही हैं। यह मिट्टी पानी में आसानी से घुल जाती है। इससे जल प्रदूषण को रोका जा सकता है। पर्यावरण के अनुकूल इन मूर्तियों की मांग लगातार बढ़ रही है। मुख्य कारीगर भोला नाथ के अनुसार, 10 फुट की मूर्ति की कीमत 15-20 हजार रुपए है। सबसे छोटी मूर्ति 4-5 हज़ार रुपए में उपलब्ध है। प्रतिमा निर्माण में तीन कारीगर और चार हेल्पर कार्यरत हैं। स्टेशन रोड और माधवदास मंदिर पर लगने वाले पंडाल गणेश चतुर्थी के दौरान लोगों का विशेष आकर्षण रहते हैं। दोनों पंडालों की समितियां इन्हें बेहतर बनाने में पूरी मेहनत करती हैं।

## खबरें एक नजर में

### प्रतिबंधित हरे-भरे पेड़ों की धड़ल्ले से हो रही कटान



**सलोन रायबरेली।** प्रकृति की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा पेड़ लगाने का अभियान चलाया जा रहा है।तो वहीं खाऊं कमाऊं नीति के चलते हरियाली के दुश्मन कुदरत के सुहाग को उजाड़ने में पूरी तरह तुले हैं। इस खेल में जिम्मेदारों की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। मामला सलोन के सूची क्षेत्र का है।जहां प्रतिबंधित पेड़ों को काटना सबसे सुरक्षित जोन बन गया है।यहां कोई भी पेड़ों को काटकर आसानी से बेच सकता है। जमुर्वा बघौला सेमरी झकरासी छेदवा नेम का पुरवा सहित अन्य गांवों में आए दिन प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ों को धराशाई किया जाता है।पुलिस और वन विभाग की जुगलबंदी से शीशम आम महुआ नीम गूलर के भारी भरकम पेड़ों को धड़ल्ले से काटा जा रहा है। जब जिम्मेदारों की जानकारी के बिना कटान होती है तब पकड़ने का काम करते हैं। आखिर इन लकडकट्टो पर कार्यवाही क्यों नहीं होती है। लोगों की माने तो सेटिंग गेटिंग कर पेड़ों को अवैध रूप से काटा जाता है। इसमें वनरक्षक की भूमिका भी अहम होती है। जानकारी होने के बावजूद कहते हैं कि पता नहीं है।वही इस संबंध में सलोन रेंजर ने बताया जानकारी नहीं है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### जिला कारागार सीतापुर का किया गया मासिक निरीक्षण



**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप सक्सेना के निर्देश के अनुरूप जिला कारागार सीतापुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। जिला कारागार सीतापुर में जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह सहित अन्य जेल अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना द्वारा जिला कारागार सीतापुर में बैरकों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय, बन्दियों से वार्ता की गयी। वार्तालाप के दौरान बन्दियों की छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हे सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। जेल अपील के सम्बन्ध में भी पूछंताछ की गयी, बताया गया कि सभी दोष-सिद्ध बन्दियों द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील दाखिल कर दी गयी है। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेन्स काउंसिल बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल, सुजीत बाजपेई डिप्टी चीफ तथा शुभांशी तिवारी व अंकुर वर्मा, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम भी साथ मे मौजूद रहे तथा जिला कारागार में सभी व्यवस्था दुरुस्त पाई गयी। जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, जेल लीगल एड क्लीनिक पर मौजूद पी.एल.वी. से उसके कार्यों के बारे में व निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में पूछा गया तथा रजिस्टर जॉचे गये। इस दौरान जातीय आधार पर भेद-भाव से सम्बन्धित कोई मामला संज्ञान में नहीं आया।

### जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम को भेंट की मासिक पत्रिका सूचना सबकी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को उपजिलाधिकारी मुसाफ़िर खाना को मासिक पत्रिका सूचना सबकी भेट की गई। राजधानी लखनऊ से प्रकाशित मासिक पत्रिका सूचना सबकी की माह अगस्त की प्रति मंडल ब्यूरो चीफ यशपाल सिंह द्वारा उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया को उनके कार्यालय में भेट की गई। इस अवसर पर यशपाल सिंह के साथ वरिष्ठ समाजसेवी नंदकिशोर त्रिपाठी उर्फ नंदा बाबा भी मौजूद रहे। मण्डल ब्यूरो चीफ यशपाल सिंह ने बताया कि इस अंक में स्थानीय समाचार भी प्रकाशित है।

### शोक संवेदना व्यक्त करने कांग्रेसी नेता के घर पहुंचे सांसद




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व प्रधान का लगभग डेढ़ माह पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था जहाँ सांसद ने उनके आवास पर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। विकास खण्ड जगदीशपुर के अंतर्गत पहाड़पुर मजरे गडरियाडीह गांव निवासी 105 वर्षीय वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी मुनीर खां चार बार लगातार प्रधान रहे और एक बार बीडीसी का भी चुनाव जीता जिनका बीते 6 जुलाई को देहान्त हो गया था। जिसकी जानकारी होने पर सोमवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर आए सांसद किशोरी लाल शर्मा ने उनके आवास पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, हाजी सलाउद्दीन खां, एडवोकेट मोहम्मद जहीर खां, एडवोकेट पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जगदीशपुर विजय पासी, कामता प्रसाद मिश्रा, सगीर कुरैशी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां चारा मशीन में उतरे बिजली के करंट की चपेट में आने से एक नवयुवक की मौत हो गई। परिजन मोटरसाइकिल से युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके बाद बिना पुलिस को सूचना दिए परिजन मोटरसाइकिल शव को लेकर घर रवाना हो गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे पतऊ गांव का है जहां अशोक कुमार यादव के 22 वर्षीय बेटे राजकुमार यादव की चारा मशीन में उतरे बिजली के करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। परिजन मोटरसाइकिल से युवक को लेकर संग्रामपुर सीएचसी पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन मोटरसाइकिल से ही शव को लेकर अपने घर के लिए रवाना हो गए। संग्रामपुर सीएचसी प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि परिजन युवक को लेकर अस्पताल आए थे।अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया।

### अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का हुआ समापन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में लखनऊ जोन के 2 दिवसीय 12वीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रतियोगी खिलाड़ियों का परिचय लिया गया तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा लखनऊ जोन की मलखम्भ की विजेता टीम व खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया । समापन दिवस पर 6 सदस्यीय निर्णायक मण्डल के निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निर्णय के उपरान्त टीम प्रतिस्पर्धा में जनपद अमेठी की टीम 26 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही । अम्बेडकरनगर की टीम 16 अंकों के साथ द्वितीय व सुलतानपुर की टीम 10 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही । एकल प्रतिस्पर्धा में आरक्षी प्रमोद कुमार जनपद अमेठी प्रथम स्थान पर, आरक्षी आकाश यादव जनपद अम्बेडकरनगर द्वितीय स्थान पर तथा आरक्षी ओमजी त्रिपाठी जनपद अमेठी तृतीय स्थान पर रहे । तदोपरान्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में नियुक्त समस्त अनुचरों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

# राना बेनी के बेटे हैं, इतिहास अमर कर सकते हैं...

- कवियों में डर रहा नीले ड्रम का डर, खूब खुदखुदाया और हंसाया
- राना की 221वीं जयंती की शाम पर सजी गीत, गजलों और शायरी की महफ़िल





**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

अवध के 'महाराणा प्रताप' अमर सेनानी 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक व अवध केसरी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 221वीं जयंती की शाम राणा बेनी माधव भगत सिंह स्मारक समिति रायबरेली द्वारा आयोजित गीत, गजलों और शायरी की महफ़िल से सजी। देश और दुनिया में अपना नाम करने वाले कलमकारों से सजी महफ़िल का जादू श्रोताओं में कुछ इस कदर चला की रात के एक पहर तक लोग फिरोज गांधी कॉलेज के सभागार में जमे ही रहे। कवि सम्मेलन का आगाज नागपुर से आई कवयित्री श्रद्धा शौर्य की सरस्वती वंदना के साथ हुई। कवि सम्मेलन में कवियों ने कविताओं के अलग-अलग रस बिखरे। श्रोता प्रेम रस से भावनाओं में बहे तो कभी हास्य रचनाओं ने उन्हें गुदगुदाया, वहीं वीर रस के कवि मोहित शौर्य की कविताओं पर सभी देशप्रेम से ओतप्रोत भी दिखे।

नागपुर से कवयित्री श्रद्धा शौर्य द्वारा रचित सरस्वती वंदना शारदे सुरेस्वरी, भारती स्वरेश्वरी में, अखंड ज्योति को अनंत ज्ञान तार दे, देय खण्ड ज्योति को अंत ज्ञान प्राण दें। पढ़कर कवि सम्मेलन की शुरुआत की। गाजियाबाद से आए वीर रस के कवि मोहित शौर्य ने पढ़ा, घोट लिमिट में उम्मीदों की एक किरण ले आते हैं, कोई देर नहीं करते हैं एक ही क्षण में आते हैं, जब इस भरत भूमि का मान हरण होता है तब, लाज बचाने को हर युग में माधव रण में आते हैं। उन्होंने पढ़ा राना बेनी के बेटे हैं, इतिहास अमर कर सकते हैं, गांधी के बंदर मत समझो...। मुम्बई से आए फिल्मी दुनिया के गीतकार, लेखक और कवि प्रबुद्ध सौरभ ने पढ़ा न समझो कि कुछ भी अजब कर रहे हैं, न समझो कि ये सिर्फ प्रण कर रहे हैं, इक आदत पुरानी चली आ रही है, गजब ही किया है, गजब कर रहे हैं। बालमोहन पाण्डेय ने पढ़ा मैं जुगनू हूं उजालों में भला क्या अहमियत मेरी, वहां ले जाइए मुझको जहां पर रौशनी कम है। छत्तीसगढ़ के कोरबा से आए हीरामणी वैष्णव ने लोगों को अपनी कविताओं से खूब गुदगुदाया। उन्होंने एक प्रेमी पर पढ़ा कि तेरे लिए शीशे का महल बनवा के हम, पड़ोसन को जला-जला के मार डालेंगे। जो-जो हंसते थे कल मेरा हाल देख, उनको कसम से रूला के मार डालेंगे। डरना नहीं पुरानी हो चुकी कहावतों से, डर को भी डर दिखला के मारे डालेंगे। पत्थर जो फेंके कोई भूल से भी घर में तो, बाबा बुलडोजर चलाके मार डालेंगे। हरियाणा के पलवल से आए विष्णु विराट ने पढ़ा जुगनूओं ने शराब पी ली है, अब ये सूरज को गालियां देंगे। किसी ने प्यार जताकर छोड़ा, हवा ने मुझको उठाया उठा के छोड़ दिया। नागपुर से आई ओज की कवयित्री श्रद्धा शौर्य ने पढ़ा सुनो के कैसे जली पद्मिनी, शील बचाने की खातिर, तुमने सारी शर्म बेच दी, रील बनाने की खातिर। बरेली से आए गजलकार अंशू मिश्रा ने पढ़ा तुम्हारे जाने पे दिल का दफ्तर समेट लेंगे, फिर इस सड़क पर कोई सवारी नहीं चलेगी, हम अपनी मर्जी से उसके दिल में रहा करेंगे, हमारे घर में भी क्या हमारी नहीं चलेगी। जिला कोषाधिकारी व बनारस से आने वाली श्रृंगार रस की कवयित्री डॉ. भावना श्रीवास्तव ने पढ़ा जरा देखिए तो गजब ढ़ा रहे हैं, गजल के बहाने सुना क्या रहे हैं। करें कैसे चारागरों पे भरोसा, मरज कौन सा है बता क्या रहे हैं। उन्होंने पढ़ा, जब दिखाई दे रहा था खुदकुशी का रास्ता, तब अचानक ही मिला ये शायरी का रास्ता, रात वो नेमत है जो रौशन है अपने नूर से वो भला कब देखती है रोशनी का रास्ता। अपनी खूबसूरत गजल वह अगर बेवफा नहीं होता, फिर कोई मसला नहीं होता...जिंदगी ले चले जिधर चाहे, हम से अब फैसला नहीं होता...पढ़कर खूब तालियां बटोरी। बाराबंकी से आए कवि अभिसार गीता शुक्ल ने पढ़ा दश्त किनारे इश्क़ पुकारें और कहें ये तुम ही हो, हर मरहम का घाव लगा लें और कहें ये तुम ही हो, सब ने क्या क्या रूप गढ़े हैं तेरी हुस्न-बयानी में, हम दरिया से चाँद निकालें और कहें ये तुम ही हो। उन्होंने अपने छंद %कौन है राम% पढ़ने के साथ ही कृष्ण के प्रेम पर कविताएं पढ़ी देह पिघल गई मथुरा भर की, देह पिघल गई यमुना कर की...की बनवारी की राह जोहरते। उदासी चखती रहती है दुःखों को धार देती है। मोहब्बत कुछ नहीं करती है लड़के मार देती हैं। मध्य प्रदेश के चंदौसी शहर से आए गजलकार और कवि चराग शर्मा ने पढ़ा तुम्हारा क्या है तुम्हें सिर्फ ज्ञान देता है। हमारी सोचो, हमें इम्तिहान देना है। उन्होंने अपने मुताबिक सजा सुना दी है, हमें सजा के मुताबिक बयान देना है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रेम के कवि स्वयं श्रीवास्तव ने अपने काव्यपाठ की शुरुआत संघर्ष कर रहे नौवजानों को लेकर की। उन्होंने पढ़ा ऐसा नहीं सारा फलक मांग रहे हैं, हम सिर्फ अपने हिस्से का हक मांग रहे हैं, सरकार तुम चलाओ हमको नौकरी तो दो, रोटी के लिए थोड़ा नमक मांग रहे हैं। इसके अलावा पढ़ा जीत में न हार ही जाने में मजा है, मैं जानता हूँ दांव लगाने में मजा है, इस जिंदगी की जंग में हारे जुआरियों, जो जीत गए उनको चिढ़ाने में मजा है...अपनी चित परचित कविता मुश्किल थी संभलना ही पड़ा घर के वास्ते...पढ़कर खूब तालियां बटोरी।

### पांच मीटर चौड़ी होगी राणा के पैतृक गांव उड़वा की सड़क

**रायबरेली।** अमर सेनानी राणा बेनी माधव भगत सिंह स्मारक समिति रायबरेली द्वारा आयोजित भाव समर्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए लोग निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने घोषणा की की राणा के गांव की सड़क को 3 मीटर से बढ़ाकर 5 मीटर किया जाएगा।

### रुद्रांश हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ



**महराजगंज, रायबरेली।** रायबरेली शहर के इनकम टैक्स ऑफिस के सामने साकेत नगर जेल रोड पर रुद्रांश हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ हुआ जिसमें सैकड़ो लोग मौजूद रहे। डॉक्टर इंचार्ज मोहम्मद मुर्तजा आदिल डॉक्टर नितिन मौर्य संदीप यादव डायरेक्टर संदीप सिंह संरक्षक आशीष साहू मैनेजर ने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में सभी प्रकार के इलाज किए जाएंगे ऑपरेशन से लेकर हर तरह के इलाज किए जाएंगे गरीब लोगों के लिए विशेष प्रकार की व्यवस्था रखी गई है अब उन्हें इधर-उधर भागना नहीं पड़ेगा और शहर में ही उन्हें मुंबई और दिल्ली जैसा इलाज मिलेगा आज हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया है जो इनकम टैक्स ऑफिस के सामने साकेत नगर जेल रोड रायबरेली में स्थित है।

## 158 परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई व दवा का छिड़काव कराया गया: डीपीआरओ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह द्वारा समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 2301 परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई कराये जाने हेतु 25 से 30 अगस्त 2025 तक माईक्रोप्लान तैयार कर सफाई कर्मचारियों से रोस्टर के अनुसार साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। जिसके क्रम में आज सफाई कर्मचारियों द्वारा जनपद में कुल 158 परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई, झाड़ी की कटाई एवं दवा का छिड़काव कराया गया। जिनमें से विकास खण्ड डलमऊ की ग्राम पंचायत में स्थित प्राथमिक विद्यालय मलियापुर, भगवानपुर तपेतेरूखा विकास खण्ड ऊँचाहार की ग्राम पंचायत ऊँचाहार देहात, रामसाण्डा, हुरैसा, सरायभान, किशुनदासपुर, बहेरवा विकास खण्ड- सतांव की ग्राम पंचायत-शेखापुर, कल्याणपुर रैली, गोझरी, पूरे घासी, सलारपुर आदि ग्राम पंचायतों में स्थित विद्यालयों में साफ-सफाई का कार्य कराया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में नियंत्रक प्राधिकारी बैठक आहूत

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



कार्यालय नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट, विनियमित क्षेत्र सीतापुर में नियंत्रक प्राधिकारी की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्य सूचियों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत में 05 अगस्त 2024 को आयोजित पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। इसके उपरांत नियंत्रक प्राधिकारी सभा के समक्ष प्रस्तुत मानचित्रों एवं प्रस्तावों पर विचार किया गया।

इस दौरान मानचित्र संख्या 21/2025-26, जिला चिकित्सालय सीतापुर द्वारा श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री खेतराम, (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) के प्रकरण के निस्तारण पर विचार किया गया। साथ ही मेसर्स रूद्राक्ष डेवलपर्स, ग्राम रस्यौरा गाटा संख्या 606 मिनजुमला के सापेक्ष वर्तमान भू-उपयोग कृषि (ए-2) से औद्योगिक (प्लेज पार्क) में परिवर्तन के संबंध में अनुसचिव आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-8 के पत्र दिनांक 15 जुलाई 2025 तथा मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 9 जुलाई 2025 में दिए गए निर्देशों के क्रम में उक्त प्रस्ताव को सीतापुर महायोजना-2031 के आलोक में पुनः परीक्षण हेतु भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में अन्य विषय भी जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से चर्चा हेतु रखे गए। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नहर में गिर रहे हैं साधन, लोग हो रहे हैं चोटिल, फिर भी नहीं हो रहा पुल निर्माण

- सड़क चौड़ीकरण के बाद संकरे पुल से जनता परेशान तो विभागों की हठधर्मिता से हैरान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



दुसौती महराजगंज मार्ग के ईशा पुर गांव के पास बना पुल लोगों के लिए मुसीबत बना है महराजगंज से लेकर दुसौती तक सड़क तो चौड़ीकरण हो गई लेकिन पुल मुसीबत बने हुए हैं। जहां एक ओर सधई का पुरवा से लेकर पहरावां तक वन विभाग की हठधर्मिता के कारण लगभग 1 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है तो वही पुल भी सकरा है और वह भी नहीं बन पा रहा है। तो वहीं ईशापुर पुल के बारे में लोगों ने बताया कि नहर विभाग की है हठधर्मिता के कारण नहीं बन पा रहा है। पहले कुछ सामान निर्माण का गिराया गया उसके बाद उसे उठा लिया गया लगभग 500 मीटर सड़क और यह पुल जो वर्षो से एस के आकार में सकरा बना हुआ है और लोग गिरकर नहर में चोटिल होते हैं तो वहीं बड़े-बड़े ट्रक भी नहर में इसी पुल के कारण गिर गए जब की यह सड़क एन एच में जोड़ती है जो कि सीधे अयोध्या को जाती है। ग्रामीण विजय ईशापुर मुकेश धीरज राजू निवासीगण दुसौती संजय नंदा का पुरवा व रुकनपुर बैखरा के ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो से यह पुल सकरा बना हुआ है इसकी रेलिंग भी टूट गई है और कई बार बड़े साधन नहर में गिर गए हैं फिर भी इस ओर देखने कोई नहीं आता और हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है। कुछ सामान गिराया गया था निर्माण का फिर निर्माण नहीं हुआ ग्रामीणों ने कहा कि नहर विभाग की हठधर्मिता के कारण पुल का निर्माण और पांच सौ मीटर सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है जिसकी वजह से समस्या बनी हुई है ।और जिस सड़क का चौड़ीकरण किया है उस महराजगंज दुसौती मार्ग पर अब काफी बड़े साधन भी निकालते हैं अब इस समस्या का हल होना जरूरी है लेकिन फिर भी कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## जिलाधिकारी ने अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्य का किया निरीक्षण

- लालबाग शहीद पार्क में चल रहा है कार्य

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर पालिका परिषद सीतापुर में अवस्थित लालबाग शहीद पार्क में अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्य का निरीक्षण किया। योजना के अन्तर्गत शहीद स्तम्भ, मंच पर पत्थर लगाने का कार्य, सीसी रोड एवं पाथवे, लैण्डस्केपिंग, प्लांटेशन, लाइट, साइनेज, बेंच एवं आरओ वाटर कूलर के साथ वाटर कियोस्क स्थापना का कार्य प्रस्तावित है। डीएम ने निर्देश दिये कि पूरी गुणवत्ता के साथ कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि महान शहीदों के नाम आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किये जायें तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाये। पार्क के निर्माण क्षेत्र में अतिक्रमण का तत्काल हटवाया जाये। कार्यों की धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्था शिवाय इफ्राटेक लखनऊ के प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुये चेतावनी दी कि सुधार न होने पर नियमानुसार दण्ड लगाया जायेगा। इसके उपरान्त नगर पालिका सीतापुर उपवन योजनान्तर्गत बिजवार में पार्क के विकास कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। पार्क में बाउन्ड्रीवाल, इंटरेंस गेट, बेंच, टॉयलेट एवं यूरिनल यूनिट, इंटरलाकिंग पाथवे, चौकीदार रूम, ओपेन जिम, बच्चों के खेलनें के उपकरण, हॉर्टिकल्चर का कार्य, सघन वृक्षारोपण, लाइटिंग एवं आरओ वाटर कूलर के साथ वाटर कियोस्क स्थापना का कार्य प्रस्तावित है। पार्क में मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण हेतु वन विभाग द्वारा कार्य कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्देश किये कि कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाये तथा अवैध अतिक्रमण तत्काल हटवाये जायें। पार्क में सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाये। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। मिट्टी के समतलीकरण का कार्य ठीक प्रकार से कराया जाये। निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण न होने पर कार्यदायी संस्था शिवाय इफ्राटेक लखनऊ के प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुये चेतावनी दी कि सुधार न होने पर नियमानुसार दण्ड लगाया जायेगा। डीएम ने कहा कि ओपेन जिम की स्थापना का कार्य भी समय से कराया जाये। जिलाधिकारी ने हुसैनगंज वार्ड में स्थित तालाब का भी निरीक्षण किया एवं तालाब की साफ-सफाई तथा सौन्दर्यीकरण हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि तालाब पर प्रस्तावित कार्य समय से कराये जायें एवं अवशेष धनराशि की मांग हेतु समय से पत्राचार किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन जिला चिकित्सालय में 50 शैय्यायुक्त क्रिटिकल केयर ब्लॉक का किया निरीक्षण जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन जिला चिकित्सालय में 50 शैय्यायुक्त क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम, लखनऊ द्वारा कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने साइट प्लान एवं निर्माण कार्यों को गहनतापूर्वक देखा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 200 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में व नशा मुक्त अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान दो अभियुक्तों विनोद गुप्ता पुत्र राम सुमिरन निवासी ग्राम नसरतपुर थाना मोहनगंज व इरफान पुत्र जुम्मन निवासी पूरे काशी पुरवा मजरे भदसाना थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से विनोद गुप्ता के कब्जे से 110 ग्राम स्मैक व इरफान के कब्जे से 90 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध विभिन्न जनपदों में गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों सीएम डैशबोर्ड व निर्माण कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यो की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली, तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं, जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीर भानू सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सांसद के एल शर्मा ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को दौरे के दूसरे दिन लोकप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा ने लखनऊ- वाराणसी राजमार्ग एन एच 731 पर रामपुर उर्फ लोकराय गांव के समीप नवनिर्मित मानस फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प का शुभारम्भ फीता काटकर किया। इस अवसर पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि इस पम्प के शुरू होने से आसपास के ग्रामीणों और यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अब लोगों को ईंधन भरवाने के लिए दूर-दराज़ नहीं जाना पड़ेगा। पम्प संचालक हरिहर नाथ त्रिपाठी ने बताया कि उपभोक्ताओं को शुद्ध और मापदण्डों के अनुसार पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसी क्रम में दूर संचार सलाहकार सदस्य संजय गुप्ता ने सांसद किशोरी लाल शर्मा को निजामुद्दीनपुर विसर्जन घाट बनाये जाने को लेकर प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि निजामुद्दीनपुर गांव स्थित गोमती नदी घाट पर प्रतिवर्ष नवदुर्गा पूजा समितियों का विसर्जन दो दिनों तक रात-दिन चलता है। इस घाट पर अमेठी व सुल्तानपुर जिले की लगभग 350 मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है। गोमती नदी पर घाट व सीढी न होने से कटान व बडे बड़े गड्ढे हो जाते हैं। और घाट पर आये दिन त्योहारों पर आम जन मानस पूजा-पाठ स्नान व दाह संस्कार हेतु आते जाते हैं। विसर्जन के समय केवल मिट्टी डालकर, किसी तरह विसर्जन करा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में जनहित को देखते हुए पक्का धाट का निर्माण कराये जाने की मांग की। इस मौके पर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, भोला नाथ त्रिपाठी, अभिषेक प्रताप सिंह, हरिविजय धीरू, गोविन्द ओझा, सदाशिव यादव, फिरोज आलम, राजू ओझा, राहुल गुप्ता, जितेंद्र, हर्षित सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# भगवान भरोसे स्कूल

यह देश की विडंबना ही कही जाएगी कि शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकारें कामचलाऊ नीतियों के भरोसे ही रहती हैं। एक तरफदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दस लाख स्वीकृत पद खाली पड़े हैं, वहीं देश में अथाह बेरोजगारी बनी हुई है। निस्संदेह, बच्चों की प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा उच्च शिक्षा की बुनियाद होती है, यदि बुनियाद ही कमजोर होगी तो राष्ट्र की इमारत कैसे मजबूत होगी? हाल ही में संसद की शिक्षा, महिला, बाल और खेल मामलों की स्थायी समिति ने खुलासा किया कि देश के शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के दस लाख पद खाली हैं। विडंबना यह है कि पांच साल पहले भी शिक्षामंत्री ने देश में दस लाख साठ हजार शिक्षकों के पद रिक्त होने की बात कही थी। यह भी जानकारी सामने आयी है कि वर्ष 2019 से इन पदों पर भर्ती हुई ही नहीं है। यानी आधे दशक में हम इस दिशा में कुछ भी करने में नाकाम रहे हैं। विडंबना यह है कि पिछले साल आई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि देश में एक लाख ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जहां एक ही शिक्षक नियुक्त है। सोचा जा सकता है कि एक शिक्षक कैसे सभी कक्षाओं के बच्चों को सारे विषय पढ़ाता होगा? विसंगति यह भी है कि इतने शिक्षकों की कमी के बावजूद सेवारत शिक्षकों को विभिन्न सरकारी अभियानों का जिम्मा भी दिया जाता है। जिसका खमियाजा छात्र की भुगतते हैं। आखिर हम अपनी प्राथमिक शिक्षा की ये कैसी बुनियाद रख रहे हैं? चिंताजनक स्थिति यह है कि सरकारी स्कूलों को समय की जरूरत के हिसाब से पर्याप्त बजट नहीं मिल पाता। स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव रहता है। कोरोना संकट ने सरकारी शिक्षण व्यवस्था की पोल खोली थी कि गिने-चुने स्कूलों में ही कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध थी। एक ओर देश के निजी स्कूलों में एआई और आधुनिक शिक्षण तकनीकों से ज्ञान दिया जा रहा है, वहीं सरकारी स्कूल शिक्षकों के लिये भी तरस रहे हैं। इन स्कूलों के पाठ्यक्रमों को समय की चाल में नहीं ढाला जा सका है। वहीं कौशल विकास की शिक्षा देना तो दूर की कौड़ी है। आखिर हम सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का कैसा भविष्य बना रहे हैं? क्या वे स्कूल-कालेजों से निकलकर वैश्विक चुनौतियों के साथ कदमताल कर पाएंगे? हम अपने छात्रों को वह आधुनिक ज्ञान नहीं दे पा रहे हैं जो आगे चलकर उन्हें बेहतर जीवनयापन के अवसर दे सके। सही मायनों में हम सरकारी स्कूलों के नाम पर बीमार भविष्य के कारखाने चला रहे हैं। जो कालांतर छोटी-मोटी नौकरी ही पा सकते हैं या फिर बेरोजगारी की अंतहीन श्रृंखला में खड़े हो जाते हैं। वहीं सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम को भी समय की जरूरत के हिसाब से नहीं ढाला जा रहा है। उलटे पाठ्यक्रमों को राजनीतिक दलों की विचारधारा के हिसाब से ढालने का उपक्रम लगातार किया जाता रहा है। निश्चय ही ये स्थितियां इन बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही कही जाएंगी। अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि हम भारत का कैसा भविष्य तैयार कर रहे हैं।

# महिलाएं लिख रही हैं कामयाबी की नई इबारत

डॉ. लोकेश कुमार



**महिला समानता दिवस (26 अगस्त) पर विशेष**

**महिलाओं के साथ एकता के बिना एकता निरर्थक है, शिक्षित महिलाओं के बिना शिक्षा निरर्थक है और महिलाओं की शक्ति के बिना आंदोलन अधूरा है। मैं नहीं जानता कि इस दुनिया का क्या होगा, जब बेटियों का जन्म नहीं होगा। विश्वभर में महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाता है। क्योंकि इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1920 में महिलाओं को मतदान करने और लैंगिक समानता का अधिकार प्रदान किए थे। इस कदम ने महिलाओं के उत्थान की नई इबारत लिखी थी। इस अधिकारों के बदौलत आज महिलाएं पुरुषों के मुक़ाबले किसी भी कार्य में पीछे नहीं है। वे आज विश्वभर में विकास की नई ऊंचाइयां तय कर रही हैं।**

भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर कहते थे कि महिलाओं के साथ एकता के बिना एकता निरर्थक है, शिक्षित महिलाओं के बिना शिक्षा निरर्थक है और महिलाओं की शक्ति के बिना आंदोलन अधूरा है। मैं नहीं जानता कि इस दुनिया का क्या होगा, जब बेटियों का जन्म नहीं होगा। विश्वभर में महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाता है। क्योंकि इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1920 में महिलाओं को मतदान करने और लैंगिक समानता का अधिकार प्रदान किए थे। इस कदम ने महिलाओं के उत्थान की नई इबारत लिखी थी। इस अधिकारों के बदौलत आज महिलाएं पुरुषों के मुक़ाबले किसी भी कार्य में पीछे नहीं है। वे आज विश्वभर में विकास की नई ऊंचाइयां तय कर रही हैं।

महिला समानता का अर्थ है कि महिलाओं, पुरूषों और सभी लिंगों के बीच लाभों और जिम्मेदारियों के वितरण में निष्पक्षता और न्याय किया जाए। अमेरिका की स्वतंत्रता 1776 में हुई और 1787 में संविधान को अपना कर गणतंत्रात्मक शासन व्यवस्था की नींव डाली। इसके लगभग 140 साल बाद महिलाओं को लैंगिक समानता का आधार पर वोटिंग करने का अधिकार प्रदान किया गया। वैदिक काल में भारत में नर-नारी में कोई विभेद नहीं था और ग्रामीण नारी पुरूष के समकक्ष थी। वह स्वतंत्र और सम्मानीय थी और श्रम एवं सम्पत्ति में समान रूप से भागीदारी थी। लेकिन, मध्यकाल में सामंती सभ्यता और इस्लामिक आक्रांताओं के बाद स्वतंत्र चेतना की वाहक, विदुषी, परिश्रमी, सम्मानीय ग्रामीण नारी अपने स्वाभिमान और इज्जत आबरू की रक्षा के लिए पर्दे में रहने लगी। यह पर्दा प्रथा धीरे-धीरे इतना सुदृढ़, कठोर हो गया कि उसने शरीर के साथ नारी की आत्मा को भी ढंक लिया। लेकिन भारत ने स्वतंत्रता के जन्मते ही महिलाओं और पुरूषों सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार प्रदान किया।

भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ और 26 जनवरी 1950 को गणतांत्रिक शासन व्यवस्था की स्थापना की गई। देश के संविधान में ही महिलाओं को लैंगिक समानता और वोटिंग का अधिकार प्रदान कर दिया। यह हमारे देश की खूबसूरती है कि हमारे मनुस्मृति के तृतीय अध्याय (3/56) में लिखा गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता' अर्थात जहां स्त्रियां की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। श्लोक का दूसरा भाग बताता है कि जहां महिलाओं का अनादर होता है, वहां किसी भी प्रकार के अच्छे कर्म अर्थात पूजा, यज्ञ आदि सफल नहीं होते और निष्फल हो जाते हैं। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि विश्व में महिलाओं के अधिकार का ढिंढोरा पिटने वाले अमेरिका ने अपने देश की आजादी के 140 साल बाद महिलाओं को अधिकार प्रदान किया और भारत ने आजादी के साथ ही महिलाओं को समानता और वोटिंग का अधिकार प्रदान कर दिया। यह अधिकार भारत को उसकी संस्कृति और उसके मूल्यों से उसे मिले हैं। महिलाएं हमेशा से ही परिवर्तन और प्रगति में अग्रणी रही हैं, उन्होंने बाधाओं और रूढ़िवादिता को तोड़ा है।

मताधिकार के लिए लड़नी वाली महिलाओं से समानता के लिए संघर्ष करने वाली आधुनिक कार्यकर्ताओं तक, सभी महिलाएं दशकों से समानता और सशक्तीकरण के लिए लड़ रही हैं। महिलाओं ने अभी बहुत कुछ पा लिया है लेकिन अभी बहुत कुछ काम बाकी है। महिलाओं का समाज के उस गंदे दक़ियानूसी सोच के उन लोगों से उसे कार्यस्थल, राजनीति और निजी जीवन में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन इन चुनौतियों के बाद भी महिलाएं आगे बढ़ रही हैं और अपनी आवाज को बुलंद कर रही है। न्यूजीलैंड विश्व में पहला स्वचालित देश था जिसमें सभी महिलाओं को 1893 से संसदीय चुनावों में वोट देने का अधिकार दिया था।

लेकिन महिलाएं 1919 तक संसद के चुनाव के लिए प्रत्याशी के रूप में खड़ी नहीं हो सकती थीं। 1919 में तीन महिलाएं खड़ी हुईं लेकिन असफल रहीं। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की कॉलोनी ने 1895 में महिलाओं को वोट देने और चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई। स्वीडन में 1718 और 1772 के बीच स्वतंत्रता के दौरान सशर्त महिलाओं को मतदान करने का अधिकार दिया गया। लेकिन वहाँ 1919 तक समानता नहीं मिली थी, जहां महिलाओं के वोट पुरूषों के समान माने जाए।

1906 में फिनलैंड का स्वायत्त, जो बाद में फिनलैंड गणराज्य बना, दुनिया का पहला देश बना जिसने सभी महिलाओं और पुरुषों को वोट देने और चुनाव लड़ने का अधिकार दिया। फिनलैंड यूरोप का पहला देश था जिसने महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया। 1907 में दुनिया की पहली महिला संसद सदस्य चुनी गई। यूरोप में अपवाद स्वरूप फ्रांस देश है जिसने 1944 तक महिलाओं को वोट देने से वंचित रखा। स्विट्जरलैंड में महिलाओं को 1971 में संघीय स्तर पर वोट देने का अधिकार मिल गया और 1959 और 1972 के बीच स्थानीय कैंटोनल स्तर पर, 1989 /1990 में ऐपेंजेल को छोड़कर स्विट्जरलैंड में महिलाओं को मताधिकार दिया गया। दिसम्बर ,2015 में सउदी अरब में पहली बार नगरपालिका चुनावों में वोट देने की अनुमति दी गई थी। सन 2023 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक बयान में कहा था कि अफगानिस्तान के तालिबान शासन में महिलाओं के अधिकार कम होते जा रहे हैं। बहरहाल, यही कहा जा सकता है कि अभी 189 देशों में महिलाओं को वोटिंग करने का अधिकार दिए जा चुके हैं लेकिन आज महिलाएं किसी काम में पुरुषों से कम नहीं आंका जा सकता, वे अंतरिक्ष, चांद पर अपना परचम लहरा चुकी हैं। लेकिन उनकी दुर्दशा भी किसी न किसी रूप में विद्यमान है।

## विचार

# राजस्थान रेत का विस्तार नहीं अवसरों का पिटारा

डॉ. सुबोध अग्रवाल



**तीसरा, कोटा के जल संसाधन ऊर्जा भंडारण और शिक्षा हब दोनों को गति दे रहे हैं। तो चौथे, पोटाश, यूरेनियम, हाइड्रोकार्बन, क्रिटिकल मिनरल और अन्य खनिज प्रदेश की अर्थव्यवस्था का भविष्य तय कर रहे हैं। राजस्थान निवेशकों की पहली पसंद बनने का बड़ा कारण यह है कि राजधानी दिल्ली और अन्य प्रमुख केन्द्रों से कनेक्टिविटी और यहां की कानून व्यवस्था व लोगों का व्यवहार। शांति, सद्भाव और सहजता राजस्थान की पहचान है। मानव संसाधन की सहज उपलब्धता उद्यमियों के लिए और अधिक आसान हो जाती है। राजधानी दिल्ली से सबसे निकटतम शांत और बेहतर कानून व्यवस्था वाला प्रदेश राजस्थान है। एनसीआर का विस्तार राजस्थान और इसकी सीमाओं से लगते हुए हो रहा हैं। एक्सप्रेस वे और नेशनल हाईवे के विस्तार से प्रदेश के किसी भी कोने तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। आज देश में नवीकृत उर्जा के उत्पादन में राजस्थान शीर्ष पर है तो अब सोलर के लिए आवश्यक उपकरण तैयार करने वाले उद्योगों को भी राजस्थान में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।**

थार के रेगिस्तान और दूर-दूर तक रेत के धोरों के लिए पहचाना जाने वाला राजस्थान आज औद्योगिक निवेश की विपुल संभावनाओं से परिपूर्ण प्रदेश हो गया है। औद्योगिक निवेश के लिए देसी-विदेशी निवेशकों के लिए राजस्थान प्रमुख डेस्टिनेशन बन गया है। राजस्थान का भौगोलिक परिदृश्य, जिसे कभी निवेश के लिए बाधा माना जाता था, आज अवसरों का पिटारा बन गया है। थार का रेगिस्तान अब केवल रेत का विस्तार नहीं, बल्कि सौर और नवीकरणीय ऊर्जा का वैश्विक केंद्र बन गया है।

प्रदेश हरित विकास का नया अध्याय लिख रहा है तो धरती की गर्भ में छिपी खनिज संपदा ने राजस्थान में खनन विकास की नई इबारत लिखना शुरु कर दिया है। गत दिसंबर, 24 में आयोजित राइजिंग राजस्थान इसका जीता-जागता उदाहरण है कि आरआर समिट के दौरान ना केवल देसी-विदेशी निवेशकों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया अपितु समिट के दौरान 35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश समझौते हस्ताक्षरित किये हैं। यह आज के बदलते राजस्थान की तस्वीर है। राज्य की औद्योगिक विकास यात्रा को चार महत्वपूर्ण आयामों में विभाजित कर आसानी से समझा जा सकता है। एक, सौर और पवन ऊर्जा राजस्थान को हरित ऊर्जा केंद्र बना रही है। दूसरा, बाड़मेर आज प्रति व्यक्ति आय में अग्रणी है और जैसलमेर भारत की सीमेंट राजधानी के रूप में उभर रहा है।

तीसरा, कोटा के जल संसाधन ऊर्जा भंडारण और शिक्षा हब दोनों को गति दे रहे हैं। तो चौथे, पोटाश, यूरेनियम, हाइड्रोकार्बन, क्रिटिकल मिनरल और अन्य खनिज प्रदेश की अर्थव्यवस्था का भविष्य तय कर रहे हैं। राजस्थान निवेशकों की पहली पसंद बनने का बड़ा कारण यह है कि राजधानी दिल्ली और अन्य प्रमुख केन्द्रों से कनेक्टिविटी और यहां की कानून व्यवस्था व लोगों का व्यवहार। शांति, सद्भाव और सहजता राजस्थान की पहचान है। मानव संसाधन की सहज उपलब्धता उद्यमियों के लिए और अधिक आसान हो जाती है। राजधानी दिल्ली से सबसे निकटतम शांत और बेहतर कानून व्यवस्था वाला प्रदेश राजस्थान है। एनसीआर का विस्तार राजस्थान और इसकी सीमाओं से लगते हुए हो रहा हैं। एक्सप्रेस वे और नेशनल हाईवे के विस्तार से प्रदेश के किसी भी कोने तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। आज देश में नवीकृत उर्जा के उत्पादन में राजस्थान शीर्ष पर है तो अब सोलर के लिए आवश्यक उपकरण तैयार करने वाले उद्योगों को भी राजस्थान में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

बालोतरा के पचपदरा में तैयार हो रही हिन्दुस्तान पेट्रोलियम राजस्थान रिफाइनरी शुरु होते ही तस्वीर पूरी तरह से बदल जाएगी। यहां पर पेट्रोकेमिकल जोन विकसित किया जा रहा है। बाड़मेर जैसलमेर जिसे कभी काले पानी की सजा के रुप में देखा जाता था तेजी से विकसित क्षेत्र होते जा रहे हैं। लगभग असंभव को संभव बनाते हुए बाड़मेर के विकास को इसी से समझा जा सकता है कि आज राजस्थान में परकेपिटा आय में बाड़मेर शीर्ष स्थान पर आ गया है। बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर से बीकानेर तक तपती धरती आज नवीकृत ऊर्जा खासतौर से सोलर उर्जा के उत्पादन बढ़ा रही है। नवीकृत ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान में अभी भी संभावनाओं को इसी से समझा जा सकता है कि 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में करीब करीब 80 प्रतिशत निवेश प्रस्ताव नवीकृत उर्जा क्षेत्र के प्राप्त हुए है। राज्य सरकार रीको के माध्यम से भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, 2024 के तहत आकर्षक प्रोत्साहन भी दे रही है। सिंगल विण्डो सिस्टम से निवेशकों के लिए राजस्थान में उद्योगों की स्थापना आसान हो रही है। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाने के प्रति मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं बड़े प्रस्तावों को धरातल पर लाने के लिए हो रही प्रगति की समीक्षा प्रतिमाह अपने स्तर पर कर रहे हैं। मुख्य सचिव स्तर पर 200 करोड़ तक के निवेश प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा प्रति सप्ताह की जा रही है तो इससे कम के निवेश प्रस्तावों की समीक्षा नियमित रुप से संबंधित विभागों द्वारा की जा रही है।

# लोकतंत्र में नए नारे की धूम

वोट चोर गद्दी छोड़ ये नारा इस समय पूरे बिहार में धूम मचा चुका है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ महागठबंधन के सारे दलों की वोटर अधिकार यात्रा को इस समय बिहार में भारी समर्थन मिल रहा है। यात्राएं हमेशा ही नयी मंजिल पर ले जाती हैं, फिर चाहे वह राजनैतिक यात्रा ही क्यों न हो। पाठक जानते हैं कि राहुल गांधी ने इससे पहले भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की है और अब एक तरह से दिन और दूरी के हिसाब से ये उनकी तीसरी बड़ी यात्रा है। पिछले साल जब हरियाणा में चुनाव हुए थे, तब भी राहुल गांधी ने संक्षिप्त यात्रा निकाली थी, हालांकि उसका कोई लाभ नहीं मिला। हरियाणा में कांग्रेस को हार मिली, महाराष्ट्र में भी महाविकास अघाड़ी महायुति के सामने हार गई। कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष का आरोप है कि इन चुनावों में चोरी हुई है।

लगभग साल भर से यही आरोप लग रहे हैं, लेकिन भाजपा ने इन पर इंकार करते हुए उल्टा विपक्ष पर ही सवाल उठाए। लेकिन विपक्ष के इरादे इन सवालों से बदले नहीं और अब बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव दोनों ने ऐलान कर दिया है कि चाहे जो हो जाए, हम वोट चोरी होने नहीं देंगे। इस वोट चोरी के इल्जाम के पीछे मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण है, जिसमें भाजपा के साथ-साथ चुनाव आयोग भी मतदाता सूची शुद्धिकरण कह रहा है। लेकिन किसी कवायद में संस्कृतनिष्ठ शब्द जोड़ देने मात्र से वह सही नहीं हो सकती। कोई भी बात तभी सही होती है, जब उसे करने के पुख्ता आधार हों। साध्य और साधन दोनों की पवित्रता की जो बात महात्मा गांधी कहते थे, चुनाव आयोग को उसे समझने की जरूरत है। विपक्ष ने कई बार सवाल उठाए कि 65 लाख लोगों के नाम काटे गए और एक भी नया नाम जोड़ा नहीं गया, ये कैसा शुद्धिकरण या गहन पुनरीक्षण है। रविवार को अररिया की एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने यह भी पूछा कि जब विपक्ष को 65 लाख लोगों के नाम काटे जाने में कुछ गड़बड़ दिख रही है, और वो सवाल कर रहा है, तो भाजपा को इसमें कुछ अटपटा क्यों नही लग रहा। क्यों उसने चुनाव आयोग से कोई सवाल नहीं किए। इसी तरह कर्नाटक की महादेवपुरा सीट पर 1 लाख फर्जी वोटों के सबूत जब राहुल गांधी दिखा रहे थे, तो उसी वक्त चुनाव आयोग से उन्हें शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने कहा गया। जबकि राहुल गांधी के बाद भाजपा से अनुराग ठाकुर ने वैसे ही फर्जी मतदाताओं की बात कांग्रेस द्वारा जीती गई सीटों पर कही तो चुनाव आयोग ने आज तक उनसे शपथपत्र नहीं मांगा। गौरतलब है कि पिछले रविवार को ही एक प्रेस कांफ्रेंस कर मुख्य चुनाव आयुक्त ने राहुल गांधी के लिए एक हफ्ते का अल्टीमेटम भी दिया था कि या तो वे माफी मांगे या शपथ पत्र दें, वर्ना ये सबूत बेकार माने जाएंगे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ऐसी कोई सूचना नहीं आई है कि इस अल्टीमेटम की याद चुनाव आयोग ने दिलाई हो। बल्कि राहुल गांधी ने फिर से एक प्रेस कांफ्रेंस कर चुनाव आयोग और भाजपा अपने आरोप दोहराए हैं, अपनी चेतावनी याद दिलाई है कि हम किसी को छोड़ेंगे नहीं, बिहार में वोट चोरी नहीं होने देंगे। एक वक्त था जब सिंहासन खाली करो कि जनता आती है, यह पंक्ति लोकतंत्र के जीवित होने का प्रमाण बन गई थी। अब वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा हांफ्ते-थकते लोकतंत्र में नयी जान भर चुका है। जिन लोगों में यह हताशा भर गई थी कि हमारे बोलने या शिकायत करने से क्या होगा, उन लोगों में राहुल-तेजस्वी जैसे नेताओं के कारण संघर्ष करने और सच के लिए लड़ने का जज्बा फिर से भर गया है। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा में अपने आप हजारों-लाखों लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। चाहे बारिश हो, बिजली चली जाए, कच्चे रास्ते हों या कोई और रुकावट, लोग बिना किसी परवाह के आगे बढ़ रहे हैं। राहुल गांधी का कहना है कि इस यात्रा में कई बच्चे उनके पास आकर वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगा रहे हैं। उनके मुताबिक बिहार का बच्चा-बच्चा अब राजनैतिक तौर पर जागरुक हो चुका है। यह असल मायने में जीत है।



# राशिफल

**मेषः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**बृषभः**- विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुनः**- किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाप संभव।

**कर्कः**- किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंहः**- अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा।

**कन्याः**- कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें।

**तुलाः**- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिकः**- बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

**धनुः**- दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है।

**मकरः**- रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभः**- रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मीनः**- आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

# शरीर को स्वस्थ रखना है तो रोगों पर कीजिए चौतरफा प्रहार

डॉ. अंशुल उपाध्याय

**आपको अपने भोजन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। हफ्ते में अगर आप दो दिन तला-भुना खा रहे हैं तो 4 दिन सादा भोजन करें। हो सके तो हफ्ते में एक दिन 15 से 20 घंटे का उपवास अवश्य करें। इसके पश्चात भोजन में आप क्या ग्रहण कर रहे हैं, उस पर भी आपको ध्यान देना चाहिए। क्योंकि,जो अनाज आप खा रहे हैं वह विभिन्न तरह के रासायनिक छिड़काव होने के बाद आपको प्राप्त हो रहा है। अगर आप उसे खा रहे हैं तो बीमारियों को खुद निमंत्रण दे रहे हैं। इसके विपरीत यदि आप जैविक खेती के द्वारा उत्पन्न कीटनाशी मुक्त अनाज जिसको कि आप ऑर्गेनिक कहते हैं वह खा रहे हैं, तो उसके द्वारा बहुत सी बीमारियों की संभावनाओं को तो आपने वैसे ही दूर कर दिया है। क्योंकि जैसा खायेंगे अन्न वैसा ही रहेगा आपका मन कीटनाशी युक्त भोजन आपके पेट में जाकर आपको नुकसान ही पहुंचाता है।**

अगर आप बीमार हैं और इलाज ढूंढ़ रहे हैं तो आपको अपनी बीमारी पर चारों तरफ से वार करने की आवश्यकता है। कहने का तात्पर्य ये है कि, जब भी आपको मामूली बुखार या सर्दी-खांसी होती है तो आप डॉक्टर के पास जाकर एलोपैथी दवाई ले आते हैं और तीन-चार दिन में ठीक हो जाते हैं। उसके बाद फिर उसी रूटीन लाइफ में आ जाते हैं। परंतु वह तीन-चार दिन भी जब आप बीमार हुए थे तब आपका शरीर तो अंदर से कमजोर हो गया और फिर कुछ दिनों बाद वापस वही सर्दी खांसी आपको लौट कर आएगी। एलोपैथी तुरंत आराम तो दे देती है पर वो आपके मर्ज को सिर्फ दबा कर रखती हैं उसे पूरी तरह से ठीक नहीं करती। ठीक तो आपके शरीर को खुद आपका शरीर ही करता है। इसलिए अगर किसी भी बीमारी का आप जड़ से इलाज चाहते हैं तो अपनी दैनिक जीवन चर्या में कुछ चीजों को आपको शामिल करना होगा।

रोज प्रातः हल्का पैदल चलना या कुछ व्यायाम अवश्य करना चाहिए। उसके बाद मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्राणायाम भी अवश्य करें। यह हो गया शारीरिक और मानसिक व्यायाम। ये न केवल आपकी ओबेसिटी पर प्रहार करेगा बल्कि आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म भी बढ़ाएगा।

आपको अपने भोजन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। हफ्ते में अगर आप दो दिन तला-भुना खा रहे हैं तो 4 दिन सादा भोजन करें। हो सके तो हफ्ते में एक दिन 15 से 20 घंटे का उपवास अवश्य करें। इसके पश्चात भोजन में आप क्या ग्रहण कर रहे हैं, उस पर भी आपको ध्यान देना चाहिए। क्योंकि,जो अनाज आप खा रहे हैं वह विभिन्न तरह के रासायनिक छिड़काव होने के बाद आपको प्राप्त हो रहा है। अगर आप उसे खा रहे हैं तो बीमारियों को खुद निमंत्रण दे रहे हैं। इसके विपरीत यदि आप जैविक खेती के द्वारा उत्पन्न कीटनाशी मुक्त अनाज जिसको कि आप ऑर्गेनिक कहते हैं वह खा रहे हैं, तो उसके द्वारा बहुत सी बीमारियों की संभावनाओं को तो आपने वैसे ही दूर कर दिया है।

क्योंकि जैसा खायेंगे अन्न वैसा ही रहेगाआपका मन कीटनाशी युक्त भोजन आपके पेट में जाकर आपको नुकसान ही पहुंचाता है, आपके शरीर में यूरिया की मात्रा को बढ़ा देता है। किडनी, लीवर की समस्याएं बढ़ाने वाला है। साथ ही साथ कई तरह के कैंसर सेल के विकास में भी यह कीटनाशी सहायता प्रदान करते हैं। इसलिए कोशिश करें कि भले थोड़ा महंगा अनाज खरीदे पर ऑर्गेनिक अनाज ही खरीदे और खाए। कीटनाशक युक्त अनाज और सब्जियां पाचन में भी अधिक समय लेते हैं। और वह जितने समय तक आपके शरीर के अंदर के फंक्शन में सफर करते रहते हैं,उतना ज्यादा उनके हार्मफुल इफेक्ट आपके शरीर को होते हैं जिनमें कब्ज, एसिडिटी की समस्या तो आम बन गई हैं।


पीतल, तांबे के बटुए में बना हुआ भोजन ही खाएं। पीतल के बटुए को भीतर से रांगा की पॉलिश करवा लें इससे दही-मट्ठे का भी अगर आप प्रयोग करके कुछ बना रहे हैं तो वह नुकसान नहीं करेगा। साथ ही एल्युमिनियम के बर्तनों को अपने किचन से निकाल दीजिए। बिल्कुल बहिष्कृत कर दीजिए। चाहे कढ़ाई हो, कुकर हो या भगोना हो। क्योंकि, एल्युमिनियम में ऐसा तत्व पाया जाता है जो आपकी याददाश्त को प्रभावित करता है और यह धीरे-धीरे आपके भूलने की प्रवृत्ति को बढ़ता जाता है। हमारे देश में पहले एल्युमिनियम का उपयोग नहीं किया जाता था। पर जब अंग्रेज भारत आए तो अपने साथ एल्यूमीनियम लेकर आए और उसका कारण ही यही था कि भारत के लोग जो इतने बुद्धिमान और सृजनशील थे तो इनके दिमाग को सुस्त करके इन पर राज कैसे किया जाए। इसलिए अंग्रेजों ने एल्युमिनियम के बर्तनों का चलन भारत में बढ़ा दिया। सस्ता होने के कारण लोग उन्हें खूब खरीदने भी लगे।

अंग्रेज स्वयं तो पीतल, तांबे और सोने, चांदी के बर्तन उपयोग करते थे। कांच के और चीनी मिट्टी के बर्तन उपयोग करते थे। पर भारतीयों को उनके पीतल और कांसे से उन्होंने धीरे-धीरे दूर कर दिया। आज लगभग हर घर में आपको एल्युमिनियम के कढ़ाई, कुकर आसानी से देखने मिल जाएंगे जो कि आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। अगर आप स्वस्थ रहना चाहते है तो एलोपैथिक दवाइयो से भी थोड़ी दूरियां बना लें । थोड़ी बहुत सर्दी-खांसी के इलाज के लिए दो या तीन दिन तक तो आप कोई भी दवाई ना खाएं घर पर ही बना तुलसी-अदरक का काढ़ा पीए, जिसमें हल्दी-गुड़ का उपयोग भी कर सकते हैं। विटामिन सी युक्त पदार्थ नींबू , मौसंबी , आंवला का भी प्रयोग करते रहना चाहिए। जो भी जिस सीजन में आपको उपलब्ध हो।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### निर्माणाधीन पुलिया के एप्रोच बाक्स में आई दरारें



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के कैथी मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया में दरारें आने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई है। लोकनिर्माण विभाग एक करोड़ की अधिक लागत से कैथी मार्ग पर मौहर कैथी के बीच पुलिया निर्माण कर रहा है। पुलिया का निर्माण होने के साथ ही एप्रोच मार्ग के लिए दोनों ओर बॉक्स बनाकर मिट्टी फीलिंग का कार्य चल रहा है। इसी दौरान पुलिया के एप्रोच मार्ग के लिए बनाए गए बक्सों पर दरारें आ गई है। जिससे ग्रामीणों को आशंका हो गई है कि घटिया निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करते हुए पुलिया को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। वहीं पुलिया निर्माण करवा रहे अवर अभियंता राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि पुलिया और अप्रोच मार्ग के बीच बॉक्स बनाकर मिट्टी फीलिंग की जा रही है। पुलिया का स्ट्रक्चर और बॉक्स का स्ट्रक्चर अलग-अलग होता है। जिससे बीच में कुछ गैपिंग हो जाती है। पुलिया में किसी तरह की कोई दरार नहीं है। ग्रामीणों के आरोप निराधार हैं।

### तैयारियां पूर्ण, आज निकलेगी नयनाभिराम शोभायात्रा

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। आज दोपहर बाद चांद थोक के श्रीकृष्ण मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। शोभायात्रा में तीन दर्जन नयनाभिराम देवी देवताओं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत झांकियों को शामिल किया गया है। इस वर्ष राम सेना की नई झांकी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र होगी। शोभा यात्रा श्री कृष्ण मंदिर से निकलकर नरही मार्ग होते हुए नेहा चौराहे से हाईवे में आएगी। इसके बाद पशु बाजार चौराहा, सब्जी मंडी चौराहा, थाना चौराहा, बस स्टॉप से पैलानी तिराहे से घूमकर वापस थाना चौराहे से होकर मैथिलीशरण गुप्त मार्ग, कमलेश तिराहा से होकर छोटी बाजार पहुंचेगी। हरचंदन तालाब में नागनाथ लीला संपन्न होने के उपरांत छोटी बाजार में कंस वध के साथ शोभायात्रा का समापन होगा। रात में छोटी बाजार में वृंदावन के कलाकार रासलीला का मंचन करेंगे। पशु बाजार में झांसी के मशहूर कलाकार नाटक का मंचन करेंगे। रामलीला मैदान में कानपुर एवं लखनऊ से आए खन्ना म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार धार्मिक झांकियों की प्रस्तुति देंगे। इसी के साथ तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ आज से हो जाएगा।

### जिला मजिस्ट्रेट ने आपराधिक प्रवृत्ति के 5 को किया जिला बदर

**हमीरपुर।** जनपद को अपराध मुक्त व भयमुक्त बनाने के उद्देश्य से आपराधिक प्रवृत्ति के 5 लोगों पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत जिला बदर की कार्यवाही की है। उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत अनिल राजपूत पुत्र रामपाल निवासी बिलरख थाना राठ, आकाश बसोर पुत्र राजकिशोर निवासी ग्राम नदना थाना राठ, दीपेन्द्र कुमार ऊर्फ भूरा राजपूत पुत्र भारत निवासी ग्राम मगरौठ थाना चिकासी, नीलेन्द्र उर्फ नीलू पुत्र अरविंद राजपूत निवासी ग्राम पहरा थाना जरिया एवं सतेन्द्र कुमार राजपूत पुत्र संतोष राजपूत निवासी ग्राम परछा थाना जरिया के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही की गई है। जिला बदर किए गए इन 05 लोगों को जिलाधिकारी ने 6 माह के लिए जनपद से निष्कासित किया है तथा आदेश दिए हैं कि निष्कासन की अवधि में वह जनपद की सीमा में प्रवेश न करें। साथ ही जहां वह निवास करेंगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं वहां के थाने को देंगे। आदेश का अनुपालन करने के लिए संबंधित को एक- एक लाख रुपये की दो प्रतिभूतियों एवं इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंध पत्र दाखिल करना होगा।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्र नेताओं का जोरदार प्रदर्शन, आयुक्त के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन



**बांदा।** सोमवार को छात्र नेताओं एवं उ.प्र. स्टूडेंट्स यूनियन के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने अशोक लाट तिराहे पर धरना-प्रदर्शन कर चिकित्सा भ्रष्टाचार, कृषि संकट, रोजगार, छात्रसंघ चुनाव व व्यापारियों की समस्याओं को लेकर कमिश्नर के माध्यम से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता शैलेन्द्र वर्मा ने मेडिकल कालेज बाँदा में फैली अव्यवस्था व अवैध वसूली पर जांच की माँग की, जबकि लव सिन्हा ने छात्रसंघ चुनाव बहाली और परीक्षा अव्यवस्था सुधारने की बात कही। देवेश मोनू ने परसौंडा ग्राम व अन्य सभी किसानों के हित में आवाज उठाई , यशराज गुप्ता ने बाजार अव्यवस्था, तथा साजिद अली व दीपक गुप्ता ने रोजगार हेतु फैक्ट्री स्थापना पर जोर दिया। इस मौके पर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, लव सिन्हा, यशराज गुप्ता, देवेश मोनू, दीपक गुप्ता, साजिद अली, बाबूराम निषाद, राहुल सिंह महोखर, हरिओम सिंह महोखर,विकास दीक्षित, आदित्य त्रिवेदी, गोलू राय, आकाश कोष्ठा, खालिद, आमिर, घासीराम निषाद आदि छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। समर्थन में भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह,शैलेन्द्र पटेल ,एबीवीपी से सुधांशु चौहान, किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल शर्मा ने अपना समर्थन प्रदान किया।

### डीआईजी के आदेश पर चलाया गया सघन बैंक चेकिंग अभियान



**बांदा।** सोमवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए आज जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/ कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया । बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम/बैंकों/वित्तीय संस्थानों आदि के आसपास संदिग्ध रुप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई ।

### थाना महोबकंठ एवं जनपदीय स्वॉट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने 5 शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**महोबा।** दिनांक 17.08.2025 को वादी देशराज पुत्र नाथूपल निवासी ग्राम जगसिया थाना अजनर ने थाना महोबकंठ पर तहरीर दी कि जब वह अपनी बहन को उनकी ससुराल इमलिया छोड़ने जा रहा था, तभी ग्राम पिपरी के पास अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ लूट की घटना घटित कर आभूषण, मोबाइल फोन एवं नगद रु. छीन लिया। इस संबंध में थाना महोबकंठ पर मुअसं 134/25, धारा 309(6)BNS पंजीकृत किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह तत्काल घटना स्थल पहुंचे और निरीक्षण कर शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया। उनके आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ श्री विनोद कुमार तथा स्वॉट टीम प्रभारी श्री शिवप्रताप सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई। घटना के अनावरण हेतु गठित संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना से सम्बन्धित वैज्ञानिक व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलित करते हुए ह्यूमन इंटेलिजेंस के माध्यम से आपराधिक प्रवृत्ति के संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश/पूछताछ की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 25.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम घुटई चौराहा के पास घेराबंदी की और संदिग्ध गतिविधि में लिप्त 05 अभियुक्तों को मौके पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त गजराज राजपूत ने बताया कि उसी ने योजना बनाकर अपने साथियों को वारदात हेतु भेजा था। सभी ने मिलकर स्वीकार किया कि हम लोगों द्वारा ही ग्राम पिपरी व घुटई के बीच सड़क पर लूट की घटना कारित की गई थी। अभियुक्तगण ने बरामद दोनों मोटरसाइकिलों का प्रयोग उपरोक्त घटना में किया जाना स्वीकार किया है। अभियुक्त नितेन्द्र, विकास, राजेश एवं कल्याण ने बताया कि इन्होंने दिनांक 01.08.2025 की रात्री को ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर क्षेत्र में भी राहगीर से नगदी व आभूषण की छिनैती की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना श्रीनगर में अभियुक्तों के विरुद्ध मुअसं 152/25 धारा 304(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 2 अवैध तमंचे, 2 कारतूस, आभूषण, नकदी (लूट की सम्पत्ति) व घटना में प्रयुक्त 02 मोसा बरामद किया।

# डीआईजी ने मेला तैयारियों का लिया जायजा, दिए निर्देश

**डीएम-एसपी ने मीटिंग कर ड्यूटी की समझाई जिम्मेदारी**

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



तीजा मेला के मद्देनजर पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम बांदा राजेश एस ने शाम को पशु बाजार मेला मैदान एवं हरचंदन तालाब, छोटी बाजार का भ्रमण करके मेला एवं शोभायात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। वहीं स्टेशन मार्ग में गीता वाटिका में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग करके सुरक्षा कर्मियों के साथ मेले में तैनात अधिकारियों को मेले की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था आदि के निर्देश दिए। कहा कि मेले को।सकुशल संपन्न कराने में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। मंगलवार से शुरू हो रहे हैं तीन दिवसीय ऐतिहासिक तीजा मेला को संपन्न कराने के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है। चित्रकूटधाम मंडल के डीआईजी राजेश एस ने कस्बे का भ्रमण करके पशु बाजार मेला मैदान,छोटी बाजार, नागनाथन के लिए सजकर तैयार हरचंदन तालाब का जायजा लिया। उन्होंने आयोजकों से बातचीत करके जानकारियां ली और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा, एएसपी मनोज कुमार गुप्ता, बीडीओ विपिन कुमार, थानाध्यक्ष अनूप सिंह, मेला कोतवाल रामकुमार यादव, मेला प्रबंधक सौमित्र सिंह, श्रीकृष्ण लीला तीजा महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश दीक्षित, कुंजबिहारी पांडे, संजीव पांडे आदि मौजूद रहे।

### मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करें: पुलिस अधीक्षक



**हमीरपुर।** सुमेरपुर के ऐतिहासिक तीजा के सफल आयोजन और सुरक्षा प्रबंधों के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों को ब्रीफ किया। दौरान मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन को लेकर गहन समीक्षा की गई। खासतौर पर मेला क्षेत्र के प्रवेश और निकास द्वारों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग से मार्ग तैयार करने तथा फायर ब्रिगेड और चिकित्सा टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, शौचालय सुविधाएं, और बिजली की निर्बाध आपूर्ति करने के निर्देश दिए। कहा कि मेला आयोजन समिति और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय बनाए रखने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जो पूरे मेला अवधि के दौरान सक्रिय रहेगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने कहा कि मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और तत्काल कार्रवाई करने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। मेले में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध करें। इसके अलावा, यातायात नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था एवं मेले के दौरान वाहनों के सुचारू संचालन के लिए ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए। पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग रास्ते की व्यवस्था की जाएगी ताकि भीड़ भाड़ से बचा जा सके। इस मौके पर सभी उच्चाधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## नाबालिग छात्रा के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज की रिपोर्ट**

**मुस्करा, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी अनुसूचित जाति की 16 वर्षीय किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। पीड़ित किशोरी के पिता ने थाने में आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी गई है। थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी एक पिता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार शाम उसकी 16 वर्षीय बेटी जो कि कक्षा 11 की छात्रा है, घर से कहीं चली गई थी। कुछ समय बाद समय लगभग शाम 7-00 बजे सूचना मिली कि उनकी बेटी एक गुप्ता के मकान में लड़के के साथ अंदर घुसी है। सूचना पर किशोरी के मां-बाप वहां पहुंच गए। बताया कि दरवाजा खटखटाने पर बामुश्किल दरवाजा खुला तो उस घर के अंदर से थानाक्षेत्र के दामुपुरवा गांव निवासी निखिल राजपूत पुत्र राजकुमार भाग खड़ा हुआ। वह बेटी को लेकर अपने घर पहुंचे। बेटी ने घर पहुंच कर अपने साथ हुई दुष्कर्म की घटना की जानकारी दी। पिता ने बताया कि निखिल पिछले 2 महीने से लगातार बेटी को फोन करके परेशान कर रहा था और जान से मारने की धमकी देते हुए बेटी को डराए धमकाए था। जिसका फायदा उठाकर निखिल किशोरी को गुप्ता के मकान में ले गया और दुष्कर्म किया। पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि दुष्कर्म की घटना का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर निखिल राजपूत के विरुद्ध दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और डराने धमकाने जैसी संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## बीपी मंडल की सपाइयों ने मनायी जयंती

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद (बीपी मंडल) की जयंती मनाई गई।

जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि इनका जन्म 25 अगस्त 1918 को बिहार के मधेपुरा जिले में हुआ था। मंडल एक समाजसेवी, नेता और न्यायप्रिय व्यक्ति थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के पिछड़े, वंचितों और दबे-कुचले वर्गों की भलाई के लिए समर्पित कर दिया। उनका सबसे बड़ा योगदान मंडल आयोग था। इस आयोग ने पिछड़े वर्गों की पहचान कर उन्हें शिक्षा व सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिलाने के तहत देशभर में सामाजिक बदलाव की लहर पैदा की। जिसस? लाखों लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिला। मंडल ने समानता और न्याय किसी भी लोकतंत्र की नींव होने पर बल दिया। आज भी उनका योगदान प्रेरणा देता है कि सभी के लिए एक समान और समावेशी समाज बनाया जाये। अन्य वक्ताओ ने भी मंडल के जीवन संघर्ष पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शुभकरण सिंह परिहार पूर्व ब्लॉक प्रमुख, मुन्नीलाल निषाद प्रदेश सचिव, राजेश श्रीवास एडवोकेट, नईम खान, शिवनायक यादव, युगांक मिश्रा, लाला प्रधान, राघवेन्द्र यादव लकी, वेदप्रकाश वर्मा, मोहम्मद सलीम, पंकज खंगार, अभय प्रताप सिंह परिहार, सैयद उमर, सूर्यप्रताप सिंह, रिजवान खान सहित अन्य सपाई उपस्थित रहे।

## शिवपुर गांव के जंगल में तेंदुए की दस्तक से दहशत में ग्रामीण



**नरैनी/बांदा।** गौर-शिवपुर गांव के जंगल में तेंदुआ की दस्तक से चरवाहों,किसानों में दहशत व्याप्त है।डेढ़ साल पहले एक दर्जन से अधिक बकरी और मवेशियों को अपना निवाला बना चुका है। कोतवाली क्षेत्र में केन नदी के किनारे पहाड़ो में ग्रामीणों ने तेंदुआ देखा है।गांव के युवकों ने इसका वीडियो भी बना कर प्रचलित किया है।दैनिक जागरण प्रचलित वीडियो की पुष्टि नहीं करता।शिवपुर गांव के कोटेदार रामबाबू ने बताया कि दोनो गांवो के बीच जंगल में इसे देखा गया है अभी किसी पालतू जानवर को नुकसान पहुचाने की जानकारी नहीं मिली हैं।गांव के अरविंद कुमार, सीताराम आदि ने बताया कि बीते डेढ़ साल पहले गांव के कई बकरी पालको की बकरियां जंगल से उठा ले गया था।बताया कि इधर कई महीनों से गांव के किसानों ने इसे नही देखा था। अगस्त माह में एक बार फिर यह जंगल में नजर आया है।गांव के किसानों ने बताया कि अब उन्हें अकेले खेतो में जाने से भय लगता है।प्रशासन से तेंदुआ को पकड़ने की मांग की है। वन विभाग के सेवानिवृत्त सेक्शन अधिकारी जुनैद अहमद ने बताया कि बाँदा के जंगल क्षेत्र में तेंदुआ नदी बचे है लेकिन सीमावर्ती मध्यप्रदेश के जंगली इलाके से तेंदुआ सहित अन्य हिंसक जानवर कभी कभी इधर आ जाते है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच एचयूएल से एक ट्रक माल चोरी करने का प्रयास

**सिक्योरिटी सर्विसेज के फील्ड अफसर ने नौ लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** हिंदुस्तान युनीलीवर की सिक्योरिटी सर्विसेज ब्लैक हाउंड के फील्ड ऑफिसर ने नौ लोगों के खिलाफ फैक्टरी से एक ट्रक माल चोरी करने का प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है घटना आठ अगस्त की है। हिंदुस्तान युनीलीवर की सिक्योरिटी ब्लैक हाउंड के फील्ड ऑफिसर पंकज कुमार की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि गेट संख्या 6 के सुरक्षा गार्ड करन सिंह द्वारा अपने सुपरवाइजर रामभवन को दी गई ट्रक एंट्री रजिस्टर का एक पन्ना गायब होने तथा एक एंट्री को पेन से मिटाया पाया गया। इस पर सुपरवाइजर ने यह सूचना उसे दी। उसने हेड ऑफिस लखनऊ सूचना भेजी। लखनऊ से आई टीम ने फैक्टरी में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें एक ट्रक संख्या एचआर 38 टी 7803 जो किसी पंजीकृत वेंडर का नहीं है। यह सात अगस्त को द्वितीय पाली में 3:41 बजे फैक्टरी के अंदर दाखिल हुआ और तृतीय पाली में रात 9:30 बजे गेट संख्या 6 से बाहर निकल गया। इसमें 5:56 बजे बगैर किसी दस्तावेज़ के माल लोड किया गया। ट्रक के नंबर के आधार पर ट्रक मालिक दीपक सिंह का नाम पता चला। उन्होंने चालक का नाम राजेश बताया। उक्त ट्रक 10 अगस्त को माल सहित फैक्ट्री के बाहर खड़ा पाया गया। पुलिस ने फील्ड ऑफिसर की तहरीर पर बीम प्रोडक्ट एंड सर्विसेज कंपनी के कर्मी शिवेन्दर, तिवारी इंटरप्राइजेज के शिवम दीक्षित,रामनारायण, सर्वेश तिवारी, अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी राखी, कंपनी के एएसओ अनिल सिंह, सिक्योरिटी गार्ड महेश तिवारी, ट्रक मालिक दीपक सिंह, चालक राजेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (ए), 62, 61 (2), 316(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही सभी आरोपी भूमिगत हो गए हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

### स्वामी ब्रह्मानन्द पुरस्कार के फिफ्टी विलेजर्स के संस्थापक डॉ भरत शरण को चुना



**राठ, हमीरपुर।** सोमवार को स्वामी ब्रह्मानन्द पुरस्कार समिति 2025 के लिए पुरस्कार की घोषणा कर दी है। इसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष डॉ मुकेश राजपूत ने दी। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार शिक्षा और गौ सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाले भारतीय या गैर भारतीय को स्वामी ब्रह्मानन्द के निर्वाण दिवस 13 सितम्बर को हर वर्ष प्रदान किया जाता है। इस वर्ष का पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में दिया जा रहा है। जिसके लिए फिफ्टी विलेजर्स के संस्थापक डॉ भरत शरण का चुनाव कर लिया गया है। बताया कि डॉ पुष्पलता झा जो कि पुणे महाराष्ट्र की निवासी हैं। वर्तमान में जी वर्ल्ड स्कूल मोहाली पंजाब में बतौर प्रिंसिपल है। उनके प्रस्ताव पर शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक क्रांति कर रहे डॉ भरत शरण बाड़मेर राजस्थान को इस बार यह पुरस्कार दिया जायेगा। उनके द्वारा बीते कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर निर्देशन के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए सीमा से सटे जिले बाड़मेर राजस्थान में फिफ्टी विलेजर्स के नाम से संस्थान चलाते हैं, जो पूरी तरह निशुल्क सेवाएं देता है। बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के व निहायत गरीब परिवारों के छात्र छात्राओं को नीट एग्जाम की तैयारी कराते हैं। 286 छात्र छात्राओं को नीट व अन्य परीक्षाओं में सिलेक्ट करवा चुके हैं। पूर्व में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ अरुण प्रकाश, सुपर 30 के संस्थापक आनन्द कुमार बिहार, स्वर्गीय सन्त हरवंश सिंह निर्मल जैसलमेर राजस्थान और खान सर पटना को भी स्वामी ब्रह्मानन्द पुरस्कार से अलंकृत किया जा चुका है। बताया कि पुरस्कार स्वरूप उन्हें सनद समेत दस हजार भारतीय मुद्रा नगद, स्वामी ब्रह्मानन्द की कांस्य प्रतिमा, कांस्य पदक और अंग वस्त्र प्रदान किया जायेगा।

## बाल श्रम से मुक्ति प्रत्येक बच्चे का मौलिक मानवाधिकार: आयुक्त

**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर कार्यशाला का आयोजन**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जारी 2024 के नवीनतम बाल श्रम वैश्विक अनुमान बताते हैं कि लगभग 138 मिलियन बच्चे, 59 मिलियन लड़कियाँ और 78 मिलियन लड़के बाल श्रम में हैं, जो विश्व स्तर पर सभी बच्चों का लगभग 8 प्रतिशत है, जिसमें लगभग 54 मिलियन खतरनाक काम में लगे हुए हैं जिससे उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा या विकास को खतरा होने की संभावना है। डेटा ये भी दर्शाता है कि 2020 के बाद से बाल श्रम में 2 ब्त. से अधिक बच्चों की कमी आई है, और 2000 के बाद से बाल श्रम लगभग आधा हो गया है लेकिन फिर भी वैश्विक स्तर पर बाल श्रम को खत्म करने के 2025 के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सका है ।

कार्यशाला के दौरान, मंडलायुक्त चित्रकूट अजीत कुमार ने बाल श्रम के बच्चों की क्षमता पर पड़ने वाले विनाशकारी प्रभावों के बारें में बताया और सभी बच्चों के लिए रचनात्मक और उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने भारतीय संविधान और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का उल्लेख किया, जिनमें बाल श्रम निषेध के प्रावधान हैं। उन्होंने ये भी कहा कि बाल श्रम से मुक्ति एक बच्चे का मौलिक मानवाधिकार है। यह भारतीय संविधान और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संधियों और समझौतों में निहित है। उन्होंने समाज से बाल श्रम की समस्या को सफलतापूर्वक समाप्त करने के लिए विभिन्न विभागों, गैर-सरकारी संगठनों, परिवारों, समुदायों और जनप्रतिनिधियों के बीच मज़बूत समन्वय और सहयोग के महत्व पर भी ज़ोर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक बाँदा शिवराज द्वारा बाल श्रम वं किशोर न्याय अधिनियम 2015 से सर्म्बधित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ उन्होंने बाल अधिकारों से सम्बंधित विषयों - शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं संरक्षण से सम्बंधित मुद्दों पर पर विभिन्न विभागों की भूमिका को इंगित किया गया। आज की कार्यशाला में बाँदा की महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की नोडल मैसिब तक ( आईपीएस), जिला विकास अधिकारी, महोबा, उपनिदेशक महिला कल्याण एवं जनपद के बाल कल्याण समितियों के के अध्यक्षों, सहित अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं व अन्य प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### आगामी दुर्गा पूजा को लेकर बैठक का आयोजन

**नरैनी/बांदा।** कस्बे के बंबा तालाब में न्यू इंडियन ग्रुप आगामी दुर्गा पूजा को लेकर रविवार की शाम एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सदस्यों व मोहल्ले के लोगों ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गापूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सीमित की बैठक जगवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजिय इस बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पूजा के सफल संचालन को लेकर ग्रुप का पुनर्गठन किया गया है। बैठक में नवगठित कमेटी में अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष पद पर रविशंकर मिश्रा, रामकृपाल गुप्ता, शिवम् चौरसिया का चयन किया गया। वहीं संरक्षक के पद पर जगवीर सिंह, संजय गुप्ता, कैलाश चंद्र गुप्ता, राजनारयण त्रिवेदी, अशोक सोनी। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर जीतेन्द्र लखेरा ,सह कोषाध्यक्ष के पद पर विनय गुप्ता को भार दिया गया है।

## आशायें स्वास्थ्य विभाग की मजबूत कड़ी हैं: रामकेश निषाद

**आशा सम्मेलन का हुआ आयोजन**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में आशा सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। आशा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि आशायें स्वास्थ्य विभाग की मजबूत कडी हैं, वह सामाजिक दायित्वों के रूप में जुडकर कार्य कर रही हैं, लोग उनकों आशा भरी निगाहों से देखते हैं। आशायें सजग प्रहरी की तरह ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का बेहतर रूप से स्वास्थ्य की देखभाल करती हैं और गर्भवती महिलाओं प्रसव हेतु अस्पतालों तक ले जाती हैं। आशायें घर-घर जाकर बुजुर्गो, गर्भवती महिलाओं, बच्चों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी भी एकत्र कर उन्हें आवश्यकतानुसार चिकित्सा हेतु अवगत कराती हैं। आशाओं को स्वास्थ्य विभाग के कार्यो का काफी अनुभव भी है और अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन करती हैं। इस अवसर पर उन्होंने जिलाधिकारी के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत बेहतर कार्य करने वाली आशाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आशा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी जे रीभा ने कहा कि आशाओं के दो महत्वपूर्ण कार्य हैं, जिसको वह दिल से सम्पादित करें। उन्होंने कहा कि आशा गर्भवती महिलाओं की चार एएलसी की जांच रजिस्टर बनाकर अवश्य करायें। जन्म से दो वर्ष तक के बच्चों का सभी टीकाकरण अवश्य करायें, जिससे बच्चे स्वस्थ्य रहें। यह कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आशायें गर्भवती महिलाओं एवं उनके बच्चों को सभी एएलसी की जांच तथा टीकाकरण हेतु जागरूक करें। बीएचएनडी दिवस में सभी गर्भवती महिलाओं की निरन्तर जांच अवश्य करायी जायें। उन्होंने कहा कि आशायें स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण कार्य करती हैं और उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिजेन्द्र ने कहा कि आशायें हेल्थ इंडीकेटर को अपने महत्वपूर्ण कार्यो के द्वारा बेहतर कर रही हैं। बाल एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने तथा परिवार नियोजन के कार्य में भी बेहतर कार्य किया है। आशा सम्मेलन में आशाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी आशायें इसी तरह और बेहतर कार्य करें, जिन्हें आज पुरस्कृत होने वाली आशाओं के साथ उन्हें भी पुरस्कार दिया जा सके। उन्होंने आकांक्षी विकास खण्डों की आशाओं को और बेहतर कार्य करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाली प्रत्येक ब्लाक की आशाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें क्रमशः नरैनी से सम्पत को प्रथम, द्वितीय कृष्णा वर्मा, तृतीय आशा देवी, तिन्दवारी से आशा यादव, विमला देवी द्वितीय, अमरावती तृतीय, कमासिन से आशा देवी प्रथम, द्वितीय बिन्दा देवी, कमलेश तृतीय व अन्य आशाओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय कुमार पाण्डेय, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. एस के कौशल सहित अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व आशायें उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस की तत्परता से युवक की बची जान, नदी में लगाई थी छलांग, बेहोशी की हालत में नदी से बरामद



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र में एक युवक की जान पुलिस की तत्परता से बच गई। इच्छा का पुरवा मजरे चकौरा गांव के 35 वर्षीय बुद्धिलाल ने घरेलू विवाद से परेशान होकर रविवार की देर शाम नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में खोजबीन शुरू की गई। रात के अंधेरे के कारण युवक का पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह पुलिस ने बुद्धिलाल को नदी से बेहोशी की हालत में बरामद किया। तुरंत उसे सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया। वहां इलाज के बाद उसकी जान बच गई। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि युवक ने घरेलू विवाद के कारण यह कदम उठाया था। उन्होंने आश्वस्त किया कि अब युवक को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है।

### नाबालिग का अपहरण व अप्राकृतिक दुष्कर्म के अभियुक्त को बीस साल की कठोर सजा, 30 हजार अर्थदंड

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा नाबालिग का अपहरण कर अप्राकृतिक कृत्य के सम्बन्धित अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 30 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुये थाना सतरिख पर नाबालिग का अपहरण कर अप्राकृतिक कृत्य के सम्बन्ध में पंजीकृत मुअसं 225/2021 धारा 377/323/504/365 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त सुभाष चन्द पुत्र माता प्रसाद निवासी लालपुर औलिया थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में अपर सत्र न्यायालय/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट नं.- 46 बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 30,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

### कार से घायल युवक का चल रहा उपचार, कार चालक पर दर्ज कराया मुकदमा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** 10 दिन पहले नाना के घर आ रहा युवक कार की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। समय निकालकर घर पहुंचे नाना ने अर्टिगा कार के अज्ञात चालक के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। आर्थिक रूप से कमजोर नाना ने उपचार के लिए आरोपी से मेडिकल खर्च दिलाने की मांग की है। कोतवाली के तारागंज निवासी गोरे पुत्र चौहान ने बताया कि बीती 15 अगस्त की सुबह साढ़े 11 बजे उनका नाती अनुज कुमार पुत्र प्रदीप कुमार उर्फ मुन्ना निवासी बेडारू जनपद रायबरेली तारागंज के सर्विस रोड से नाना के घर आ रहा था तभी रास्ते में पुर्वाचल एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से तेज रफ्तार में आ रही सफेद रंग की अर्टिगा कार यूपी53एल्टी1699 ने टक्कर मार दी जिससे अनुज कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया था। एम्बुलेंस से सीएचसी लाये गये घायल की गम्भीर अवस्था को देखते हुए डाक्टरों ने लखनऊ ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टरों ने बताया कि गर्दन की हड्डी टूटी हैं। बताया कि नाती का मेड स्टार हस्पिटल त्रिवेणी नगर लखनऊ में ईलाज चल रहा है।

### एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला में 22 अभ्यर्थी चयनित

**बाराबंकी।** जिला सेवायोजन अधिकारी जानकारी देते हुए बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 2 कम्पनियों सिस्का एल.ई.डी.एवं पुखराज हेल्थ केयर द्वारा 56 प्रतिभागियों में से 22 अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार / परीक्षा के माध्यम किया गया। मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी धर्मेन्द्र, अपर सांख्यकीय अधिकारी सुनील कुमार तथा कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे मजदूर को कुचला, मौत




**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत असोहा जाने वाली रोड पर स्थित हिनौरा गांव के पास अज्ञात वाहन के चालक ने पैदल जा रहे मजदूर की कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान कर परिजनों को सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटगांव निवासी नरेश कुमार पांडे 50 वर्ष पुत्र स्व. सोहनलाल मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। रविवार को मजदूरी करने के लिए घर से निकला था। देरशाम मजदूरी करके घर लौट रहा था अभी वह सोहरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत हिनौरा गांव के पास पहुंचा ही था तभी अज्ञात वाहन के चालक ने पैदल जा रहे मजदूर को कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसके कपड़ों की तलाशी लेने पर उसके जेब में कार्ड पर लिखे नंबर से पहचानकर परिजनों को सूचना दी। मृतक नरेश कुमार पांडे अपने परिवार में इकलौता वारिश था दो बेटे शिवांग, विशाल, पत्नी प्रीति पांडेय का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के बड़े बेटे शिवांग की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौप दिया है।

### मासूम छात्रों संग अप्राकृतिक दुष्कर्म करता रहा रसोइया, परिजनों की तहरीर पर कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी।** प्राथमिक विद्यालय में तैनात रसोईया लंबे समय से दो मासूम छात्रों के साथ छुट्टी के बाद अप्राकृतिक दुष्कर्म करता रहा। एक माह पूर्व दूसरे बच्चों ने रसोईये की हरकत देखी तो बात फैल गई। इस करतूत की खबर लगते ही अवाक रह गए परिजनों ने रसोईये की पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर रसोईये को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार यह घटना निन्दूरा विकास खंड क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय की है। कुर्सी थाना अंतर्गत ग्राम राजापुर का रहने वाला नागेसर यादव पुत्र रतन क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में बतौर रसोईया तैनात है। इसी स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा पांच के दो छात्रों ने रसोईये पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए परिजनों को पूरी बात बताई। शिकायत के अनुसार रसोईया उनके साथ आए दिन अप्राकृतिक दुष्कर्म कर रहा था पीड़ित मासूमों की पिता की ओर से थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि आरोपी रसोईया एक छात्र के साथ करीब डेढ़ वर्ष से एवं दूसरे के साथ एक माह से दुष्कर्म करता रहा। छुट्टी के बाद रसाईया मासूमों को डरा धमकाकर स्कूल के शौचालय में बुलाता रहा, और कहीं बताने पर मारने की धमकी दी। तहरीर में कहा गया कि मासूमों के साथ दुष्कर्म करते आरोपी को 23 जुलाई को स्कूल के अन्य बच्चों ने देख लिया। जिसके बाद परिजनों को मामले की जानकारी हुई। बड़ी संख्या में स्कूल पहुंचे ग्रामीणों ने रसोईये की पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रसाईया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पिता तहरीर पर एससी, एसटी ,पास्को एक्ट सहित अन्य अपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की जांच सीओ फतेहपुर को सौंपी गई है।

# सुरक्षा का एहसास कराने को कस्बे की गलियों से निकाला पुलिस मार्च

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व मे आम जनता को सुरक्षा का अहसास दिलाने हेतु पैदल मार्च निकाला गया।जो थाना चौराहे सहित कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से गुजर पुनः थाने पहुंचा।वही महिलाओ और छात्राओ की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान भी लगातार चलाया जा रहा है।कस्बा इंचार्ज विनय कुमार व दरोगा हलीम बाबू सहित जैदपुर पुलिस टीम जैदपुर थाना चौराहा, बड़ी बाजार,बालिका इंटर कॉलेज और नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के आसपास खड़े संदिग्ध लोगों से अक्सर पूछताछ करते नजर आते हैं। वही जैदपुर पुलिस द्वारा संदिग्धो को चेतावनी दिया जाता है कि दोबारा फर्जी तरीके से यहां खड़े मिलने पर जेल भेजा जा सकता है। जैदपुर पुलिस के इस सराहनीय कार्य से आम जनता अपने आपको पूरी तरह सुरक्षित महसूस करते हुए जैदपुर पुलिस की सराहना करती नजर आ रही है। पैदल मार्च के दौरान कस्बा इंचार्ज विनय कुमार, दरोगा हलीम बाबू, दरोगा आलोक सिंह, पंकज राठौर, जयनारायण दीवान, गुफरान खान सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद था।

## यूरिया संकट ज्यों का त्यों, सुबह से ही समितियों पर लाइन लगते किसान



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** यूरिया खाद की कमी से किसान परेशान हैं। रसूलपुर किंतूर सहकारी समिति पर सोमवार को सुबह 5 बजे से ही किसान पहुंचने लगे।समिति पर 250 बोरी यूरिया खाद के लिए 220 किसानों को टोकन दिए गए। भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया। सुबह 9 बजे समिति के सचिव रेहान और लेखपाल महेंद्र जायसवाल ने किसानों को लाइन में खड़ा कर टोकन वितरण शुरू किया।इस समय धान की फसल के लिए यूरिया खाद की अधिक आवश्यकता है। निजी दुकानों पर यूरिया खाद उपलब्ध नहीं है। इस वजह से सहकारी समितियों पर किसानों की भीड़ उमड़ रही है। खाद की कम मात्रा होने से कई किसान टोकन नहीं पा सके और खाली हाथ लौट गए।समिति सचिव रेहान खान ने बताया कि आज 250 बोरी खाद के लिए टोकन बांटे गए हैं। अगली खेप आने पर बाकी बचे किसानों को टोकन के अनुसार खाद का वितरण किया जाएगा।

## ओलंपिक खेल संघों में आरक्षण लागू करने को एससीएसटी आयोग के चेयरमैन ने खेलमंत्री भारत सरकार को लिखा पत्र

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

खेल संगठनों एवं ओलंपिक संघों में अनुसूचित जाति जनजाति का आरक्षण लागू किये जाने हेतु डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत को दिए गए ज्ञापन पर कार्यवाही करते हुए एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष द्वारा भारत सरकार के खेल मंत्री सहित सचिव व प्रदेश के खेल मंत्री को पत्र भेजकर ओलम्पिक संघों में आरक्षण लागू किये जाने के लिए मांग की गई है। एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि आरक्षण न होने के कारण अनुसूचित जाति के प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर स्तर पर मायूस होना पड़ता है, इसलिए जनपद से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सभी प्रकार के ओलंपिक संघो व खेल संगठनों में आरक्षण व्यवस्था लागू कराया जाय। उल्लेखनीय है कि 23 जुलाई,2025 को समाजसेवी देव कुमार गुप्ता एवं रत्नेश कुमार ने अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौपकर मांग किया था कि खेलों में अनुसूचित जाति के युवाओं का प्रतिनिधित्व न के बराबर है, इसके पीछे का कारण है खेल संघो/ ओलंपिक संघों में आरक्षण न होने के चलते इन संघों में चयनित किये जाने वाले पदाधिकारियों में अनुसूचित जाति का प्रतिनिधित्व न के बराबर है। इसलिए खेलों में अनुसूचित जाति के युवाओं को प्रोत्साहन नही मिलता है।

एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष ने ज्ञापन की प्रति संलग्न करके भारत सरकार के खेलमंत्री, सचिव व उत्तर प्रदेश सरकार के खेलमंत्री व सचिव को ओलंपिक खेल संघों में अनुसूचित जाति जनजाति का आरक्षण व्यवस्था लागू कराने के लिए पत्र भेजकर कार्यवाई करने की मांग की है।

## नहर की सिल्ट हटाई गई, पहुंचा किसानों के खेत में पानी



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** मेलारायगंज के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाने की समस्या का समाधान हो गया है। पंजरौली माइनर में अधिक बालू जमा होने के कारण बड़ी नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा था। इससे किसानों की धान की फसल सूखने लगी थी।सोमवार को ग्राम प्रधान माजिद हाशमी ने इस समस्या को गंभीरता से लिया। उन्होंने ग्रामीणों से विचार-विमर्श किया। इसके बाद JCB मशीन की मदद से माइनर में जमा सिल्ट की सफाई कराई। सफाई के बाद बड़ी नहर से पंजरौली माइनर में पानी का प्रवाह शुरू हो गया है।इस अभियान में प्रधान माजिद हाशमी के साथ शहाबुद्दीन अंसारी, राशिद हाशमी, सैफ किदवई, जमील अहमद, मनोज यादव समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे। सफाई अभियान की इस पहल से क्षेत्र के किसानों को राहत मिली है। अब उनकी फसलों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

## एकल शिक्षक स्कूल में अस्वस्थ्य हुआ शिक्षक, बच्चे बिना पढ़े घर हुए वापस

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** प्राथमिक विद्यालय सरदहा में सोमवार को शिक्षक की अनुपस्थिति में बच्चों को बिना पढ़ाई के वापस लौटना पड़ा। विद्यालय में नियुक्त शिक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने सुबह 6 बजे विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में अस्वस्थता की सूचना दी। स्कूल में रसोइया शांति देवी व संजय ने विद्यालय खोला। कुल 23 पंजीकृत छात्रों में से लगभग 20 बच्चे स्कूल आए। बच्चों को मिड-डे मील खिलाया गया और उसके बाद वे घर वापस चले गए।शिक्षक सौरभ श्रीवास्तव का कहना है कि उन्होंने स्वास्थ्य खराब होने के कारण शिक्षा विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप पर सूचना भेज दी थी। खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने कहा कि वाट्सएप पर छुट्टी की जानकारी नही हो पाई शिक्षक को फोन पर छुट्टी की जानकारी देनी चाहिए थी। उन्होंने इस लापरवाही पर स्पष्टीकरण नोटिस भेजने की बात कही है।

### युवक का फंदे से लटका मिला शव

**उन्नाव।** सोमवार की सुबह युवक ने बरामदे में फंदे से लटककर जान दे दी। गांव के बाहर हो रही प्लाटिंग के चौकीदारी करता था। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देखकर बेहाल हो गए। जांच कर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। अचलगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जालिमखेड़ा निवासी रामनरेश लोधी (35) पुत्र स्व.जयराम खेती करने के साथ घर से 500 मीटर आगे कानपुर निवासी इरशाद की प्लाटिंग की देख-रेख करता था। पत्नी रामदेई ने बताया कि सोमवार सुबह घर में खाना बनाने में हुई देरी को लेकर वह नाराज होकर चले गए। जिसके कुछ देर ग्रामीणों ने उसका शव प्लाटिंग में एक निर्माणाधीन मकान के बरामदे में प्लास्टिक की रस्सी से लटका देख इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसपर पत्नी व बेटी निशा सहित भाई राम भरोसे व रामबाबू आदि परिजन पहुंचे और शव देख कर बिलख उठे।

## गर्भपात करवाने से महिला की हालत हुई नाजुक, लापरवाही का आरोप




**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना लोनी कटरा अंतर्गत दहिला मोड़ स्थित एक अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही की चलते अबॉर्शन के दौरान महिला की हालात बहुत ज्यादा नाजुक हो गई । तीन बार ऑपरेशन के हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों द्वारा लेनदेन कर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की गई। वर्तमान समय में गंभीर रूप से बीमार महिला का उपचार मेंयो हॉस्पिटल बाराबंकी में चल रहा है। महिला के पति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मेडिकल खर्च दिलाए जाने एवं डॉक्टरो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है लोनीकटरा थाना क्षेत्र के रबड़हिया का पुरवा गाँव निवासी संदीप पुत्र भगवानदीन ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी राजवती को उपचार के लिए दहिला मोड स्थित एम एन अस्पताल में भर्ती कराया था यहां पर डॉ. कुबेर गिरि व डॉ. पूनम यादव की लापरवाही से तीन बार अबॉर्शन के कारण उनकी पत्नी की बच्चेदानी फट गई ।यही नहीं ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरो ने लापरवाही बरतते हुए औजारों से आंतो को खींच लिया। जिसकी वजह से उनकी पत्नी की हालत काफी ज्यादा बिगड़ गई। हालत खराब होने पर डॉक्टरों ने परिजनों से लेनदेन कर मामले को अस्पताल में हीं सुलझने की कोशिश की थी। इसकी सूचना पति संदीप द्वारा लोनी कटरा पुलिस को दी गई थीं। संदीप ने बताया की हालत खराब होने पर वह अपनी पत्नी को लेकर लखनऊ स्थित आर एस अस्पताल पहुंचे जहां पर जवाब दे दिया गया। इसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी को बाराबंकी स्थित मेंयों अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर उपचार चल रहा है।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर से 17 हजार मरीजों को मिला लाभ



**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर मे समाजसेवी तफज्जुल हुसैन द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क आई कैंप ने एक मिसाल कायम की है।मोहल्ला मेहंदी कटरा निवासी तफज्जुल हुसैन जो बुनकर अधिकार संगठन के नगर अध्यक्ष और हाजी दरोगा मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक हैं। वसीनगर स्थित हाजी दरोगा मार्केट में हर माह के अंतिम सोमवार को आई कैंप का आयोजन किया जाता है।यह कैंप इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से संचालित होता है।कैंप में मरीजों को आंखों से संबंधित बीमारियों का मुफ्त इलाज मिलता है।मरीजो को ऑपरेशन के लिए संस्था की गाड़ियों से इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल लखनऊ ले जाया जाता है।ऑपरेशन के अगले दिन उन्हें वापस हाजी दरोगा मार्केट लाया जाता है।अब तक लगभग 17,000 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है।तफज्जुल के अनुसार आज तक किसी मरीज की कोई शिकायत नहीं आई है।तफज्जुल क्षेत्र की बिजली समस्याओं के समाधान के लिए भी सक्रिय रहते हैं।कैंप के दौरान हाजी जाकिर हुसैन, सादिक अंसारी सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SHAMA PARVEEN SHAIFUN NISA W/O ABUL KALAM MOHAMMAD SABIR था जो कि दिनांक 25/07/2025 को मैने अपना नाम बदल कर SHAMA PARVEEN W/O ABUL KALAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी मोहल्ला नाजिरपुरा पश्चिमी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच।

## सदर विधायक ने करीमाबाद में बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**



सदर विधानसभा के गांव करीमाबाद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री का वितरण कर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पीड़ित परिवारों की पीड़ा और संघर्ष को नज़दीक से देखा। उनकी आँखों में चिंता और असुरक्षा साफ झलक रही थी। सदर विधायक ने हर संभव सहयोग और संवेदना से उनमें आशा और विश्वास जगाने का प्रयास किया।

सदर विधायक ने बताया कि प्रभावित परिवारों को भोजन सामग्री, कपड़े और दवाइयाँ उपलब्ध कराई गयी है। साथ ही संबंधित विभागों को विद्यार्थियों की पढ़ाई, बच्चों की शिक्षा बाधित न हो, इसके लिए नज़दीकी विद्यालयों में व्यवस्था और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। मवेशियों के लिए चारे और चिकित्सा सुविधा की त्वरित व्यवस्था, बाढ़ के बाद फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। क्षतिग्रस्त मकानों और घरेलू वस्तुओं की मरम्मत व पुनर्वास के लिए विशेष राहत पैकेज, टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना और संक्रमण से बचाव हेतु स्वच्छता अभियान, राशन और आवश्यक सामग्री प्रभावित परिवारों तक पर्याप्त खाद्यान्न और घरेलू सामान पहुँचाना, जिनका घर पूरी तरह नष्ट हो गया है, उनके लिए अस्थायी आश्रय और स्थायी आवास योजना में प्राथमिकता के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर प्रदेश की जनता के साथ खड़े हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हर संभव सहायता पहुँचा रही है।

प्रभावित परिवारों तक न केवल राहत सामग्री पहुँचाई जा रही है बल्कि उनके भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए ठोस योजनाएँ भी बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि कोई भी परिवार असहाय महसूस न करे और उनके जीवन को शीघ्र सामान्य बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास जारी रहेगा। जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि मोदी और योगी का मार्गदर्शन हमें लगातार मिल रहा है, और इसी ऊर्जा से हम हर पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहेंगे।



### रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

**वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का विस्तार**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा 22490/22489 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. – मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को दिनांक 27.08.2025 से वाराणसी स्टेशन तक बढ़ाया जा रहा है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

22490/22489 मेरठ सिटी - वाराणसी - मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन (सप्ताह में 6 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 22490 आगमन | रेलगाड़ी सं. 22490 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22489 आगमन | रेलगाड़ी सं. 22489 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:35 | मेरठ सिटी | 21:05 | – |
| 07:08 | 07:10 | हापुड़ | 20:10 | 20:12 |
| 08:35 | 08:40 | मुरादाबाद | 18:50 | 18:55 |
| 10:04 | 10:06 | बरेली | 17:13 | 17:15 |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ जं. | 13:40 | 13:50 |
| 15:53 | 15:55 | अयोध्या धाम जं. | 11:40 | 11:42 |
| 18:25 | -- | वाराणसी जं. | -- | 09:10 |

चलने की तिथि: 22490 मेरठ सिटी से और 22489 वाराणसी से दिनांक 27.08.2025 से प्रतिदिन मंगलवार छोड़कर।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

2578/25

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मर्जर प्रक्रिया में बेसिक शिक्षा मंत्री के आदेश हवा-हवाई

- खण्ड शिक्षाधिकारी ने कार्यालय से किया मर्ज विद्यालयों का भौतिक सत्यापन
- कहीं जंगल तो कहीं रास्ते में तालाब व मुख्यमार्ग बनेंगे बच्चों के लिए खतरे की घंटी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**

विद्यालय मर्जर प्रक्रिया में शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का जिले के अधिकारियों द्वारा खुला उल्लंघन किया जा रहा है। बिना भौतिक सत्यापन किये कार्यालय में बैठकर बनायी गयी सत्यापन आख्या भविष्य में मर्ज किये गये विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए घातक साबित हो सकती है क्योंकि ब्लाक नवाबगंज क्षेत्र के मर्ज अधिकांश विद्यालय मानक में निर्धारित दूरी से दोगुने हैं। साथ ही विद्यालयो तक पहुंचने के लिए बच्चों को मुख्य मार्ग पार करना अथवा जंगल के बीच से होकर गुजरना बड़ा जोखिम का काम है। अब देखना यह है कि जिलास्तरीय अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर क्या एक्शन लेते हैं।

ज्ञात हो कि विद्यालय की मर्जर प्रक्रिया का विरोध होने के बाद बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने स्पष्ट निर्देश जारी किये थे कि 50 से अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयो की पेयरिंग न की जाये। यदि ग्राम पंचायत में एक मात्र स्कूल हो तो पेयरिंग से बाहर रखा जाये। साथ ही हाइवे, रेलवे लाइन या नदी-नालों के आर-पार पेयरिंग न की जाये और बस्ती से विद्यालय की दूरी एक किमी रखी जाये परन्तु खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज दीपेश कुमार ने बेसिक शिक्षा मंत्री के आदेशों की अवहेलना करते हुए बिना विद्यालयो का भौतिक सत्यापन कराये कार्यालय में बैठकर दो किलोमीटर दूर के विद्यालयो को भी मर्ज कर दिया। जिसमें कई विद्यालय ऐसे भी हैं जहां जाने के लिए बच्चों को घने जंगल से होकर गुजरना पड़ेगा अथवा मुख्य मार्ग पार करना होगा। ऐसे में इन बच्चों की जान जोखिम में डालना कितना सही है। इस सवाल पर जिम्मेदार मौन साधे हैं। इस संबंध में जब खण्ड शिक्षाधिकारी दीपेश कुमार से बात की गयी तो उन्होंने शिक्षको की कमी का हवाला देते पेयरिंग को सही बताया लेकिन क्या शिक्षको की कमी के चलते छात्रो की सुरक्षा से समझौता किया जा सकता है, यह यक्षप्रश्न ग्रामीणो के जेहन में कौंध रहा है। जिन्होंने जिलाधिकारी से विद्यालयो का भौतिक सत्यापन करा कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से फोन पर वार्ता का कई बार प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा। इस संबंध में पाली के ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने विलय का विरोध करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र दिया। समाजसेवी राकेश दीक्षित के मुताबिक अधिकारी ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीण अब उच्च अधिकारियों से भौतिक सत्यापन की मांग कर रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार से इस मामले को लेकर बात की गई तो वह उचित जवाब नहीं दे सके। उन्होंने बताया कि मर्जर स्कूलों में बाल वाटिका शुरू की गई है। बेसिक शिक्षा मंत्री और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह के निर्देशों की भी अनदेखी की गई। भौतिक सत्यापन भी केवल दफ्तर में बैठकर ही पूरा कर लिया गया।

### मानकों के विपरीत मर्ज किये गये विद्यालय

**उन्नाव।** मर्ज किये गये विद्यालयों में अमरामऊ को मोहकीखेड़ा में विलय किया गया है जबकि यहां की दूरी लगभाग 2 किमी है और बच्चो को मार्ग क्रास करके जाना पड़ेगा। जबकि धन्नीखेड़ा को नौगवा में विलय किया गया है हयां की दूरी भी एक किमी से अधिक है। बड़ी बहेरिया बुजुर्ग को कटेहरु से विलय किया गया है जिसकी दूरी 2 किमी है। कृपाखेड़ा को अर्जुनामऊ, मीतखेड़ा को पाली और सलारपुर को कोटवा में विलय किया गया है जहां रास्ते में जंगल पड़ता है। वहीं इन सभी विद्यालयो की दूरी मानक के विपरीत एक किमी से अधिक है। इस विलय से विद्यार्थियों की सुरक्षा जोखिम में पड़ गई है लेकिन शायद खण्ड शिक्षा अधिकारी को बच्चों की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है।

# सरकार बच्चों की शिक्षा को दे रही सर्वोच्च प्राथमिकता : असीम

**प्राथमिक विद्यालय मरवाईपुर में अतिरिक्त कक्ष का मंत्री ने किया लोकार्पण**


फीता काटकर लोकार्पण करते मंत्री असीम अरुण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने ग्राम पंचायत कुसुमखोर स्थित प्राथमिक विद्यालय मरवाईपुर में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि विद्यालय में एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण हुआ है, जिससे शैक्षिक गतिविधियों को और अधिक बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकेगा।

मंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और निरंतर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे और अधिक प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि यहां के शिक्षक मेहनत, अनुशासन और समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे-जैसे शैक्षणिक सुविधाएं बढ़ेंगी, वैसे- वैसे शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि विवेक पाठक, ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी, खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा, श्याम प्रताप सिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्ष रजनी पाल, प्रधानाचार्या सहित गणमान्य लोग एवं अभिभावकगण रहे।

## नवनिर्मित सराय मारुफ संपर्क मार्ग का मंत्री ने किया निरीक्षण


सड़क का निरीक्षण करते मंत्री असीम अरुण व मौजूद अन्य

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने गुगरापुर में नवनिर्मित सराय मारुफ संपर्क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सड़क निर्माण कार्य की सराहना की, साथ ही कहा कि जहां पर कुछ हल्की- फुल्की कमियां हैं, उन्हें भी शीघ्रता से सुधार दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाए। प्रदेश सरकार का उद्देश्य जनता को सुरक्षित, सुगम और गड्ढा मुक्त सड़कों की सुविधा उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में गड्ढा युक्त सड़कों को चिन्हित कर दुरुस्त किया जा रहा है। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि विवेक पाठक, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी रहे।

# ई- बीएलओ एप पर शत-प्रतिशत लॉगिन करें बीएलओ : डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी

**त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 के लिए हुई बैठक**

समस्त खंड शिक्षा अधिकारी अपने- अपने क्षेत्र में नियुक्त बीएलओ को आवश्यक निर्वाचन सामग्री आज ही हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बीएलओ द्वारा ई-बीएलओ एप पर लॉगिन न किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। सभी बीएलओ अनिवार्य रूप से ई-बीएलओ एप पर लॉगिन करें, अन्यथा लापरवाही की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने गांधी सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण- 2025 कि बैठक में दिए।

जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि बीएलओ को सही मतदान केंद्र आवंटित हुआ है तथा मैपिंग मास्टर डाटा को भी समय रहते दुरुस्त किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि त्रिस्तरीय पंचायतों के मतदाता बनने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति भारत का नागरिक हो और 1 जनवरी 2025 को उसकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो, साथ ही वह संबंधित ग्राम पंचायत के किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (वार्ड) का सामान्य निवासी हो।

**बीएलओ घर-घर जाकर योग्य मतदाताओं का करें पंजीकरण : जिलाधिकारी**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु 19 अगस्त 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बीएलओ घर- घर जाकर योग्य मतदाताओं का पंजीकरण करेंगे। इसके अतिरिक्त, नाम जोड़ने, संशोधन कराने या अपात्र मतदाता को सूची से हटवाने हेतु निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.sec.up.nic.in पर भी आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 847 बीएलओ एवं 129 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने हेतु कार्य करेंगे।

बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एडीएम आशीष कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# यातायात प्रभारी ने विद्यार्थियों से पूछे सवाल, दी नियमों की जानकारी

**जागरण पब्लिक स्कूल में यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूकता**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं

शहर के जागरण पब्लिक स्कूल में यातायात पुलिस द्वारा को छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यातायात प्रभारी निरीक्षक रविशंकर त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित चलने के नियम, ट्रैफिक सिग्नलों की जानकारी, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग का महत्व, तेज रफ्तार (ओवरस्पीडिंग) और मोबाइल के इस्तेमाल से होने वाले संभावित खतरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

छात्रों को बताया कि यातायात नियमों का पालन करना न केवल उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे दूसरों की जान भी सुरक्षित रहती है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। और उन्होंने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और यातायात नियमों की जानकारी दी।

# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस कार्यालय पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं।

जनसुनवाई के दौरान एसपी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात गंभीरता से सुनी और उनकी समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु संबंधित थाना प्रभारियों एवं निरीक्षकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से किया जाए, ताकि आम जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो।


फरियादियों की समस्याएं सुनते एसपी विनोद कुमार

एसपी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना और उन्हें न्याय दिलाना है। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि प्रत्येक फरियादी को उसका समाधान समय पर मिले और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

# प्रभु की कृपा से ही कल्याण संभव : महात्मा हरिश्चंद्र

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सतसंग भवन में परम पूज्य महात्मा हरिश्चंद्र जी ने अपने अनमोल वचनों में कहा प्रभु की कृपा से ही मानव का कल्याण संभव है।

उन्होंने कहा बाबाजी हमेशा यही सिखाया करते थे कि हम अपने आप को कितना भक्ति में लीन कर सकते हैं। भक्त मीराबाई, भक्त प्रहलाद, भक्त हनुमान, सुदामा व कबीर इन सबसे आप सभी वाकिफ हैं। सिर्फ भक्ति के कारण जो उनके साथ जुड़ते गए, वो सब प्रभु परमात्मा का शुक्रगुजार करते रहें। इस कारण आज तक श्रद्धा से सब इनको याद भी करते हैं। उन्होंने कहा इंसान की भी हालत कुछ ऐसी है कि प्रभु ने इतना कुछ दिया है फिर भी उसका शुक्र करने के बदले हम गिले शिकवों में पड़ जाते हैं। अगर प्रभु परमात्मा से हमें सब कुछ मिला है, तो हमे उसके लिए उसका शुक्रगुजार नहीं करते, बल्कि जो एक भी चीज नहीं मिली उसके लिए हम प्रभु से गिले शिकवे करने लगते हैं, लेकिन आप महापुरुष सेवा सुमिरन सतसंग के हमेशा मौके तलाशते रहते हैं, ताकि हम मानव जाति की सेवा कर पाएं। हर पल सुमिरन करके इस प्रभु परमात्मा, इस निराकार को हमेशा याद करते रहें। सतसंग करके इसका गुणगान करें, हर पल इसका शुक्राना करें कि हमें यह हीरे जैसा मानव जन्म बख्शा। जितना शुक्र करे उतना कम हैं। यही अरदास है निराकार प्रभु परमात्मा से कि अपनी कृपा हमेशा सन्तों, महात्माओं पर बनाए रहें। हम सब को अपने चरणों लगाए रखना, यही अरदास हमारी है। सेवादल प्रभारी मनीष कुमार शाक्य के संचालन में हुई साध संगत में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचनों एवं भजनों से संगत को निहाल किया।

## खबरें एक नजर में

### गंगा घाट पहुंचे मंत्री, शोकाकुल परिजनों को बंधाया ढांढस


परिजनों को ढांढस बांधते मंत्री असीम अरुण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** नेकपुर कायस्थ गांव में हाल ही में हुई दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। बीते दिनों गांव निवासी दिनेश दोहरे के पुत्र और पुत्री की इनवर्टर में बल्ब का प्लग लगाते समय करंट लगने से मौत हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे से आहत मां ने भी सदमे में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को मां का अंतिम संस्कार जलेसर गंगा घाट पर किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। गंगा घाट पर मंत्री असीम अरुण भी पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की बात कही। तीन- तीन मौतों से टूट चुके इस परिवार की हालत देख हर किसी की आंखें नम थीं। गांव में मातम का माहौल बना हुआ है और हर कोई इस असामयिक त्रासदी से व्यथित है।

### बीज विक्रेताओं को साथी पोर्टल पर कार्य के लिए प्रशिक्षण आज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।** जिला कृषि अधिकारी सन्त लाल गुप्ता ने जनपद के सभी बीज विक्रेताओं को सूचित किया है। कि भारत सरकार द्वारा विकसित फ्रसाथी पोर्टलफ्र के माध्यम से रबी 2024 में उत्पादित प्रमाणित बीजों का जीवन चक्र, गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित की जा रही है। यह बीज रबी 2025 में किसानों के लिए उपलब्ध होंगे, जिनकी बिक्री साथी पोर्टल के Phase-II (Seed Inventory Module) के माध्यम से की जाएगी। इस कड़ी में, एन.आई.सी. महाराष्ट्र के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से बीज विक्रेताओं को साथी पोर्टल के Phase-II पर कार्य प्रणाली, बीज की बिक्री, ट्रांसफर सहित अन्य तकनीकी जानकारी का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने सभी बीज विक्रेताओं से अनुरोध किया है, कि वे आगामी 26 अगस्त 2025 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे, चौधरी चरण सिंह सभागार, कार्यालय उप कृषि निदेशक में आयोजित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भौतिक रूप से उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें, जिससे वे रबी वर्ष 2025- 26 से साथी पोर्टल के माध्यम से सुचारु रूप से कार्य कर सकें।

### सरकारी तालाब की जांच कराने पर दबंगों ने की मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम अदमापुर स्थित सरकारी तालाब की आराजी की जांच करना व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोप है कि जांच टीम के जाते ही दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अदमापुर निवासी शिवप्रकाश पुत्र दर्शन सिंह ने पुलिस से की शिकायत में बताया है कि बीते मंगलवार को गांव में स्थित सरकारी तालाब की जांच करने एक टीम पहुंची थी। जांच करने के बाद उनके वापस जाते ही गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग हाथों में लाइसेंसी बंदूक तथा कुछ लोग लाठी डंडे लेकर गाली गलौज करते हुए उनके दरवाजे पर आ गए। जान बचाकर वह अंदर भागे तो उक्त दबंग अंदर घुस आए और मारपीट करने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों को आता देख उक्त दबंग कानूनी कारवाई होने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



## धूमधाम से मनाया जाएगा भाकियू (अवधेश) का स्थापना दिवस

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) का स्थापना दिवस समारोह 27 अगस्त को शाम 3:00 बजे विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि समारोह में विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष, प्रदेश भर के पदाधिकारी और संगठन के लिए समर्पित कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। इस दौरान संगठन के उद्देश्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, किसानों के हित में किए गए कार्यों को किसान भाइयों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता ने कहा बैठक में समारोह को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। यह आयोजन संगठन की एकजुटता और किसानों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाएगा। भाकियू (अवधेश) का यह स्थापना दिवस किसानों के अधिकारों और कल्याण के लिए संघर्ष को और मजबूत करने का अवसर होगा। आयोजन की तैयारियों के लिए हुई बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार दुबे सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बरसात में भी कम नहीं हुआ गजानन के भक्तों का जोश

**तैयारियां जोरों पर, 27 अगस्त को विराजमान होंगे श्री गणेश भगवान**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कल से लगातार हो रही भारी बरसात के कारण श्री गणेश महोत्सव पंडाल जलमग्न हो गया लेकिन इसके बावजूद भक्तों का जोश कम नहीं हुआ।

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ के सौजन्य से संपन्न होने वाला श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ इस वर्ष भी 11वीं बार विशाल भव्यता के रूप में मनाया जा रहा है। कल से लगातार भारी बरसात होने के बावजूद भक्तों का मनोबल कम नहीं हुआ। बरसात में भी मंच बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने बताया सभी सदस्य एवं पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वाह पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ कर रहे हैं। बरसात अपना कार्य कर रही है जबकि भक्त अपना कार्य कर रहे हैं। पंडाल बनाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। पंडाल के आसपास पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है इसके बावजूद भक्तों का मनोबल और बढ़ गया है।

## आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कोतवाली में नायब तहसीलदार राम प्रकाश और कोतवाल विष्णुकांत तिवारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी गणेश चतुर्थी 27 अगस्त से शुरू) और 7 सितंबर को होने वाले 12वीं शरीफ के त्यौहारों को लेकर चर्चा की गई। नायब तहसीलदार राम प्रकाश ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्यौहार मनाएं। उन्होंने कहा प्रशासन किसी भी तरह की अशांति को रोकने के लिए तैयार है और लोगों से सहयोग की उम्मीद करता है। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने कहा कि त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का अनुरोध किया। बैठक में पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे, आनंद गुप्ता, शिव कुमार सिंह, अतुल वर्मा, फैयाज अहमद, असलम उर्फ पप्पू, मोहम्मद आलम, हरेंद्र प्रताप, हिमांशु दुबे, वसीम खान, संजय कुमार, बालक राम सहित नगर के कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

## किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी स्कूल गई 12 वर्षीय कक्षा 8 की छात्रा को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाने की पीड़ित पिता ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी 12 वर्षीय पुत्री कक्षा 8 की छात्रा है। रोज के भांति वह शनिवार को कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक वापस न आने पर उसकी खोजबीन की गई, तो पता चला कि तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया निवासी गोकुल पुत्र पिंकी यादव अपने साथी ग्राम दुर्गा नगला निवासी आदित्य पुत्र अविनाश के सहयोग से उनकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# भव्य स्वरूप में होगा दिन की रामलीला का आयोजन

**देवकीनंदन मिश्रा फिर बने अध्यक्ष**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मन्शेश्वरनाथ मंदिर परिसर में हुई रामलीला कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से देवकीनंदन मिश्रा को दोबारा अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में तय हुआ कि इस बार दिन की रामलीला का आयोजन भव्य स्वरूप में होगा। चुनाव से पूर्व विगत वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि 718240 रुपए आय हुई जबकि 733180 रुपए खर्च हुए। शेष 14940 रुपए की पूर्ति पिछले साल अध्यक्ष रहे देवकीनंदन मिश्रा ने की। आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने कहा यह राजकाज है। इसमें सभी को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा ने अध्यक्ष बनाने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा इस बार की रामलीला बहुत ही सुन्दर व भव्य होगी। नगर पालिका के अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा इस बार भी श्री रामलीला कमेटी में युवाओं को मौका दिया गया जो बहुत ही सराहनीय कदम है। इसके बाद माल्यार्पण करके नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस दौरान विजय चौहान, रजत त्रिपाठी, कौशलेंद्र सिंह श्यामू चौहान, राजीवनयन त्रिपाठी, अनुराग त्रिपाठी, बब्बा यादव, विवेक गुप्ता, दिलीप गुप्ता, प्रतीक त्रिपाठी, विजय सिंह चौहा,न प्रेम मुरारी दुबे, अनुराग त्रिपाठी, पंकज दुबे, टिंकू दीक्षित आशु तिवारी राजीव मिश्रा सर्वेश कुमार चौरसिया टीटू व नीरज यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# श्रीराम कथा महामहोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**सात सितंबर से होगा शुभारंभ**

श्रीगोविंद सत साहित्य प्रचार समिति और प्रभातफेरी मंडल के तत्वावधान में 15वें श्रीराम कथा महामहोत्सव और दुलर्भ सत्संग की तैयारियां तेजी से शुरू हो गई हैं। यह आयोजन पितृ पक्ष में भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम होगा।

यह नौ दिवसीय आयोजन 7 सितंबर से श्रीगंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में होगा। कथा स्थल की साफ-सफाई के साथ-साथ प्रभातफेरी मंडल के सदस्य घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं। आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से होगी। इस बार श्रीधाम वृंदावन के सरस कथा व्यास संत प्रहलादजी महाराज श्रीराम कथा सुनाएंगे, जबकि ऋषिकेश के ब्रह्मचारी संत किशनजी महाराज और स्वरूपदासजी महाराज प्रवचन करेंगे। देर शाम हुई बैठक में आयोजन को भव्य बनाने के लिए सुशील पांडेय एडवोकेट, उमेंद्र सिंह यादव, विजय सिंह चौहान, विजय प्रतापसिंह, विमल पांडेय, मनोज कुमार सिंह, रामप्रकाश वर्मा, डॉ. परशुराम शर्मा, अनिल दीक्षित, पंकज मिश्रा, डीके सिंह, अजय गुप्ता लालू, मनोज शर्मा, पूरन शर्मा, प्रशांत भदौरिया, रमेश शुक्ला, रूपेश दुबे, संजीव दुबे, रामकिशोर गुप्ता, विमल शर्मा, विनय त्रिपाठी, अवधेश गुप्ता, राघवेंद्र सिंह और देवेंद्र वर्मा ने विस्तृत चर्चा की।

# संस्कृति बोधमाला पुस्तकों का हुआ विमोचन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैं आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति बोध परियोजना की बोधमाला 1 से लेकर बोधमाला 10 तक की सभी पुस्तकों और प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा और प्रज्ञा पुस्तकों का विमोचन किया गया।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने आए हुए समस्त ऑगन्तुक महानुभावों का परिचय कराया। प्रभात दुबे गर्ल्स इण्टर कॉलेज की छानाओं को प्रमाणपत्र और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मान्दर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य (संकुल प्रमुख) जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा संस्कृति बोध परियोजना द्वारा विद्या भारती भारतीय संस्कृति के संरक्षण का कार्य पूरे देश में कर रही है। विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश शुक्ल %अज्ञात% ने कहा विद्या भारती के विद्यालयों में अध्ययन करने वाले भैया बहिन बहुत ही भाग्य?शाली हैं। ये ही देश का भविष्य हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रपति से सम्मानित भारत सिंह वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में सम्पूर्ण समाज को सह?भागिता करनी चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र सिंह राठौर ने कहा संस्कृति बोध महाअभियान 18 अगस्त से प्रारम्भ होकर 31 अगस्त तक पूरे समाज में चलाया जाएगा।

आचार्य अनुराग जी के संचालन में हुए कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष रामचन्द्र दुबे, पूर्व प्रबंधक संतोष कुमार पाण्डेय, सामाजिक कार्यकनी श्रीमती संगीता मिश्रा, प्रभात दुबे गर्ल्स इण्टर कालेजे की शिक्षिका प्रमिला आदि उपस्थित रहे।

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष भाजपा, उपजिलाधिकारी कायमगंज, तहसीलदार कायमगंज द्वारा तहसील कायमगंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का मोटरवोट द्वारा भ्रमण किया गया व बाढ़ प्रभावित गांवों में जाकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। इसके साथ ही तहसील अमृतपुर के तेरा अकबरपुर व बहादुरपुर गांवों में 269 बाढ़ राहत किट का वितरण प्रशासन द्वारा किया गया।

जनपद में बाढ़ की स्थिति की जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद में अभी तक कुल 162 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ से प्रभावित गांवों के लोगों को प्रतिदिन प्रशासन द्वारा मदद पहुचाई जा रही है। सम्बंधित तहसील के उपजिलाधिकारी व तहसीलदार द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी प्रतिदिन बाढ़ क्षेत्र में जाकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनकर उनका निराकरण करा रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा बाढ़ राहत से संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया है कि बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने में कोई भी लापरवाही न की जाये। लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन सुबह शाम बाढ़ की समीक्षा की जा रही है व निर्देशित किया है कि बाढ़ से प्रभावित कृषि क्षेत्र का सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान करने की कार्यवाही की जाये।





पीड़ितों को वितरित की गयी खाद्य सामग्री



मोटर वोट से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाते उपजिलाधिकारी व सांसद आदि

अभी तक तहसील सदर में 4250, कायमगंज में 12600 व अमृतपुर में 20715 पैकेट बाढ़ राहत खाद्यान्न किट का वितरण किया जा चुका है। साथ ही 05 राहत शिविर संचालित किये ज़ा रहे है। जिसमें रहने वाले 806 व्यक्तियों को प्रतिदिन पका पकाया भोजन भी वितरित किया जा रहा है।

बाढ़ क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा तहसील सदर में 13 नाव, कायमगंज में 56 नाव व अमृतपुर में 82 नाव लगाकर राहत बचाव कार्य किया ज़ा रहा है व 11 मोटर बोट संचालित की जा रही हैं। बाढ़ क्षेत्र में अब तक 49 पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किये गये हैं। जिनमे 2447 पशुओं का उपचार किया गया व 21763 पशुओं का टीकाकरण भी किया गया है। प्रशासन द्वारा पशुओं के लिये भूसा भी उपलब्ध कराया जा रहा है व 4530 किलो पशु चारे का भी वितरण किया गया है। जनपद में 17 मेडिकल टीमों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 488 कैम्प आयोजित किये गये हैं। जिनमें 30129 लोगों का उपचार किया गया है। मेडिकल टीमों द्वारा 22771 क्लोरीन टेबलेट व 13415 ओ0आर0एस0 के पैकेट का वितरण किया जा चुका है। जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व फ्लड पी0ए0सी0 की तैनाती भी की गई है।

## हिन्दू नेता ने जहर खाकर जान देने का किया प्रयास



हिन्दू नेता को सीएचसी लेकर जाते परिजन व मौजूद पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के नेता ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के नेता प्रदीप सक्सेना को धूना रोड पर बेहोशी की अवस्था में पड़ा देखा गया। जानकारी मिलने पर उनका बेटा जय सक्सेना पिता को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा। जहाँ उसने बताया की पिता की जेब से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने किसान यूनियन के नेताओं पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डाक्टर ने बताया कि उन्होंने कीटनाशक जहर खाया है। वही उनका कहना है कि हमारा किसान नेता हमारा उत्पीड़न कर रहे हैं। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनको दण्डित किया जाये। बताते चलें कि मुन्नालाल सक्सेना व प्रदीप सक्सेना के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा है। दोनों पक्ष एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज करा चुके हैं। आज हिन्दू नेता ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया।

## कोटा चयन की रुपरेखा हेतु रखी गयी बैठक में दो पक्ष भिड़े, बैठक स्थगित

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** कोटा चयन की रूपरेखा बनाने के दौरान दो पक्षों में नोंकझोंक हो गई। विवाद बढ़ता देख ग्राम विकास अधिकारी ने बैठक को निरस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव भागीपुर उमराह में सोमवार दोपहर ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थिति में कोटा चयन की प्रथम प्रकिया की रूप रेखा की खुली बैठक गांव में रखी गई थी। जिसके लिए सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठे हुए थे। बैठक के दौरान ग्राम प्रधान मीरा देवी उपस्थित नहीं हो सकी। ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति पर ग्रामीणों ने विरोध किया। इसी दौरान प्रधान पति वीरेंद्र यादव से ग्रामीण नोंकझोंक होने लगी। विवाद बढ़ता देख सचिव विजय शंकर राजपूत ने दोनों पक्षों को समझकर शांत करा दिया। उन्होंने उच्चाधिकारियों के अगले निर्देश तक बैठक को स्थगित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में राशन की दुकान रामलड़ैते शाक्य के पास थी। स्वास्थ्य व मानसिक रूप से परेशान होने पर उन्होंने लगभग आठ माह पूर्व इस्तीफा दे दिया था। उक्त राशन की दुकान को पड़ोसी गांव होतेपुर से जोड़ दिया गया था। काफी समय से ग्रामीणों को राशन दूर लेने जाने में दिक्कत हो रही थी। ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी को राशन की दुकान के चयन हेतु आवेदन किया था। सचिव विजय शंकर राजपूत ने बताया विवाद के शांत होने तक चयन प्रकिया स्थगित कर दी गई है।

# प्रकृति प्रेमी पूर्व प्रधानाध्यापक को पर्यटन मंत्री ने किया सम्मानित

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज़।**

प्रकृति प्रेमी पूर्व प्रधानाध्यापक महेश सिंह राठौड़ को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सम्मानित किया

थाना राजेपुर के अंतर्गत गांव तुसौर निवासी महेश सिंह राठौड़ पूर्व प्रधानाध्यापक जूनियर विद्यालय राजेपुर अपने शिक्षण कार्य से लेकर पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ पौधों को लगाने में सदैव चर्चा में रहे। इसी क्रम में जिलाधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी से लेकर जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों सहित राज्य स्तरीय मंत्रियों ने कई बार सराहना कर सम्मानित किया।

महेश सिंह राठौड़ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना। उन्होंने फूलबाग एग्रो टूरिज्म के नाम से लगभग 2 एकड़ जमीन में तरह-तरह के फल, फूल वाले पेड़ पौधों को रोपित कर फूल बाग तैयार किया, जो कि गंगा पार क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शहरी क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र में आने वाले ग्रामीण पर्यटन में प्रथम स्थान उत्तर प्रदेश में बनाया है। इसी क्रम में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ स्थित इंदिरा प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक महेश सिंह राठौड़ को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इससे हमारे गंगापार क्षेत्रवासियों का गौरव बढ़ा है।





महेश सिंह राठौड़ को सम्मानित करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह

# आधा दर्जन गांवों में लगाये गये चिकित्सा शिविर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

राजेपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग ने विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में 150 मरीजों का उपचार किया गया। राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर प्रमित राजपूत के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रामपुर, लभेड़ा, पिथनापुर, बरुआ और जमापुर सहित करीब आधा दर्जन गांवों में चिकित्सा शिविर लगाए गए। स्वास्थ्य टीम नाव के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंची। चिकित्सकों ने बताया कि शिविर में सबसे अधिक त्वचा रोगों के मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों ने मरीजों को दवाएं वितरित कीं। साथ ही उन्हें गंदे पानी से दूर रहने की सलाह भी दी। डॉक्टरों ने बताया कि गंदे पानी के संपर्क में आने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। शिविर में डॉक्टर गौरव, डॉक्टर प्रमित राजपूत, डॉक्टर नेहा और डॉक्टर अमित वर्मा सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानीं। चिकित्सकों ने कहा कि बाढ़ के चलते चिकित्सा शिविर बराबर जारी रहेंगे। बताते चलें कि बाढ़ के चलते संक्रामक रोग भी तेजी से फैल रहे हैं। वहीं मौसम में हो रहा परिवर्तन भी बीमारी का कारण बन रहा है। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को विशेष एतियात बरतने के निर्देश दिये हैं।



चिकित्सा शिविर में मौजूद ग्रामीण

## अधेड़ ने मूकबधिर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का किया प्रयास

**परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अधेड़ ने घर में अकेली मानसिक रूप से विक्षिप्त मूक बधिर किशोरी को देखकर दबोचकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी के पिता के पहुंचने पर आरोपी युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने आरोपी को दबोच लिया। घटना क सूचना 112 नंबर पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को अधेड़ को सौंप दिया। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया श्रृंगीरामपुर निवासी 40 वर्षीय समरपाल शराब पीने का आदी है। वह सोमवार को दोपहर शराब ठेके से शराब पीकर घर जा रहा था, तभी रास्ते में उसने चारपाई पर बालिका को सोते देखा, तो वह उसके पास गया और चारपाई पर लेटकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया, तभी बालिका के परिजन आ गये। परिजनों को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन परिजनों ने उसे दबोच लिया तथा 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को अधेड़ को सौंप दिया। पुलिस ने पीड़िता का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया। घटना के संबंध में परिजनों ने तहरीर दी है।


# निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा

**फकरपुर मार्ग पर आवागमन प्रभावित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से लगातार ऊपर जा रहा है। रविवार को जलस्तर 137.40 सेंटीमीटर दर्ज किया गया। यह खतरे के निशान से करीब 30 सेंटीमीटर अधिक है।

नदी में लगातार पानी छोड़े जाने से जलस्तर में वृद्धि हो रही है। इससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। फकरपुर जाने वाले संपर्क मार्ग पर तेज पानी की धारा बह रही है। इस कारण वहां आवागमन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। रतिराम, केशन ने बताया कि आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से राहत की मांग की है। साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था की भी मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी से होकर गुजरने में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। वहीं खेत भी पूरी तरह से जलमग्न हो गये हैं। इससे बाढ़ का खतरा प्रबल हो गया है। जिससे ग्रामीण खासे परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार बाढ़ ने उन्हें पूरी तरह से नेस्तनाबूत कर दिया है, क्योंकि फसलें भी पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी हैं।



फकरपुर मार्ग पर चल रहा पानी

# चोरी के खुलासे में एसओजी समेत पांच टीमें जुटीं, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

बीते दो दिन पूर्व ताला तोड़कर हुई 25 लाख की चोरी के खुलासे के लिए एसओजी समेत पुलिस की पांच टीमें गठित की गयी हैं। फॉरेंसिक टीम को सोमवार को चोरी में कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला गुलाब निवासी अवधेश सिंह यादव अपने छोटे भाई राजपाल सिंह व राजेश सिंह के साथ सामूहिक रुप से एक ही घर में रहते हैं। अवधेश व राजपाल का परिवार खेती करता है और गाँव में ही हैं, जबकि सबसे छोटा भाई राजेश सिंह देहरादून में एक निजी कम्पनी में कार्य करता है। लिहाजा उसका परिवार साथ में ही रहता है। बीती 23 अगस्त की रात चोर मौका देखकर घर के पीछे से चढ़कर मकान में दाखिल हुए। चोर तीन कमरों के कुंडे तोड़कर अलमारी, बक्सा खोलकर करीब 23 लाख के जेवरात व 2 लाख रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गये थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी थी। पखना चौकी प्रभारी रामप्रकाश ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार को चोरी के खुलासे के लिए एसओजी समेत पुलिस की पांच टीमें गठित की गयी हैं। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि जांच लगातार जारी है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



जांच पड़ताल करते सीओ व थानाध्यक्ष आदि

# जानलेवा हमले में एक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

युवक पर जान से मारने की नियत से फायर करने के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित सूर्यप्रताप सिंह पुत्र कौशलेन्द्र सिंह निवासी रुनी चुरसई थाना जहानगंज द्वारा पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि अभियुक्तगण द्वारा उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 13 अगस्त को थाना हाजा पर मु0अ0सं0 206/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/ 109/ 352 /324 (2) बी.एन.एस. बनाम हनी तिवारी आदि पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में अभियुक्त हनी तिवारी उर्फ हर्षित तिवारी पुत्र स्व0 अनुपम तिवारी निवासी बिजाधरपुर सेन्ट्रल जेल कोतवाली फतेहगढ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# पुलिस अधीक्षक ने की अपराधों की समीक्षा



बैठक लेंती पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में कायमगंज सर्किल के क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना/चौकी/हल्का प्रभारियों की बैठक लेकर अपराधों की समीक्षा की गयी। जिसमें जनसुनवाई, अपराध नियंत्रण, विवेचना निस्तारण, आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस के माध्यमसे प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। साथ ही आगामी त्यौहार बारावफाद, गणेश महोत्सव को लेकर कहा कि उपरोक्त त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न होने चाहिए।

उपरोक्त त्यौहारों पर आवश्यक पुलिस बल लगाया जाये। जिससे त्यौहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न किया जा सके।

## हत्यारोपी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित रघुनन्दन सिंह पुत्र स्व0 रामसिंह निवासी उमराव नगला ग्राम सभा फतेहपुर थाना कमालगंज नें अभियुक्ततों द्वारा खाली खेतों में पीड़ित के पुत्र संजेश को भैंसे चराने को लेकर हुए विवाद में टकोरा से जानलेवा हमला करना, जिससे पीड़ित के पुत्र की मौके पर ही मौत होने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी।

सूचना पर तत्काल थाना कमालगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 272/2025 धारा 191 (2)/ 191(3)/ 190/ 103(1) बीएनएस बनाम सूरज राजपूत पुत्र स्व0 परशुराम निवासी ग्राम हुसैनगंज थाना कमालगंज आदि 05 नफर के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में अभियुक्त सूरज कुमार पुत्र स्व0 परशुराम उर्फ परसराम निवासी कुतुबपुर बघार मौजा भूलनपुर चिरपुरा हुसैनगंज थाना कमालगंज को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त एक टकोरा बरामद कर लिया।

# पांचाल घाट पुल की मरम्मत का कार्य शुरु, 29 दिन रहेगा रुट डायवर्जन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पुल पर मरम्मत का कार्य शुरु हो गया है। यह कार्य लगभग 29 दिनों तक चलेगा। जिसको मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने यातायात डायवर्जन किया है।

डायवर्जन के तहत सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। कन्नौज से कानपुर रोड होकर फतेहगढ़ जाने वाले मालवाहक वाहनों को गुरसहायगंज से छिबरामऊ की ओर मोड़ा जाएगा।

छिबरामऊ से जहानगंज होकर फतेहगढ़ जाने वाले वाहनों को बेवर, मैनपुरी की तरफ भेजा जाएगा। एटा से आने वाले वाहनों को अलीगंज बार्डर पर रोका जाएगा। शाहजहांपुर-बरेली से फतेहगढ़ की ओर जाने वाले वाहनों को अल्लाहगंज, हुल्लापुर और जरियनपुर चौराहे पर रोका जाएगा। हरदोई से फतेहगढ़ आने वाले वाहनों को रूपापुर में ही रोक दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मार्च में भी इस पुल पर एक महीने तक मरम्मत कार्य चला था। मरम्मत के बाद पुल के जॉइंट दोबारा खुल गए थे। जिससे यातायात में समस्याएं आ रही थीं। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए यह नया मरम्मत कार्य शुरू किया गया है।



पांचाल घाट पुल पर क्रॉस बेरियर लगाते कर्मचारी

# दिल्ली के लिए डाक सेवा शीघ्र होगी शुरु : डाक अधीक्षक

**▸ जरदोजी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष ने वार्ता कर की दिल्ली कोरियर सेवा की मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के अध्यक्ष हाजी मो0 इकलाख खां व जरदोजी उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष हाजी मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने अपने जरदोजी व्यापारियों के साथ लालगेट स्थित डाक घर पहुंचकर डाक अधीक्षक से वार्ता कर फर्रुखाबाद से दिल्ली रोजाना डाक सेवा सर्विस चलाने की मांग की। डाक अधीक्षक डीबी पाण्डेय ने डाक इंस्पेक्टर अंकित द्विवेदी व मनोज कुमार पाल के साथ व्यापारियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही डाक सेवा दिल्ली के लिए रोजाना शुरु होगी और 61 रुपये प्रति किलो किराया लगेगा।



डाक अधीक्षक से वार्ता करते व्यापारी

दिल्ली के लिए प्रति दिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक लालगेट से एक गाड़ी सरकारी चलाने का प्रयास किया जाएगा, जो प्रति दिन दिल्ली में सुबह 10 बजे से सुबह 11 बजे तक जहां का माल होगा वो उस दुकान पर डिलीवरी कर दिया जाएगा तथा उसी गाड़ी से जो माल फर्रुखाबाद मंगाना चाहते है वो माल वापसी भी आ जाएगा और सुबह 10 बजे फर्रुखाबाद में डिलेवरी हो जाएगा। जिससे जरदोजी व्यापारियों को तथा अन्य व्यापारियों को काफी लाभ होगा। प्रतिदिन कोरियर सर्विस मिलने से व्यापारियों की समस्या का हल होगा। रास्ते मे किसी प्रकार की समस्या भी नहीं होगी, क्योंकि डाक विभाग की गाड़ी सरकारी होंगी। सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही इस योजना पर काम किया जाएगा तथा एक बैठक व्यापार मंडल के साथ करके इस योजना को शुरू करने का प्रयास किया जाएगा तथा एक किलो का रेट भी सम्भावित 61 रुपये 36 पैसे होगा तथा जितना वजन ज्यादा होगा तो रेट घटता जाएगा, कम से कम 1 किलो अधिकतम वजन 35 किलो तक डाक द्वारा भेजा व मंगाया जा सकेगा। जल्द दूसरी बैठक भी व्यापार मंडल के साथ होगी और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस मौके पर आकिल खान, रफत हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# बड़े-बूढे हनुमान जी के वार्षिक उत्सव पर भक्तों की उमड़ी भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के प्राचीनतम मंदिर श्री बड़े बूढ़े हनुमान जी के वार्षिक उत्सव एवं बुढ़वा मंगल बड़ी धूमधाम के साथ भक्तों ने बनाया। भक्तों ने प्रातः काल मंगला दर्शन आरती कर रामचरितमानस का पाठ श्रीराम राज्याभिषेक एवं हवन पूजन कर सुंदरकांड का पाठ किया। कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने बाबा की आराधना की एवं अपनी अर्जियां लगाई। भक्तों ने मनौतिया पूर्ण होने पर बाबा के दर्शन किए। मंदिर के बड़े पुजारी पंडित चंद्र प्रकाश औदिच्य ने भक्तों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की एवं आशीर्वाद दिया। बड़े पुजारी ने बताया की 26 अगस्त को बुढ़वा मंगल का महाप्रसाद एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। भक्तों से अधिक से अधिक भगवान के दर्शन लाभ एवं प्रसाद ग्रहण करें। व्यवस्था में महेंद्र भदोरिया, दीपू औदिच्य, हिमांशु, अरुण औदिच्य, विमलेश मिश्रा, पिंकू वर्मा, सोनू मिश्रा, आशीष अग्रवाल, आलोक गौड़, आशीष वर्मा, कल्लू दीक्षित आदि लोग लगे रहे।


परिचय-मंदिर में पूजन करते पुजारी

# सामाजिक न्याय के पुरोधा बीपी मण्डल की जयंती पर सपाइयों ने किया याद


बीपी मण्डल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मण्डल की जयंती एवं गोष्ठी जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनायी गई। सभी ने बीपी मण्डल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज पूरा समाज और खासकर पिछड़े वर्ग के लोग मण्डल को सामाजिक न्याय के पुरोधा के रूप में याद करते है। उनका समाज को मुख्य धारा में लाने के संघर्ष को आने बाली पीढ़ियां नमन करेंगी। इस मौके पर उर्मिला राजपूत, सर्वेश अंबेडकर, शिवशंकर शर्मा, चन्द्रेश राजपूत, सुलक्षणा सिंह आदि विचार व्यक्त किए। इस दौरान सुनीता शाक्य, दीक्षा शाक्य, पूजा कठेरिया आदि मौजूद रहे। समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने अजय यादव को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। पार्टी कार्यालय पर ठंडी सड़क निवासी अजय यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

# युगल जयंती उत्सव में राधा-रानी की भक्तों ने सुनी अध्यात्मिक कथा

**▸ राधा-रानी को स्वतंत्र ग्रन्थ व सभी शक्तियों का माना गया स्वरुपा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युगल जयंती उत्सव श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड पर मनायी गई। व्याख्यान माला के अन्तर्गत डा0 मनमोहन गोस्वामी भगवताचार्य ने अध्यात्मिक रहस्यमय श्रीराधा तत्व का विवेचन करते हुए कहा कि वैदिक पुराणों के कुछ अंशों को लेकर राधा सप्तशती को स्वतंत्रा ग्रन्थ कहा है।

दुर्गा सप्तशती मार्कण्डेय पुराण, भगवत गीता, महाभारत, अन्य ग्रन्थों की रचना की गई। उसी प्रकार से राधा सप्तशती का स्वतंत्र रुप से भगवताचार्यों ने राधा जी का परम शक्ति, परम अध्यात्मिक दिव्य प्रेम तत्व की युगल सरकार श्रीराधा माधव दोनों एक ही परम शक्ति है। अपने स्वतंत्र रुप से व्याख्या की।


राधा-रानी की आरती करते डॉ. मनमोहन गोस्वामी व मौजूद भक्त

मंगलाचरण श्लोक में अध्यात्मिक ऐतिहासिक वृंदावन की बृहत्ता के द्वारा चिंतन मंथन के द्वारा सृष्टि की रचना, वृंदावन यमुना, गोवर्धन, बरसाना की महिमा के साथ परम ब्रह्म पराशक्ति श्रीराधा शक्ति के अलौकिक प्रेम की व्याख्या की।

बृज क्षेत्र श्रीकृष्ण धाम से पधारे भगवताचार्य योगेश गोस्वामी ने राधा-रानी की स्तुति जय राधा माधव गोपी नंदन भजन के साथ राधा-रानी का प्रेम स्वरुप, परम शक्ति भगवान की आंनद स्वरुप है, उनकी अभिव्यक्ति ही श्रीकृष्ण दोनों एक ही परम शक्ति है। समस्त ब्रह्माण्ड की देवीयों की शक्ति राधा-रानी में समाही है। अध्यात्मिक संगोष्ठी में डा0 शिवओम अम्बर, डा0 मनोज महरोत्रा, सुरेन्द्र सफ्फड़, अरुण जालान, हर्षित सिगतिया, जितेन्द्र अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, अशोक मिश्रा, रघुवीर आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने ठाकुर जी की कथा सुनी और आरती में भाग लिया। संचालन बृजकिशोर सिंह किशोर ने किया।

# पब्लिक स्कूल एसो. द्वारा 16 सितम्बर को होगी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता


बैठक में मौजूद पब्लिक स्कूल एसो. के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पब्लिक स्कूल एसोसिएशन की बैठक मनीष मिश्र के सेन्ट्रल जेल स्थित जेपी मेमोरियल स्कूल मण्डी रोड पर सम्पन्न हुई।

ह्य एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश राठौर ने अध्यक्षता की। बैठक में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। जो 16 सितम्बर को सम्पन्न होगी। परीक्षा शुल्क 50 रुपए प्रति छात्र रहेगा। परीक्षा के लिए फॉर्म भर कर जमा करने की अन्तिम तिथि 5 सितम्बर है। बाद में फॉर्म जमा नहीं होंगे। इस मौके पर डॉ0 मुकेश राठौर, मुन्ना लाल तिवारी, देव कुमार शर्मा, प्रभात कुमार शुक्ल, मनीष मिश्रा, देवेश नारायण अवस्थी, संजय यादव, नवनीत मिश्रा, उमेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# रिवैम्प इंडिया फाउंडेशन ने बाढ़ प्रभावित गांव में महिलाओं को बांटे सैनेटरी पैड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रिवैम्प इंडिया फाउंडेशन ने बाढ़ प्रभावित गांवों में महिलाओं और किशोरियों की स्वच्छता और गरिमा बनाए रखने के लिए 800 सैनेटरी पैड का वितरण किया। बाढ़ के कारण दुकानें बंद और आपूर्ति बाधित हो जाने से मासिक स्वच्छता संबंधी वस्तुओं तक पहुंच कठिन हो गई थी। इस चुनौती के समय यह पहल प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल राहत और सुरक्षा का साधन बनी।

नंदसा खिमसेपुर निवासी रीवैम्प इंडिया के अध्यक्ष वैभव सिंह राठौर ने अनिल प्रताप सिंह, अनिल सिंह राठौर, राना हिजाब, आकाश दुबे, गुंजा जैन, रश्मि सिंह, निहारिका पटेल, रोहित मिश्रा, शरद चंदेल, भूपेंद्र प्रताप के साथ पहुंचकर सैनेटरी पैड बांटे।


महिलाओ को सैनेटरी पैड बांटती टीम

रिवैम्प इंडिया की टीम ने पैड वितरित करने के साथ ही उपयोग और सुरक्षित निपटान के बारे में सरल और व्यावहारिक जानकारी दी, ताकि स्वास्थ्य जोखिम कम हों और महिलाएं आत्मविश्वास के साथ अपनी दिनचर्या जारी रख सकें। वैभव सिंह राठौर ने कहा कि कभी-कभी छोटी सी वस्तु भी कठिन परिस्थितियों में बड़ा फर्क ला सकती है और फाउंडेशन प्रभावितों के साथ लगातार खड़ा रहेगा। रिवैम्प इंडिया फाउंडेशन स्थानीय साझेदारों और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर ऐसे सहायक कार्यक्रम जारी रखने और जरूरतमंदों तक समय पर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# डॉ. एमएस स्वामीनाथन के सम्मान में कराया गया कृषि वाटिका का निर्माण

**▸ बक्शी तालाब इंटर कालेज में पर्यावरण के प्रति जागरुक कर छात्रों ने लगाये पौधे**

**लखनऊ/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बक्शी के तालाब इंटर कॉलेज के प्रांगण में कृषि वाटिका का निर्माण कराया जा रहा है। यह कार्य प्रबंधन सहायक पन्नालाल गुप्ता के निर्देशानुसार कृषि प्रभारी डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव के संचालन में विद्यालय के छात्रों के साथ करौंदा के लगभग 140 पौधे पट्टिका के रूप में लगाए गए।

यह कार्य इसलिए किया जा रहा है कि पर्यावरण के प्रति बच्चे जागरूक होंगे तथा समाज को जागरूक करें। यह कृषि वाटिका डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन के सम्मान में समर्पित है। डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि डॉक्टर स्वामीनाथन भारतवर्ष में कृषि के महान वैज्ञानिकों में शुमार है। इनका योगदान भारत में हरित क्रांति के लिए जाना जाता है, यह भारत एवं अन्य देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थाओं में विभिन्न पदों पर रहे तथा कृषि को एक नवीन ऊंचाइयों पर ले गए। 60 के दशक में भारतवर्ष में अमेरिका से लाल गेहूं आयातित होता था, जिससे यहां की आम जनता पेट भर पर भोजन नहीं कर पाती थी। 70 के दशक में स्वामीनाथ के नेतृत्व में भारत हरित क्रांति की असीम ऊंचाई पर पहुंचा। पन्नालाल गुप्ता एवं डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव के सहयोग से कृषि के प्रति लगाओ तथा पर्यावरण को बचाने के लिए बच्चों के साथ मंद मंद फुहार के बीच में करौंदा के पौधे लगाए गए।


पौधे रोपित करने के दौरान मौजूद छात्र

जीव विज्ञान प्रवक्ता राजेश द्विवेदी, रामजी यादव, उमा दत्त पांडे आदि विभिन्न शिक्षकों ने सभी का उत्साह आवर्धन किया। बताया गया कि सभी छात्रों का कर्तव्य पर्यावरण को बचाना है। पौधों को लगाना पौधे हैं, तो जीवन है, जीवन है तो पौधे। जितेंद्र यादव ने बच्चों को शपथ दिलाई के सभी छात्र मुख्य रूप से कृषि के पर्यावरण को बचाएंगे स्वयं जागरूक होंगे एवं औरों को जागरूक करेंगे। इस मौके पर आशुतोष कुमार, मिलन कुमार, सहित राजपूत, कृष्ण चक्रवर्ती, प्रिंस राज, अनुराग भारती, रमन कुमार, नितिन कुमार, अनुकल्प वर्मा एवं वीरेंद्र रावत मौजूद रहे।

## अवंतीबाई लोधी की 194वीं जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय लोधी लोध लोधा महासभा के तत्वावधान में नवभारत सभा भवन में आयोजित वीरांगना अवंतीबाई लोधी की 194वीं जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 26 को धूमधाम से मनाया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा होंगें। विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, सांसद सच्चिदानन्द हरि साक्षी, प्रो0 रामबक्स सिंह वर्मा, सांसद मुकेश राजपूत आदि होंगे। जिसमें मेधावियों को भी सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी अरविन्द राजपूत ने दी है।

# अग्निशमन केंद्र पर युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जान माल की क्षति को न्यूनीकरण किए जाने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ द्वारा दिए गए आदेशानुसार एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुभाष कुमार के निर्देशन में अग्नि सचेतक/फायर वालंटियर, योजना के अंतर्गत अग्निशमन तथा आपात सेवा के अग्निशमन केंद्र फतेहगढ़ पर प्रभारी आशीष वर्मा व लीडिंग फायरमैन विनोद सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। स्टेशन पर दूसरे नए बैच को पुनः आग क्या होती व कैसे लगती है, आग के प्रकार, आग को बुझाने के तरीके, फायर एक्सटिंगईशेर के कार्य व इनके प्रकार व इनसे कैसे आग बुझाया जाए ये सारी बेसिक व जरूरी जानकारी दी गई।


प्रशिक्षण में मौजूद युवा

फायर सर्विस संबंधित फायरमैन आशीष उपाध्याय, व जितेंद्र सिंह द्वारा दी गई। प्रशिक्षुओ के मन में उठे प्रश्नों के जवाब दिए व ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस सर्टिफिकेट योजना से जोड़कर जागरुक होने को कहा गया। स्टेशन पर फायरमैन विकाश उमराव, रोहित व शिवम भी मौजूद रहे।

# बसपा की बैठक में बूथ को मजबूत करने पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक मुख्य मण्डल प्रभारी नरेन्द्र कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य मण्डल प्रभारी कानपुर विजय भास्कर ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुशवाहा ने पूरे जिला के गठन की विस्तार से समीक्षा की और आगामी चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को मजबूत होकर लड़ने के मंत्र बताये। कैसे हम लोग मिलकर बूथ स्तर पर जाकर सबको इकट्ठा करके 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने का कार्य करेंगे। सभी ने बाबा साहब व काशीराम के पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर शिवकुमार गौतम, सर्वेश भारती, अमित गौतम, आरडी बौद्ध, रामशरण रमन, सुरजीत, अरविंद बाथम, विनोद गौतम, नेमसिंह गौतम, दौलतराम बौद्ध, देवनरायन गौतम, शैलेन्द्र गौतम, विश्राम सिंह, रूपलाल वर्मा, योगेन्द्र सिंह, प्रदीप कठेरिया, सीताराम गौतम, नबाब सिंह कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद बसपा नेता

# पिछले चार वर्षो से अविनाश निःशुल्क गंगाजल कर रहे हैं वितरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवा धर्म समिति की ओर से सम्पूर्ण भारत में निःशुल्क गंगाजल सेवा चल रही है। पिछले चार साल से इस गंगा जल सेवा को समिति के सचिव अविनाश सारस्वत चला रहे है। यह सेवा गुड़गांव, जयपुर, पुणे, आगरा, भरतपुर, जोधपुर, नवीन मुंबई, अलीगढ़, दिल्ली, बिहार, लखनऊ, लुधियाना, मध्य प्रदेश, नागपुर, महाराष्ट्र, अहमदाबाद, छिंदवाड़ा, सूरत, करमसाद, वडोदरा, कोरपना, बलसार, विट्ठल नगर, मोतीवाड़ा, शिरल, ताल भोर, करौली, ठाणे, इंदौर, भोपाल, छतरपुर, विदिशा डिगलूर, पांढुर्ना, भांडडय, कोच्चि बिजाबर मनकापुर, डूंगरपुर आदि शहरों में गंगाजल भेज चुके है।

गंगाजल की पैकिंग बोतल डिब्बे का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। केवल भारतीय डाक पार्सल शुल्क देना होता है। उन्होंने बताया कि जो भी इस समिति से जुड़कर निःशुल्क सेवा कर सकता है।



जानकारी देते अविनाश सारस्वत

# बैंक ऋण अदायगी के अब तक कुल 687 मामले चिन्हित


बैठक में मौजूद बैंक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के निर्देशन में आगामी 13 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधी बैठक विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज/सचिव संजय कुमार ने किया। तैयारी बैठक में ऋण अदायगी संबंधित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये। अब तक बैंक ऋण अदायगी के कुल 687 मामले चिन्हित किये जा चुके है। इस मौके पर एलडीएमओ आरके राठौर, दीप किशोर शर्मा, असर खान, नीरज मौर्या, अनुज यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# मऊदरवाजा व कम्पिल में थानाध्यक्ष व दो चौकियों पर प्रभारी नियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने सात उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह को मऊदरवाजा थानाध्यक्ष बनाया है। वहीं पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक कपिल कुमार के कम्पिल थानाध्यक्ष का चार्ज सौंपा है। इसके अलावा एसपी ने पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक संदीप कुमार को व0उ0नि0 थाना कमालगंज, उपनिरीक्षक संत कुमार को सर्विलांस सेल प्रभारी का चार्ज, उपनिरीक्षक अरविन्द यादव को थाना मऊदरवाजा की चौकी रायपुर की जिम्मेदारी सौंपी है। उपनिरीक्षक दर्शन सिंह को कोतवाली फतेहगढ़ की चौकी सेन्ट्रल जेल का प्रभारी बनाया है। उपनिरीक्षक नितिन कुमार को कोतवाली फतेहगढ़ की चौकी सरह का प्रभारी बनाया है। लगातार हो रहे पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।


पुलिस अधीक्षक आरती सिंह


**कार्यालय ग्राम पंचायत हरकमपुर विकास खण्ड कायमगंज, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ पंचम वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 25/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/पंचम वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरकमपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 26/08/2025 से 01/09/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01/09/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मानसिंह के घर से कैलाश के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 197203.90 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | ग्रीश के घर से विष्णु के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 122118 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मुकेश के घर से तालाब तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 123008.50 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (मीनू शर्मा)** **सचिव (रामवीर शाक्य)** **अवर अभियंता (दलवीर सिंह)**

# बीपी मंडल की सपा ने मनाई जयंती

- पिछड़ा वर्ग के नायक के रूप में सदैव याद किए जाएंगे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर सोमवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके सामाजिक न्याय के योगदान की चर्चा की। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कहा कि पिछड़ो, शोषित लोकतांत्रिक अधिकार दिलाने वाले सामाजिक न्याय के योद्धा एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल एक ऐसे नेता थे, जो हमेशा गरीबों, बों नौजवानों व्यापारियों और हर तबके के लोगों की लड़ाई लड़ने का काम किया। मुख्यमंत्री कार्यकाल में गरीबों शोषित को न्याय दिलाने के लिए अपनी कुर्सी की परवाह किए बिना मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा भी दिया था। उन्होंने हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ने का काम किया।

कहा कि स्व. बीपी मंडल को पिछड़ा वर्ग के नायक के तौर पर सदैव याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व सीएम एवं मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे स्व. बीपी मंडल ने निस्वार्थ सेवा भाव से गरीब, कमजोर व पिछड़े वर्गों के संवैधानिक अधिकारों को दिलाने वाली रिपोर्ट तैयार की थी, जो बहुत ही मुफीद साबित हुई। कहा कि अन्य पिछड़े वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों में 27 फीसदी आरक्षण दिलाने में उनका बहुत बड़ा योगदान था। जिसको पिछड़ा वर्ग कभी भी भुला नहीं सकता।

कहा कि मंडल आयोग, जिसे 1978 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरार जी देसाई द्वारा गठित किया गया था, ने भारतीय समाज में सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस आयोग के माध्यम से सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की सिफारिश की गई थी, जिसे 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने लागू किया। वक्ताओ ने कहा कि समाजवादी विचारधारा को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा पी.डी.ए. (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के नारे के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है।

बी.पी. मंडल को याद करते हुए कहा कि वे एक क्रांतिकारी नेता थे, जिन्होंने पिछड़ों को सम्मान दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। समाजवादी विचारधारा के लोग ही उनकी नीतियों और सिद्धांतों को आगे बढ़ा सकते हैं। मंडल की एक रपट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस रपट ने देश की सबसे बड़ी आबादी का कायापलट कर दिया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारतीय, आदर्श यादव, जमाल अहमद, अरशद अली, घनश्याम कोल, रामजी यादव, शिवकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# शांतिभंग मामले में पंद्रह गिरफ्तार



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना पुलिस ने सोमवार को बड़ी कारवाई करते हुए गाली गलौज कर फौजदारी करने के मामले में दोनो पक्षों के महिला व पुरुष सहित पंद्रह लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की अंदेशा में उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय में हाजिर किया है। उपनिरीक्षक विजय नारायण पांडेय ने कारवाई करते हुए एक पक्ष के सियाराम मौर्य, रीना मौर्य, दिनेश मौर्य, राजकुमार, प्यारेलाल, नीरज निवासी परसिया महोखर व दूसरे पक्ष के मदूरी, दादू, असलम, अहमद, मंजू, साबिदुन निवासी परसिया मुड़पेली कृष्ण मुरारी निवासी चक कोटार को गिरफ्तार कर उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय में हाजिर कर दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दो पक्षों द्वारा आपस में गाली गलौज व फौजदारी करने के आशंका में दोनों पक्षों से कुल पंद्रह लोगों के विरुद्ध शांतिभंग के अंदेशा में गिरफ्तार कर उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय में हाजिर किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### बाढ़ क्षेत्रों का सपा नेताओं ने जाना हाल

**जमालपुर (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** जिले के अहरौरा के जरगो बांध से पानी छोड़े जाने से जमालपुर विकास खण्ड के दर्जन भर से अधिक गांव जादोपुर दोहरी जगदीशपुर चारगोडा जफरपुर गोगहरा जमूडी औरैया आदि बाढ़ के पानी से घिर गये। बाढ़ को देखते हुये गांव का औचक निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व विधायक चुनार जगदंबा सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सपा राणा प्रताप सिंह, जिला सचिव विजय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव, रफीक अहमद, हरिवंश सिंह एवं वीरेंद्र प्रताप यादव शामिल थे। इस दौरान सपा नेताओं ने बाढ़ से घिरे लोगों से बातचीत की और कहा कि हर सम्भव मदद आपलोगों की की जायेगी।

### उपनिबंधक नौतनवां के विरुद्ध प्रशासनिक एवं विभागीय कार्रवाई करने की मांग

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** उप निबंधक नौतनवा तहसील द्वारा पैसा वसूली के चक्कर में 65त्न मानसिक रूप से विकृत व्यक्ति राजेंद्र पुत्र राम लोट के जमीन का रजिस्ट्री करा दिया गया, जो शत प्रतिशत नियम विरुद्ध है। उक्त बातें आज जिलाधिकारी महाराजगंज को प्रस्तुत शिकायती पत्र द्वारा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने अवगत कराया। पत्र में कहा गया है कि पिछले 28 जुलाई 25 को उप निबंधक नौतनवा के भ्रष्टाचार के विरुद्ध पत्र देकर आपको अवगत कराया गया था। भ्रष्टाचार पर अंकुश न लगने के कारण मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा 65 प्रतिशत मेंटल डिसऑर्डर व्यक्ति की भूमि का बैनामा अधिक पैसा लेकर कर दिया गया है। उपनिबंधक नौतनवा द्वारा बने हुए मकान को जमीन दिखा कर भारी पैसा लेकर बैनामा कर दिया गया है। इस संदर्भ में साक्ष के जिलाधिकारी को अवगत कराया गया है की पूर्व में अपर जिलाधिकारी न्यायिक को सौंपी गई जांच में अभी तक कोई प्रगति न होने से उप निबंधक का मनोबल बढ़ता जा रहा है। जिला अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही करने में आवश्यक है अपर जिला अधिकारी न्यायिक के साथ एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक समिति का गठन कर पूरी जांच कराई जाए और उपनिबंधक के विरुद्ध प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। जिला अध्यक्ष के साथ पनियरा के पूर्व प्रत्याशी शरदेंदु पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन जिला कांग्रेस जयप्रकाश लाल, जिला कोषाध्यक्ष कपिल देव शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह अफजल अब्बासी कंट्रोल रूम प्रभारी शेषमणि गुप्ता हृदय नारायण पांडे प्रधान चंदन तिवारी सहित बहुत सारे लोग उपस्थित रहे।

### मछुआरों के लिए खुशखबरी, इस योजना से सैलरी होगी डबल

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सोमवार को जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि जनपद में अभी तक मत्स्य पालन पारंपरिक ढंग से किया जा रहा है, जिससे तालाबों की वार्षिक उत्पादकता मात्र 25 से 30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर ही रह जाती है। यदि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाया जाए तो यह उत्पादकता 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक पहुंच सकती है। समृद्धि न्यूज संवाददाता के अनुसार जिलाधिकारी ने कहा कि उत्पादकता में बढ़ोतरी से ग्राम सभा के तालाबों के पट्टाधारकों व मछुआरों की आमदनी दोगुनी होगी। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और सामाजिक उत्थान भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री की प्राथमिकता बताते हुए योजना का प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। साथ ही आवेदन तिथि में वृद्धि हेतु निदेशक मत्स्य विभाग को पत्र भेजने और योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार ने बैठक में जानकारी दी कि योजना के तहत कई परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें निषादराज बोट सब्सिडी योजना, महिला मत्स्य पालकों हेतु एयरेशन सिस्टम, मछली विक्रय के लिए मोपेड विद आइस बाक्स, प्रशिक्षण, प्रदर्शनी, अंतरराज्यीय भ्रमण जैसी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सुधारे गए तालाबों में प्रथम वर्ष निवेश पर प्रति हेक्टेयर 4 लाख रुपये की लागत के सापेक्ष 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा ग्राम सभा अथवा अन्य पट्टे के तालाबों के पट्टाधारक एवं पट्टाधारी मत्स्यजीवी सहकारी समितियां अधिकतम 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल तक इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। आवेदकों के लिए यह आवश्यक होगा कि तालाब का पट्टा कम से कम चार वर्ष शेष हो और चयनित लाभार्थी उतनी ही अवधि तक मत्स्य पालन करने के लिए बाध्य रहे। बैठक में जिला विकास अधिकारी बी.एन. कन्नौजिया, उपनिदेशक कृषि संजीव कुमार, एलडीएम बी.एन. मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी और प्रगतिशील मत्स्य पालक भी मौजूद रहे।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

सुरभि शोध संस्थान रामबाग चुनार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक आचार्य देवप्रकाश देवश्री ने उपस्थित श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि माता कुंती की स्तुति और भीष्म पितामह के मोक्ष प्रसंग का वर्णन किया।

माता कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति ऐसी अनुपम भक्ति प्रकट की, जिसमें उन्होंने सांसारिक सुखों की चाह न रखते हुए भगवान के कष्टों को भी सहर्ष स्वीकार किया। भीष्म पितामह के ज्ञान, वैराग्य और अंतिम क्षणों में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के साथ शरीर त्यागकर मोक्ष प्राप्त करने की महागाथा का भी वर्णन किया। इससे पहले रविवार को जी टीवी के चेयरमैन सुभाष चंद्रा व भदोही सांसद डा. विनोद कुमार बिंद की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर संजय मोदी, नवीन मोदी, करन मोदी, वैभव मोदी, सूर्यकांत जालान, अमित चतुर्वेदी, लता मोदी, गौरी चौधरी, ममता मोदी, आस्था मोदी समेत बड़ी संख्या में श्रोता कथा रस का रसास्वादन कर मंत्रमुग्ध हुए।

# पेड़ से टकराकर पिकअप सवार युवक घायल, रेफर

- युवक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर किया गया : चिकित्सक

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग मवई कला गांव पंचशील डिग्री कॉलेज से दो सौ मीटर पहले सोमवार की सुबह अनियंत्रित होकर पिकअप वाहन से पेड़ से टकरा गई जिससे पिकअप सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पिकअप सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

थाना क्षेत्र के देवरी बाजार निवासी रवि अग्रहरि के पिकअप पर सवार होकर युवक तीता गांव निवासी 45 वर्षीय संतराज मिर्जापुर जा रहे थे की पिकअप वाहन जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग मवई कला गांव में पंचशील डिग्री कॉलेज से दो सौ मीटर पहले पहुंची की अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई जिससे पिकअप सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि पिकअप चालक बाल बाल बच गया।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पिकअप सवार घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घायल युवक के परिजन युवक को उपचार के लिए लेकर चले गए हैं। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि पिकअप सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए आया था। प्राथमिक उपचार के बाद युवक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### प्रदेश में उर्वरक की कमी नहीं : इफको चेयरमैन बाल्मीकि त्रिपाठी



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** वाल्मीकि त्रिपाठी, निदेशक इफ्को, चेयरमैन पीसीएफका जनपद आगमन पर आर एम पीसीएफराम कुशवाहा के साथ शिष्टाचार भेंट की गई। पीसीएफमंडल कार्यालय में वाल्मीकि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक भी ली गई। इस दौरान उनके द्वारा कहा गया की प्रदेश में कहीं भी उर्वरक की कोई कमी नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा किसान भाइयों को दानेदार उर्वरकों के साथ नैनो उर्वरकों का भी प्रयोग करना चाहिए। उनके द्वारा ये भी बताया गया की उन्होंने स्वयं अपने परिक्षेत्र में इफ़्को नैनो उर्वरको का प्रयोग किया है जिससे उन्हें बेहतर परिणाम प्राप्त हुए है। उनके द्वारा पीसीएफको निर्देश दिया गया की शासन के मंशानुसार धान खरीद वर्ष 25-26 हेतु समस्त तैयारिया ससमय पूर्ण कर ली जाय।

# डीएम ने अवैध यूरिया बिक्री पर कसा शिकंजा

- तीन पर एफआईआर दर्ज, जांच जारी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



कालाबाजारी पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के शख्त रुख अपनाया है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जांच में खुलासा हुआ है कि संबंधित व्यक्तियों ने अपनी वास्तविक खेती की आवश्यकता से कई गुना अधिक यूरिया की खरीदारी की और उसे अवैध तरीके से ऊंचे दाम पर बेच दिया।

जिला कृषि अधिकारी की रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्राम हरदीडाली निवासी निजामुद्दीन पुत्र वकील ने जुलाई 2025 में 17 बार में कुल 35 बोरी नीम कोटेड यूरिया खरीदा है। जबकि तहसील नौतनवा के रिकार्ड के अनुसार उसके पास मात्र 1.410 हेक्टेयर खेत है।

इसी प्रकार सरफुद्दीन पुत्र शमशुद्दीन ने जुलाई माह में 13 बार में कुल 32 बोरी यूरिया खरीदा, जबकि उसने लिखित बयान में स्वीकार किया कि उसके पास खेत ही नहीं है। वहीं तीसरे आरोपी इरफान पुत्र हकीमुल्लाह ने 10 बार में कुल 25 बोरी यूरिया खरीदी। इरफान ने स्वीकार किया कि वह केवल दो एकड़ खेत बटाई पर जोतता है और अतिरिक्त यूरिया को 250 रुपये प्रति बोरी लाभ पर बेच दिया।

***कृषि विभाग कर रहा जांचः-*** इससे पहले जिलाधिकारी ने रोज की समीक्षा बैठक में उर्वरक खरीद की स्थिति की पड़ताल की थी। जून में 186 लोगों ने और जुलाई में 261 लोगों ने 01 एमटी से अधिक यूरिया खरीदा था। सर्वाधिक खरीद करने वालों की सूची की जांच के आदेश दिए गए थे। इसी क्रम में जांच कर कालाबाजारी का खेल उजागर हुआ। संदिग्ध खरीदारों की सूची कृषि मंत्री को भी भेजी गई है, जिनके निर्देश पर कृषि विभाग की टीम सीमावर्ती क्षेत्रों में भी जांच कर रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जांच अभियान जारी है। आगे और नाम सामने आते ही दोषियों पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सभी खरीदारों पर विशेष नजर रखी जा रही है ताकि भविष्य में इस तरह की कालाबाजारी न हो सके।

**यूरिया का अनधिकृत भंडारण व बिक्री गंभीर अपराध**

यूरिया एक अनुदानित व आवश्यक वस्तु है। इस कारण अनधिकृत भंडारण व बिक्री को कानूनन गंभीर अपराध माना गया है। जांच में पाया गया कि तीनों व्यक्तियों ने उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1995 और उर्वरक मूवमेंट ऑर्डर 1973 का उल्लंघन किया है। इसी आधार पर जिला कृषि अधिकारी ने थाना सोनौली में इनके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1995 की धारा 3/7, बीएनएस-2023 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।

# वादकारियों का हित सुनिश्चित करें, जिससे हमारी आप की गरिमा बनी रहे : प्रेमशंकर पाण्डेय

- रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेंदा का शपथ ग्रहण समारोह तहसील सभागार में सम्पन्न

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेंदा का शपथ ग्रहण समारोह तहसील सभागार में आज सोमवार को सकुशल सम्पन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी न्यायिक प्रेम शंकर पांडेय व विशिष्ट अतिथि बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी अशोक कुमार, रजिस्टार सुशील कुमार, चकबंदी अधिकारी अमरेश वर्मा रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी रहे जगदंबा यादव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में गांव की गरीब जनता न्याय के लिए आती है।बार व बेंच के आपसी सामंजस्य से वादकारियों को त्वरित न्याय दिलाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बाद कारियों का हित सुनिश्चित करें जिससे हमारी आप की गरिमा बनी रहे। इसी क्रम में बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का सबसे प्रबुद्ध वर्ग है समाज को एक नई दिशा देने में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम है। उक्त कार्यक्रम का संचालन डाक्टर मनीष चौबे ने किया।

अध्यक्ष जितेन्द्र सैनी, सतीश चंद दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेराज अहमद, संयुक्त सचिव विनोद शंकर दुबे, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ कार्यकारिणी स्वामी नाथ निषाद, रत्नेश कुमार उपाध्याय, राहुल साहनी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी के सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण किया। निसार अहमद, उपेन्द्र लाल श्रीवास्तव, इस दौरान अष्टभुजा वर्मा, रविंद्र नाथ उपाध्याय, परमात्मा सिंह, सरोज नरायण मिश्र, अनिल पासवान, वीरेंद्र तिवारी, अनिरुद्ध प्रसाद श्रीवास्तव, रामसेवक सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, राम लगन यादव, सुनील दुबे, नरेंद्र मणि,चिंतामणि, रामनारायन शुक्ल, अभिषेक अग्रहरि,कुलदीप अशफाक गोरख शर्मा हीरा पटेल,मनोहर मिश्र, संदीप श्रीवास्तव, सनत त्रिपाठी, उमाकांत विश्वकर्मा, संजय यादव, परशुराम यादव,सतीश द्विवेदी व राजेश त्रिपाठी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मुकदमे में देरी होने से परेशान युवक पेड़ पर चढ़ा, बोला- लगा लूंगा फांसी

- काफी मान मनौव्वल के बाद पेड़ से नीचे उतरा युवक



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुकदमे में देरी होने एवंअधिकारी के द्वारा प्रताड़ित होने से क्षुब्ध युवक ने तहसील परिसर में स्थित पीपल के पेड़ पर आज सोमवार की सुबह बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी न्यायालय के सामने फांसी लगाने के उद्देश्य से चढ़ गया था।

ऊपर से ही वह चकबंदी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर उसकी पंजीकृत वसीयत में जानबूझकर निर्णय करने में देरी को लेकर आरोप लगाने लगा। उसका शोर सुनकर मौके पर फरियादियों की भीड़ जुट गई। पेड़ पर से वह फांसी लगाने की बात कह कर शोर मचाने लगा। जिससे परिसर में अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर फरेंदा पुलिस पहुंच गई।

कोल्हुई थाना क्षेत्र के हरमंदिर कला निवासी संजय गौड़ काफी मान मनौव्वल के बाद पेड़ से नीचे उतरा। जहां बाद में उसे चकबंदी कार्यालय में बुलाया गया। वहां उसने उसने न्यायालय के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अपने मुकदमे में देरी करने को लेकर पूछने पर बेइज्जत करके भगा देने व अपमानित करने का आरोप लगाया।

साथ ही साथ धन उगाही का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसके नाम रजिस्टर्ड वसीयत है। उसके विपक्षी के पास कोई वैध कागजात नहीं है। उसे विपक्षी द्वारा न्यायालय में बेवजह मुकदमे में उलझाकर परेशान किया जा रहा है। करीब 19 वर्ष से मुकदमा लड़ रहा हूं। बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि आरोप निराधार है, फरियादी के साथ कोई अभद्रता नही की गई है।

# फैमिली आइडी कार्य में तेजी लाते हुए कराएं पूर्ण : मण्डलायुक्त

- मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्त रैकिंग के सापेक्ष मण्डलायुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा कर श्रेणी/रैकिंग में सुधार लाने का दिया निर्देश
- श्रम विभाग व स्वास्थ्य विभाग में खराब प्रगति पर अपर निदेशक स्वास्थ्य व उपायुक्त श्रम से स्पष्टीकरण तलब
- कानून व्यवस्था की समीक्षा कर पेट्रोलिंग व यातायात व्यवस्था में सुधार लाने का दिया निर्देश

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा के पश्चात मण्डल अनुश्रवण पुस्तिका में विकास कार्यो में प्राप्त रैकिंग/श्रेणी के अनुसार मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने आयुक्त कार्यालय सभागार में तीनो जनपदों के मण्डलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर बी0 व सी0 प्राप्त करने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए अगस्त माह की प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी मिर्जापुर पवन कुमार गंगवार, सोनभद्र बी0एन0 सिंह, भदोही शैलश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा, भदोही अभिमन्यु मांगलिक, सोनभद्र अशोक मीणा, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र जागृति अवस्थी, भदोही बालगोविन्द शुक्ल सहित सभी मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहें।

स्वास्थ्य विभाग व श्रम विभाग के विभिन्न योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न आने पर मण्डलायुक्त ने अपर निदेशक स्वास्थ्य व उपायुक्त श्रम से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए विभागीय योजनाओं में प्रगति लाते हुए श्रेणी में सुधार लाने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने नई सड़कों का निर्माण, फैमिली आईडी योजनामें तीनो जनपदो के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपेक्षित प्रगति लाते हुए रैकिंग में सुधार लाए। उन्होंने बी0 श्रेणी लाने वाले को ए श्रेणी लाने हेतु कहा कि अगस्त माह में अवशेष दिनों में अपने-अपने कार्यो में तेजी लाकर प्रगति लाए ताकि ए श्रेणी अथवा ए प्लस श्रेणी प्राप्त हो सकें। पशुपालन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक गौशालाओं में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाया जाए तथा गौशाला में रह रहे पशुओ को पौष्टिक आहार/हरा चारा दिया जाए प्रत्येक पशुओ का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से किया जाए। अपर निदेशक स्वास्थ्य को निर्देशित किया कि स्वंय गौशालाओं का निरीक्षण कर निगरानी सुनिश्चित करें। वृक्षारोपण की समीक्षा के दौरान अभी तक शत प्रतिशत जियो टैगिंग न करने वाले विभागो को निर्देशित करते हुए कहा कि उनका द्वारा किए गए वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष एक सप्ताह के अन्दर जियो टैगिंग शत प्रतिशत सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने जनपद/तहसील स्तर पर विभिन्न न्यायालयों 03 वर्ष से 05 वर्ष व 05 वर्ष से अधिक मुदकमों को प्राथमिकता पर निस्तारण पर बल देते हुए कहा कि धारा- 34 व धारा-24 का भी निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करें। बैठक में यूनीसेफ के प्रतिनिधियों के द्वारा आशाओ को घर-घर भ्रमण, बच्चों का टीकाकरण, सम्भव अभियान के तहत ई कवच पंजीकरण, एन0आर0सी0 सेंटर में भर्ती बच्चों की देखभाल आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। दवाओं की उपलब्धता व चिकित्सकों की उपस्थित, अस्पतालों में एक्स-रे, अल्ट्रासांउड सहित अन्य खराब संयत्रों का तत्काल मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया गया। प्राथमिक विद्यालयों में जनपद मिर्जापुर व भदोही में छात्रो की उपस्थिति में बी0 श्रेणी प्राप्त होने पर मण्डलायुक्त दोनो जपनदों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलो का निरीक्षण कर कम से कम 80 प्रतिशत से ऊपर की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने मण्डल के कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सबसे पहले मुकदमों में गवाहो की उपस्थिति, गैंगेस्टर एक्ट, महिला उत्पीड़न, गुण्डा एक्ट, दर्ज एफ0आई0आर0 के सापेक्ष कार्यवाही आदि के सम्बंध में बिन्दुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने क्षेत्रो में पेट्रोलिंग में बढ़ाए जाने तथा यातायात व्यवस्था में अपेक्षित सुधार लाने पर बल दिया।